

वाराणसी, गुरुवार, 10 नवम्बर, 2022

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर- चंबल के बीहड़ों में फिर सिर उठा रहे बागी

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 272, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

अंदर- सूर्यकुमार टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज तो रोहित की खराब फार्म बड़ी चिंता : गावस्कर



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


## गुजरात में कई दिग्गज नहीं लड़ेंगे चुनाव

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी सहित भूपेंद्र सिंह चुडासमा का चुनाव लड़ने से इनकार

**गांधीनगर।** गुजरात चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही चुनावी गहमागहमी और तेज हो गई है। भाजपा की ओर से धुआंधार प्रचार के बीच कई दिग्गजों ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। इनमें से एक नाम है पूर्व सीएम विजय रूपाणी का। रूपाणी ने युवाओं को मौका देने की बात कही है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा, मैंने सभी के सहयोग से पांच साल सीएम के रूप में काम किया। इन चुनावों में नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए। मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, मैंने वरिष्ठों को पत्र भेजकर दिल्ली को अवगत करा दिया है। हम चुने हुए उम्मीदवार को जिताने के लिए काम करेंगे। वहीं, गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने भी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा

**विधानसभा चुनाव**

**रूपाणी ने युवाओं को मौका देने की कही बात**

**वरिष्ठों को पत्र भेजकर दिल्ली मुख्यालय को अवगत कराया**

विधायक भूपेंद्र सिंह चुडासमा ने भी चुनाव लड़ने से इनकार किया है। चुडासमा ने कहा, मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इस संबंध में बता दिया है। मैंने तय किया है कि अन्य कार्यकताओं को अवसर मिलना चाहिए। मैं अब तक 9 बार चुनाव लड़ चुका हूं। मैं पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। इसके अलावा विधायक प्रदीप सिंह जडेजा भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। जडेजा ने कहा, मैं वटवा विधानसभा सीट का विधायक हूं। मुझे



पार्टी द्वारा चार बार विधायक और राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने का एक बड़ा अवसर दिया गया है। मैं स्वेच्छा से अगला विधानसभा चुनाव 2022 में नहीं लड़ना चाहता।

इन नेताओं ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा ऐसे वक्त पर की है जब भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (उएउ) की बैठक दिल्ली में हो रही है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ओपी माथुर के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल शामिल हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि इसमें गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश चुनाव को लेकर रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। भारतीय जनता पार्टी के मजबूत गढ़ गुजरात को कायम रखने के लिए अमित शाह ने अब मैदान संभाल लिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और शाह ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में गुजरात भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ अहम बैठक की। मंगलवार शाम को हुई यह बैठक करीब सात घंटे तक चली।

### रामपुर विधानसभा उपचुनाव पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर भारत निर्वाचन आयोग ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव पर रोक लगा दी है। आयोग ने उप चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई है। 10 नवंबर को उप चुनाव की अधिसूचना जारी होनी थी। रामपुर से पूर्व सपा विधायक मोहम्मद आजम खान को भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एमपी-एमएलए कोर्ट से तीन वर्ष की सजा होने के बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सीट रिक्त घोषित की थी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र रिक्त घोषित होने के बाद निर्वाचन आयोग ने उस पर उप चुनाव की घोषणा की। 10 नवंबर को उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर 17 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जाना प्रस्तावित था। रामपुर में उप चुनाव के लिए 5 दिसंबर को मतदान और 8 दिसंबर को मतगणना प्रस्तावित थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि मोहम्मद आजम खान बनाम भारत निर्वाचन आयोग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उप चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

## न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने ली चीफ जस्टिस की शपथ

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने आज भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया को दिए अपने पहले बयान में, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आम नागरिक की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने रजिस्ट्री और न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि ?मेरी बातों से ज्यादा मेरा काम बोलेगा।



भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। हम भारत के सभी नागरिकों की रक्षा करेंगे, चाहे वह टेक्नोलॉजी या रजिस्ट्री

**समारोह**

**मेरा काम बोलेगा, चीफ जस्टिस की शपथ लेने के बाद बोले धनंजय वाई चंद्रचूड़**

सुधारों, या न्यायिक सुधारों से जुड़े मामले में हो। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद, निजता का अधिकार जैसे अहम मुकदमों में फैसले देने वाली पीठ का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ देश में सबसे लंबे समय तक सीजेआई रहे न्यायमूर्ति वाई. वी. चंद्रचूड़ के बेटे हैं। उनके पिता 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक भारतीय न्यायपालिका के प्रधान रहे थे। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सात दशक से अधिक लंबे इतिहास में यह पहला मौका है जब एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बेटे इस पद पर आसीन हुए।






## मैनपुरी में राजभर ने उतारा प्रत्याशी

**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने ताल ठोंक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर (ओपी राजभर) ने बुधवार को सुभासपा प्रत्याशी का एलान किया। उन्होंने मैनपुरी उपचुनाव में रमाकांत कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। रमाकांत कश्यप इटावा के रहने वाले हैं। ओपी राजभर बुधवार को किशनी क्षेत्र के गांव खिदरपुर पहुंचे। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने उन्हें तलाक दिया जो उन्होंने कुबूल कर लिया है। शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव की लड़ाई सिर्फ वर्चस्व की लड़ाई है। आजम खां की विधानसभा की सदस्यता पर नियम के तहत कार्रवाई होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुभासपा आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन की मजबूती पर कार्य कर रही है। जिसके लिए सुभासपा ने सावधान यात्रा भी निकाली थी। पार्टी की मांग है कि अमीरों की तरह गरीबों के बच्चों को भी अच्छे स्तर की शिक्षा मिले। देश में एक संविधान होते हुए एक समान शिक्षा सभी को मिलनी चाहिए। राजनीति में हिस्सेदारी के लिए जातिगत जनगणना होना बेहद जरूरी है। ओपी राजभर ने कहा कि सुभासपा गरीब, शोषित और वंचित को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ती रहेगी। देश में समान शिक्षा का अधिकार और सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उनकी पार्टी लड़ाई लड़ती रहेगी।

### सपा-रालोद मिलकर लड़ेंगे रामपुर -मैनपुरी उपचुनाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सपा व राष्ट्रीय लोकदल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सपा ने इसकी घोषणा कर दी है। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और खतौली सीट पर रालोद का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा।इन सभी सीटों पर पांच दिसंबर को मतदान जबकि आठ दिसंबर को चुनाव परिणाम की घोषणा होगी।

## श्रावस्ती में भूकंप के झटकों से दरकी घर की फर्श

**श्रावस्ती।** नेपाल में आए भूकंप से तराई वाले श्रावस्ती में घर की फर्श दरक गई। यह झटका पहली बार मंगलवार रात 8.52 बजे व दूसरी बार रात 1.58 बजे महसूस किया गया। एक ही दिन में दो बार आए भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में ला दिया। रात को झटका महसूस करते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। नेपाल के कालूखेती में भूकंप का असर तराई वाले जिले श्रावस्ती में ज्यादा महसूस किया गया।

पहला झटका करीब 8.52 बजे आया, लेकिन इसकी तीव्रता कम थी। कुछ देर के झटकों के साथ ही लोगों ने राहत महसूस की। वहीं दूसरा झटका रात करीब 1.58 बजे आया। उस समय लोग गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक घर की खिड़की, दरवाजे व गेट आवाज करने लगे। कुछ घरों में फर्श से अजीब तरह की आवाजें आने लगी। इस आवाज व कंपन के कारण लगभग सभी लोग अपने घरों को छोड़ कर बाहर निकल आए। सभी दहशत में थे। इसी कारण काफी देर तक घरों के बाहर ही लोग घूमते रहे।

## केरल में राज्यपाल व सरकार के बीच जंग तेज

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और पिनराई विजयन सरकार के बीच चल रही जंग और भी तीखी होती जा रही है। अब राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के चांसलर पद से हटाने के लिए केरल सरकार अध्यादेश लाने की तैयारी में है। हालांकि, इस अध्यादेश से पहले राज्य सरकार विशेषज्ञों से सलाह लेगी। जानकारी के मुताबिक, राज्य कैबिनेट विश्ववद्यालयों के चांसलर पद से राज्यपाल को हटाने के बाद उनकी जगह किसी विशेषज्ञ को नियुक्त करने पर

**आमने-सामने**

**चांसलर के पद से हटाने के लिए अध्यादेश लाएगी सरकार**

**कुलपतियों का इस्तीफा मांगने के बाद बढ़ा विवाद, सरकार ने किया हाईकोर्ट का रुख**

विचार कर रही है। बता दें, इससे पहले ऐसा ही मामला पश्चिम बंगाल में सामने आया था, जब तत्कालीन राज्यपाल



जगदीप धनखड़ के खिलाफ ममता सरकार ऐसा ही अध्यादेश लाने वाली थी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि पार्टी की सिफारिश पर नियुक्त होते हैं, इसलिए एलडीएफ उन्हें नियंत्रित करती है। वे हर समय विश्वविद्यालयों के मामले में दखल दे रहे थे, जिससे मैं नाराज था। हस्तक्षेप विश्वविद्यालयों के विकास से संबंधित नहीं था। यह ज्यादातर विभिन्न पदों पर बैठे माकपा नेताओं के रिश्तेदारों के बारे में था। उनकी सारी दिलचस्पी नियुक्तियों में थी। पिनराई विजयन सरकार का यह कदम राज्यपाल द्वारा नौ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से इस्तीफा मांगने के बाद सामने आया है।

## राज्यसभा सांसद संजय राउत को मिली जमानत

**मुंबई।** शिवसेना नेता व राज्यसभा सांसद संजय राउत को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। राउत पात्रा चॉल भूमि



घोटाले के आरोप में लंबे समय से जेल में बंद हैं। रिहाई के आदेश मिलने के बाद राउत देर शाम जेल से बाहर आ गए। संजय राउत को जमानत मिलते ही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जमानत आदेश के अमल पर कुछ समय के लिए रोक लगाने की मांग की है, जिससे ईडी मुंबई की पीएमएलए अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील कर सके। इस मामले में पीएमएलए कोर्ट आज दोपहर तीन बजे अपना आदेश सुनाया और फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके बाद ईडी ने पात्रा चावल घोटाला मामले में संजय राउत को मिली जमानत को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एएसजी के हाई कोर्ट बेंच के समक्ष मामले का उल्लेख करने की संभावना है। एएसजी ने संजय राउत की जमानत का विरोध करने वाली उनकी अर्जी का जिक्र किया और उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने की मांग की।

## बाबरी विध्वंस मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला

**राहत**

**आडवाणी-जोशी व उमा को बरी करने के खिलाफ याचिका खारिज**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बुधवार को बड़ा निर्णय देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व उमा भारती सहित बाबरी विध्वंस मामले में आरोपी 32 नेताओं को बरी करने के खिलाफ दायर की गई याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और सरोज यादव की अध्यक्षता वाली पीठ ने अयोध्या के रहने वाले हाजी महमूद अहमद और सैयद अखलाक अहमद की याचिका खारिज कर दी। याचिका में बाबरी विध्वंस के आरोपी भाजपा के



वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, विनय कटियार, बृज मोहन शरण सिंह, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह और साध्वी ऋतंबरा सहित 32 नेताओं को अदालत द्वारा बरी किए जाने के निर्णय को चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार व सीबीआई ने कहा कि दोनों अपीलकर्ता मामले के न तो पीड़ित हैं और न ही प्रारंभिक शिकायतकर्ता हैं। ऐसे में उनकी याचिका को मान्यता नहीं दी जा सकती है। याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को बाबरी के ढ़ांचे को ध्वस्त कर दिया गया था। इस संबंध में 30 सितंबर 2020 को आए निर्णय में लखनऊ की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने न्यूज पेपर की कटिंग और वीडियो क्लिपिंक को सुबूत मानने से इनकार कर दिया था।

## नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

### ब्रिटेन की कोर्ट ने खारिज की भगोड़े की याचिका, 7000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में भगोड़े हीरा कारोबारी ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अपील की थी। उसकी तमाम दलीलों के बाद भी ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अदालत ने उसकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि नीरव का प्रत्यर्पण किसी भी नजरिए से अन्यायपूर्ण या दमनकारी नहीं होगा। । गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में वेस्टमिंस्टर जज ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश सुनाया था। हालांकि बाद में उसे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की मंजूरी दी गई थी।

भारत लंबे समय से नीरव मोदी को भारत लाने की कोशिशों में लगा है।

**कसा शिकंजा**

**विशेष पीएमएलए कोर्ट ने घोषित किया था आर्थिक अपराधी**

**ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी**

लेकिन ब्रिटेन की जेल में बंद नीरव मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहा है। ब्रिटेन में उसके वकीलों ने दलील दी थी भगोड़ा आर्थिक अपराधी डिप्रेशन का शिकार है। वह भारत की जेलों में आत्महत्या कर सकता है। ये तर्क देकर उन्होंने नीरव मोदी को भारत भेजने का विरोध किया था। हालांकि ब्रिटेन की अदालन ने पूरी सुनवाई के बाद उसकी याचिका खारिज



कर दी। इससे पहले मामले में सुनवाई के दौरान भी जस्टिस रॉबर्ट जे ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत के ब्रिटेन के साथ अच्छे संबंध हैं। ऐसे में ब्रिटेन को 1992 की भारत-ब्रिटेन प्रत्यर्पण संधि का सम्मान करना जरूरी है। इससे पहले विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा दिसंबर 2019 में भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के अनुसार नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। जिसके बाद वह लंदन भाग गया था। तीन साल पहले नीरव मोदी को ब्रिटेन की स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने 13 मार्च 2019 को लंदन से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह साउथ वेस्ट लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है। बता दें कि नीरव मोदी ने पीएनबी से करीब 7000 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। जिसके बाद वह विदेश भाग गया था। फिलहाल वह लंदन की एक जेल में है। भारत सरकार उसे वापस लाने की हर संभव कोशिश कर रही है। नीरव मोदी ने 2017 में अपनी कंपनी फायरस्टार डायमंड के जरिए प्रतिष्ठित रिदम हाउस बिल्डिंग खरीदी थी। उसका प्लान इसे हेरिटेज प्रॉपर्टी में बदलने का था। माना जाता है कि उसने ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी थी।




## संक्षेप

### इनामिया चढ़ा लोहता पुलिस के हत्थे



**लोहता।** कमिश्नरेट पुलिस थाना लोहता ने मंगलवार की रात मुखबिर की सूचना पर लोहरापुर अंडर पास के समीप से एक इंटर डिस्ट्रीक इनामिया अपराधी को दबोचा। जमा तलाश में उसके पास से तमंचा और नकदी 11 हजार बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया। लोहता थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राज कमल साहनी 25 वर्ष स्थानीय घमहापुर का रहने वाला है। इस के खिलाफ थाना लोहता,राजातालाब, मुगलसराय,अलीनगर में कुल 06 आपराधिक मुकदमें दर्ज है। जिसे गिरफ्तार किया है। तलासी लेने पर उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर,दो जिन्दा कारतूस,11 हजार रुपये बरामद कर के सम्बंधित धरा में जेल भेज दिया गया।

### अज्ञात लाश लहरतारा के युवक की थी, हत्या का आरोप



**रोहनिया।** जगतपुर में मंगलवार को मिले युवक के शव की शिनाख्त लहरतारा के मिसिरपुरा निवासी 23 साल के सिकन्दर के रूप में हुई। परिजनों ने शिनाख्त करते हुए हादसे में मौत से इनकार किया है। आरोप है कि शराब पार्टी के बाद उसके दोस्तों ने हत्या कर शव फेंक दिया। युवक के पिता उमाशंकर व अन्य परिजनों ने मंडुवाडीह थाने पहुंच कर शिनाख्त की। उनका आरोप है कि सिकंदर किसी सड़क दुर्घटना में नहीं मरा है बल्कि उसकी हत्या करके शव सड़क के किनारे फेंका गया था। वह अविवाहित था। सफाई का काम करता था। तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक सिकंदर सात नवंबर को सुबह आठ बजे काम के लिए साइकिल से घर से निकला। शाम तक घर नहीं वापस आया। परिजन खोजबीन करने लगे। उनका आरोप था कि मुढ़ैला के पास अपने मित्रों के साथ शराब पी और उसके मित्रों ने उसे यहां मार कर फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने दुकान को बनाया निशाना

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाने से चंद कदमो की दूरी पर चोरों ने दुकान में घुसकर नकदी सहित कुछ सामान पर हाथ साफ कर दिए। जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह थाने के पास रामकुमार की जनरल स्टोर्स की दुकान है। दुकान मालिक के अनुसार बुधवार की रात शटर व दीवाल में सेंध लगाकर चोर घुसे और गल्ले में रखे लगभग 40 हजार नगद और कुछ सामान उठा ले गए। रामकुमार जब सुबह दुकान खोले तब चोरी का पता चला।रामकुमार ने मंडुवाडीह थाने में सूचना दे दी है।

### थाने में तय हुई फरवरी में शादी

**मिर्जामुराद।** इश्क का बुखार परवान चढ़ने पर जब परिजन शादी के लिए रजामंद नही हुए तो मंगलवार की रात प्रेमी जोड़ा शादी रचाने मिर्जामुराद थाना आ धमका। इस बात की जानकारी होने पर वहां पहुंचे परिजन दोनों के परिजन शादी के लिए रजामंद हो गए, फरवरी में शादी की बात तय हुई। मिजार्मुराद थाना के खजुरी पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी युवक का तीन वर्ष पूर्व पढ़ाई के दौरान जंसा थाना क्षेत्र निवासिनी सजातीय युवती से प्यार हो गया। बालिग प्रेमी जोड़े के परिजनों को जानकारी हुई तो शादी से इंकार कर दिया गया।अंततः प्रेमीयुगल थाने आ गए। दोनों ओर से काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे बाद में दोनो पक्ष शादी के लिए तैयार हो गया डेट फरवरी में तय कर दी गयी है।

### बलुआ घाट पर मिला अधेड़ का शव

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के बलुआ घाट के पास बुधवार को एक अज्ञात 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। स्थानीय लोगों ने रामनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शास्त्री अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल और 4300 मिला। शव के पास शराब की बोतलें पड़ी थी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि मृतक कहीं दूर का है शराब का अधिक सेवन करने के बाद रात में वहीं पड़ा रह गया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी को जमानत

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने जमीन बैनामा करने के नाम पर साढ़े 62 लाख रुपये धोखाधड़ी कर हड़प लेने के मामले में दो आरोपियों खोजवां भेलूपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह व करौंदी,चितईपुर निवासी बृजेश कुमार सिंह की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव व नरेश यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी रमाकांत ने न्यायालय के माध्यम से लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बेखौफ चोर आए दिन किसी मकान को तो किसी वाहन को अपना निशाना बनाते हैं और फरार हो जाते हैं। ताजा मामला थाना क्षेत्र के शांति नगर कॉलोनी में देखने को मिला जहां के निवासी कपिल देव सिंह के घर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल जिसका नंबर ४स्र67८2850 को दिनदहाड़े चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित के तहरीर के आधार पर शिवपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चोरी हुई बाइक की तलाश शुरू कर दी ।

### शिवॉय क्लब की भारी जीत में ऋषभ चमके



**वाराणसी।** ऋषभ मिश्र (75 और तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन व सचिन (83) व मृत्युंजय (70) की जोरदार पारियों के चलते शिवॉय एसीए क्लब ने स्काई क्लब को 2021-22 बाबू तैलंग जिला क्रिकेट लीग में 254 रन की एकतरफा अंतर से पराजित कर पूरे अंक ले लिए। 35 ओवरों में शिवॉय ने छह विकेट पर 294 बनाए और स्काई क्लब को 36 पर ही ढेर कर दिया। विजेताओं को ऋषभ और सचिन पटेल ने पहले विकेट पर 150 रन की साझेदारी से जोरदार आगाज दिया। लेकिन तीन विकेट जल्द गिरने के बाद संजय व मृत्युंजय ने चौथे विकेट पर सौ रन जोड़कर दल को तीन सौ के करीब पहुंचा दिया। जवाब में स्काई क्लब के बल्लेबाज ऋषभ के अलावा पहले अभिषेक (तीन विकेट) व शिवमणि (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक चुके थे। उमेश कुमार पराजित टीम की ओर से अकेले दहाई में पहुंचे।

# जारी है शाइन सिटी का खेल

**हो जाएं अलर्ट**

**वाट्सएप पर अब भी हो रही स्कीम लांच**

**अलग प्राइवेट लिमिटेड बनाकर निवेशकों को ले रहा झांसे में**

**शाइन सिटी ने निवेशकों का 1025 करोड़ किया है गबन,पैसे अफ्रीका यूएई समेत अन्य देशों में किया निवेश**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** एक तरफ जहां शाइन सिटी के काले साम्राज्य पर पुलिस नकेल कस रही हैं वहीं इस कंपनी से जुड़े एजेंट मुख्य अभियुक्त की सरपरस्ती व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाकर और यूट्यूब पर लोगों को झांसा देकर निवेश कराने में जुटे हैं ताकि करोड़ो गबन कर सके।

मामले की जानकारी तब हुई शाइन सिटी प्रकरण की जांच कर रहे (विवेचक) ईओडब्ल्यू के निरीक्षक सुनील वर्मा ने इसके सिंडिकेट को खंगालना शुरु किया।

सुनील वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान उन्होंने पाया कि उक्त कम्पनी के अपराधियों व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर तथा यू-ट्यूब के माध्यम से कुछ शहरों में अभी भी नई स्कीमें लॉच की गयी है। ये स्कीम एयरपोर्ट कासियाना, राधामनी इन्फ्रा प्राइवेट लि० वाराणसी, रूकमनी नगर, रूकमनी बिहार द्वारा राधामनी इन्फ्रा प्राइवेट लि, न्यू कासियान, रुकमनी नगर चन्दौली, राधामनी इन्फ्रा प्राइवेट लि. के नाम से है और स्कीमों में गोरखपुर, वाराणसी और चन्दौली क्षेत्र के निवासियों द्वारा प्लाट लेने के उद्देश्य से पैसे निवेश किये भी किया जा रहा है। उन्होंने अगाह किया कि राधामनी इन्फ्रा प्राइवेट लि0 के नाम से लॉच की हुई सभी स्कीमें साइन सिटी ग्रुप ऑफ कम्पनीज की है। इन स्कीमों का उद्देश्य पैसे को हड़प कर देश के बाहर ले जाना है। ऐसे में उक्त कंपनी में निवेश करने से बचे नहीं तो लंबी चपत लग जायेगी।

**450 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं शाइन सिटी पर**

विभिन्न जिलों में 450 से अधिक मुकदमें इस कंपनी पर दर्ज है जिसकी विवेचना जारी है। विवेचना के दौरान ही प्रकाश में आया है कि कम्पनीज द्वारा लगभग 58 स्कीमें लॉच की गयी हैं जो जमीन, प्लाट, ज्वेलरी एवं गाड़ियों से सम्बन्धित हैं। उक्त स्कीमें लॉच कर कम्पनी द्वारा लगभग 1025 करोड़ रुपए का गबन किया गया है। एवं इस धनराशि को दक्षिण अफ्रीका, यूएई एवं अन्य देशों में अवैध रूप से ले जाया गया है।

**कंपनी के 56 लोग हो चुके हैं गिरफ्तार**

उक्त मुकदमों की विवेचना के मध्य 56 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फरार अभियुक्त राशिद नसीम के विरूद्ध यूएई सरकार से प्रत्यर्पण के सम्बन्ध में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन भारतीय दूतावास आबूधाबी के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

## पेट्रोल पम्प के सेल्समैन से ठगी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लालपुर क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प के सेल्समैन से छुट्टा लेने के बहाने झांसा देकर दस हजार रुपये कम देकर फरार बाइक सवारों के खिलाफ सेल्समैन ने लालपुर थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया। लालपुर मार्ग स्थित एक पैट्रोल पम्प पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार दो युवक पहुचे। वहां तैनात पैट्रोल पम्प कर्मी दीपू सिंह से तेल लेने के बजाय छुट्टा लेने के नाम पर दो-दो हजार के दस नोट देकर पांच पांच सौ के चालीस नोट ले लिया। वाहन चालक सेल्समैन को झांसा देते हुए फिर दस हजार के सौ-सौ के नोट की मांग करने लगे। सेल्समैन के असमर्थतता व्यक्त करने पर सभी ने मात्र दस हजार रुपये का नोट ही वापस किया व अन्य बाकी नोट लेकर चलते बने। बाद में नोट गिनने के बाद सेल्समैन को अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी हुई। मुकदमा दर्ज कर लालपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूपी कॉलेज में धर्मस्थल पर निर्माण के विरोध में प्रदर्शन

**तरना।** यूपी कालेज में एक धर्म स्थल पर निर्माण के विरोध में बुधवार को छात्रों ने गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर कॉलेज प्रशासन के साथ एडीसीपी वरुणा प्रबल प्रताप सिंह और शिवपुर पुलिस पहुंची। निर्माण कार्य रुकवाया। अंदर से निर्माण सामग्रियों को बाहर निकलवाया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने डीएम और पुलिस कमिश्नर के नाम से एक प्रार्थना पत्र लिखा है।

आरोप है कि भीतर एक धार्मिक स्थल है। यहां निर्माण कार्य विस्तार देकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। रात में ट्रक से निर्माण सामग्री मंगवायी गई। इसके पहले से भी सामग्रियां इकट्ठा की जा रही थीं। साजिशन निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास था। कई बार कालेज प्रशासन को भी सूचना दी गई थी। प्रदर्शन करने वालों में शिवम सिंह बाबू, अनिकेत सिंह, अमरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, सुधीर सिंह, विवेक कुमार सिंह, सूर्यप्रताप सिंह आदि थे।



प्रदर्शनकारियों को समझाती पुलिस

## उत्पीड़न के खिलाफ अवर अभियंताओं का धरना

**आंदोलन**

**सर्किट टू के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर नाराज अवर अभियंताओं ने की नारेबाजी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की वाराणसी शाखा के बैनर तले नगरीय विद्युत वितरण मंडल-द्वितीय सिगरा के अधीन आने वाले समस्त अवर अभियंताओं ने उत्पीड़न के खिलाफ अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर बुधवार को धरना दिया और नारेबाजी की।

सभा कर वक्ताओं ने कहा कि सर्किल के तहत आने वाले समस्त अवर अभियंताओं का पक्ष सुने बिना ही सीधे चेतावनी दंड दिया जाना न्याय संगत नहीं है। संगठन के नेताओं का आरोप था कि अधीक्षण अभियंता ने बिना उनका पक्ष सुने एकतरफा कार्रवाई की है। जबकि, अधिकांश अवर अभियंताओं ने कई नेवरपेड (एक भी बिल न जमा करनेवाले) उपभोक्ताओं से बिल जमा कराया है। यही नहीं कई उपभोक्ताओं की स्थायी विद्युत विछेदन (पीडी) किया गया। लेकिन, डिवीजन स्तर पर पीडी फाइनल नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि अवर अभियंता सदैव विभाग की बेहतरी के लिए दिन-रात कार्य करते हैं। लेकिन बदले में शाबासी मिलने के बजाय कार्यवाही कर दी जाती है। अध्यक्षता संजय भारती ने की। संचालन जिला सचिव प्रमोद कुमार ने किया। आंदोलन के दौरान ही संगठन और अधीक्षण अभियंता के बीच वार्ता हुई।

इस दौरान 15 नवम्बर तक सभी नेवरपेड उपभोक्ताओं से बिल वसूलने के आश्वासन पर कार्रवाई वापस लेने पर विचार किए जाने पर सहमति बनी है। धरना-प्रदर्शन में सत्येंद्र सुमन, लालब्रत, सर्वेश विश्वकर्मा, रवि चौरसिया, उपेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, गुलाब चंद प्रजापति आदि शामिल थे।

## फॉलोअप : संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**दारोगा गोली कांड**

**दरेखू के पास में दारोगा की लूटी हुई मोबाइल का लोकेशन**

**कलेक्ट किया जा रहा साक्ष्य, सीसीटीवी खंगाल रही एक टीम**

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के दरेखू गांव में लक्सा थाने के दरोगा अजय यादव पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। रोहनिया थाने पर दोनों से पूछताछ की जा रही है। आशंका के आधार पर पुलिस ने दोनों को उठाया है। दोनों युवकों से एसपी ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने गहन पूछताछ की। उधर घायल दरोगा अजय यादव को बुधवार को आईसीयू में ले जाया गया। वहां से वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

बुधवार को पुलिस कमिश्नर ने सहयोगियों के साथ राजातालाब और आसपास के क्षेत्रों के अलावा बुलेट शोरूम के आसपास छानबीन की।

इसी बुलेट शोरूम पर दरोगा अजय ने अपनी बाइक की मरम्मत कराई थी। इसके अलावा पुलिस टीमें राजातालाब से लगायत मंडुवाडीह और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही हैं।

पुलिस कमिश्नर और एडिशनल सीपी संतोष सिंह ने रोहनिया थाने पर पुलिस टीमों के साथ मीटिंग की और सभी टीमों को अलग-अलग टास्क दिया।

हालांकि पुलिस को अभी कितनी सफलता मिली है इसका खुलासा तो नही हो सका है लेकिन सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। उनके बारे में भी पता चल चुका है। घटना के बाद भागते समय के कुछ फुटेज भी मिले हैं। उधर, सर्विलांस टीम उनके लोकेशन लेने में जुटी है। अपराधी लगातार अपने ठिकाने बदल रहे हैं।

लक्सा थाने पर तैनात दरोगा अजय यादव जगतपुर में भवन निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान मंगलवार की शाम बाइक से पहुंचे तीन बदमाश उनसे उलझ गए।

दरोगा ने भी दो बदमाशों को पकड़ लिया था तभी एक बदमाश ने तीन गोलियां मारकर उन्हें घायल कर दिया। रोहनिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती दरोगा के शरीर से तीन गोलियां आपरेशन से निकाल दी गई है। सीटी स्कैन व अन्य रिपोर्ट नार्मल है।



सबूतों की तलाश में पुलिस ने की खोजबीन


**न्यायालय प्रथम अवर न्यायाधीश बक्सर**
**विविध वाद संख्या - 46/2018**
**अन्दर विविध वाद संख्या- 14 सन् 1997**
**नैमुद्दीन खाँ**
**बनाम**
**जैनूद्दीन खाँ वगैरह**

1. जैनूद्दीन खाँ
2. बदरूद्दीन खाँ
3. गयासूद्दीन खाँ
4. इनूस खाँ

वल्दान स्व0 अब्दुल हक खाँ

5. बीबी जैनूल जौजे हफीज खाँ सभी सा0 बारा, थाना-गहमर, जिला-गाजीपुर उत्तर प्रदेश। 6. बीबी बिशमिल्ला जौजे रियाजूल हक खाँ सा0 उसियाँ, थाना-दिलदारनगर, जिला-गाजीपुर उत्तर प्रदेश।

चूँ बजरिये गजट प्रकाशन आपको अगाह किया जाता है आपलोगों को उपस्थिति हेतु नजारत एवं पोस्ट आफिस द्वारा सम्मन भेजा जा चुका है इसके बावजूद आप मुकदमा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अत: बजरिये गजट प्रकाशन के आपलोगों सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 16.12.2022 को 10.30 बजे दिन में मेरे न्यायालय में अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर जो कुछ भी उजुर/एतराज करना है करे अन्यथा आपलोगों के खिलाफ मोकदमा में एकपक्षीय कारवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकिद समझे।

**सब जज प्रथम बक्सर।**


## अब मालगाड़ी का भी जान सकेंगे शेड्यूल

**पहल**

**पहली बार जारी किया जा रहा है टाइम टेबल**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** व्यापारी भी अब ट्रेन की तरह मालगाड़ी कहां चल रही है या कितने देरी से चल रही, इसकी जानकारी अपने मोबाइल फोन से कर पाएंगे। रेलवे ने इसके लिए बजट में 23.85 करोड़ रुपये का प्रवधान किया है। रेलवे ने सूचना प्रणाली (क्रिस) को साफ्टवेयर तैयार करने की कार्य सौंपा है।

**रेलवे ने पहली बार बनाया मालगाड़ी का टाइम टेबल**

भारतीय रेलवे ने पहली बार एक अक्टूबर से मालगाड़ी का टाइम टेबल बनाया है। इसके तहत मुरादाबाद मंडल में 12 मालगाड़ी का समय तय किया गया है। इन मालगाड़ी का नंबर 00 से शुरू होगा। जिसमें गाड़ी कब चलेगी, किस स्टेशन पर कितनी देर रुकेगी आदि की जानकारी होगी।

**मालगाड़ी की ट्रैकिंग के लिए रेलवे तैयार कर रहा सिस्टम**

ट्रेन कितनी देरी से चल रही है या कहां पहुंची है, इसकी जानकारी माल भेजने वालों को घर बैठे नहीं मिलती है। रेल प्रशासन ने मालगाड़ी की जानकारी माल भेजने वालों को उपलब्ध कराने की योजना तैयार किया है। ट्रेन की तर्ज पर मालगाड़ी के इंजन पर ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। यह सिस्टम रेलवे के मुख्य सर्वर से जुड़ा होगा।

**मोबाइल या कम्प्यूटर से व्यापारी कर सकेंगे जानकारी**

एप के द्वारा के द्वारा मालगाड़ी की जानकारी देने के लिए साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। साफ्टवेयर रेलवे के सर्वर से इंटरनेट के जरिए जुड़ा होगा। उसके बाद कोई भी व्यक्ति मालगाड़ी का नंबर डाल कर मोबाइल या कंप्यूटर पर जानकारी प्राप्त कर सकेगा।

सामान्य मालगाड़ी का नंबर अलग होता है, उसका भी नंबर डाल कर व्यापारी इस एप से जानकारी कर सकेगा। जिससे व्यापारी को यह पता चल जाएगा कि मालगाड़ी कहां पहुंची है, किस स्टेशन पर खड़ी है, कब तक गंतव्य तक पहुंचेगी। इसकी जानकारी मिल पाएगा।

**रेलवे ने बजट में किया प्रावधान**

रेलवे ने पिंक बुक में साफ्टवेयर बनाने के लिए 23.85 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। साफ्टवेयर तैयार करने का काम क्रिस को सौंप गया है। जुलाई 2023 साफ्टवेयर तैयार करने का लक्ष्य है, अगले वर्ष के टाइम टेबल लागू होते व्यापारियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

## एनआरएलएम का नौ दिनी प्रशिक्षण

**वाराणसी।** परमानंदपुर में स्थित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में चल रहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का नौ दिनी ट्रेनिंग प्रोग्राम बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी बांटे गये। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने आयोजन में आराजी लाइन ब्लॉक के चयनित लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसके तहत फ्लिप चार्ट, समूह गीत, सामुदायिक खेल, प्रोजेक्टर प्रस्तुतिकरण, रोल प्ले के जरिये जानकारी दी गयी। प्रतिभागियों को गरीब कौन, गरीबी के कारण, सामाजिक मानचित्रण, सहभागिता आदि के बारे में बताया गया। उन्हें चोलापुर विकास खंड के महमूदपुर गांव का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, सत्र प्रभारी सुरेश तिवारी, ट्रेनर निर्मल, हरिओम, सुरेश पांडेय, सरोजा देवी एवं लीलावती आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।


## कार्यालय नगर पंचायत सैदपुर, जनपद-गाजीपुर (उ0 प्र0)

संख्या-341/न0पं0सै0-ई-निविदा/2022-23 दिनांक : 09.11.2022

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत सैदपुर के द्वारा स्थानीय निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप कार्य करने वाले निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1- कार्य से संबंधित विवरण निम्नवत है -

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (इएमडी) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी0- ई-टेण्डरिंग शुल्क सहित (यदि आवश्यक हो) (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डम्पिंग यार्ड में 3HP सबमर्सिबल पम्प का अधिष्ठापन। | 5.24 | 52400.00 | 1618.00 (524+94GST+1000) | 1 माह | 15 वाँ वि0 आ0 |
| 2 | वार्ड नं0-6 में 5HP सबमर्सिबल पम्प का अधिष्ठापन एवं पम्प हाउस का निर्माण। | 9.09 | 90900.00 | 1973.00 (1242+223GST+1000) | 1 माह | 15 वाँ वि0 आ0 |
| 3 | कोल्हुआघाट, रंगमहल घाट, रामघाट व संगत घाट स्थित नालों के बॉयोरेमेडिएशन का कार्य। | 20.19 | 40380.00 | 2882.00 (2019+363GST+500) | 273 दिन | 15 वाँ वि0 आ0 |
| 4 | पक्का घाट, बुढ़ेमहादेव, कोट घाट व महावीर घाट नालों के बॉयोरेमेडिएशन का कार्य। | 20.81 | 41620.00 | 2956.00 (2081+375GST+500) | 273 दिन | 15 वाँ वि0 आ0 |
| 5 | नगर पंचायत सैदपुर गाजीपुर में अन्त्येष्टि स्थल (मसान घाट) का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 28.52 | 285200.00 | 4365.00 (2852+513GST+1000) | 1 माह | अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना |

2- वेब साइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि : 10.11.2022

3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय: 30.11.2022 को शाम 06,00 बजे।

4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 01.12.2022 को अपरान्ह 11:00 बजे।

5- निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय की वेब साइट https://npsaidpur.in तथा ई-टेण्डरिंग की वेब साइट https://etender.up.in पर लॉग न करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

**(आशुतोष कुमार त्रिपाठी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैदपुर,
गाजीपुर

**(सरिता सोनकर)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैदपुर,
गाजीपुर


## वारंटी गिरफ्तार भेजा जेल

**जंसा।** जंसा पुलिस ने बुधवार को एक वारंटी पकड़ा। उसकी पहचान बरनी डीह गांव निवासी नीरज कुमार पांडे उर्फ रिंटू के तौर पर हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अलंगू यादव, कांस्टेबल मुकेश कुमार और राजू सोनकर शामिल रहे।


जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 4254680 का मार्कशीट खो गया है। शुभम कुमार प्रजापति पुत्र राजकुमार प्रजापति निवासी A28/71C, चन्दुपुरा, वाराणसी।

मेरा सीबीएसई द्वारा जारी मुख्य माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 23286815 का मूल प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। सोनाली कुमारी पुत्री संतोष कुमार, गायत्री नगर कालोनी, वाराणसी, मो0-9708587434


# जब लोग खुद तोड़ने लगे अपना घर


**देखा अतिक्रमण हटाओ दस्ता**

**पीडब्ल्यूडी ने डेढ़ किलोमीटर तक की कार्रवाई, अतिक्रमण किए ध्वस्त**

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को अतिक्रमण हटाओ दस्ता लहरतारा क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा। अतिक्रमण हटाओ दस्ते को देख लोग खुद अपना आशियाना तोड़ने लगे। मौके पर मौजूद अधिकारियों से अतिक्रमण की जद में आए मकान को खाली करने का समय मांगने लगे।

बुधवार को दोपहर में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र सिंह, अमीन प्रोजेश चौबे, राकेश और अरुण कुमार पुलिस बल और बुल्डोजर लेकर लहरतारा-मंडुवाडीह मार्ग पर पहुंचें। जहां पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार लाल निशान लगाए गए स्थान से अतिक्रमण हटाने लगे। इस दौरान स्थानीय लोग पुलिस बल व जेसीबी को देखकर अपनी अतिक्रमित जमीन मकान को खाली करने के लिए खुद तोड़ने लगे।





अपना घर तोड़ते कब्जा करने वाले लोग

दस्ता शिवदासपुर तक पहुंचकर लोगों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की हिदायत देकर वापस लौट गया। जिसके बाद लोग अतिक्रमण खुद तोड़ते नजर आए।

अधिकारियों की मानें तो बुधवार को उक्त मार्ग पर लगभग डेढ़ किलोमीटर तक अभियान चलाया गया। जिसमें अतिक्रमण किए गए बरजे, चबूतरे और बाउंडरी को हटवाया गया। जिसके बाद अन्य को चार दिनों का समय देकर टीम लौट आई।



# वाराणसी



## मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी कल से

**प्रेसवार्ता**

**सीएम योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल करेंगे उद्घाटन**

**वाराणसी।** काशी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी 11 से 17 नवंबर तक सिगरा स्थित रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में लगेगी। इसमें मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर आधारित 55 चित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी रोजाना पूर्वाह्न नौ बजे से शाम पांच बजे तक आमजन के लिए खुलेगी।

सर्किट हाउस में बुधवार को मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि भारत के विख्यात चित्रकार अकबर साहब अब दुबई में रहते हैं। उन्होंने गुजरात के एक छोटे शहर में चाय बेचने वाले एक युवा लड़के से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व नेता बनने तक के सफर को कैनवास पर खूबसूरती से उकेरा है। इन पेंटिंग की खासियत ये हैं कि इनमें जीएसटी, विमुद्रीकरण और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रमुख नीतिगत फैसलों को भी



जगह दी गयी है। इन चित्रों में नरेंद्र मोदी के सामने आने वाली चुनौतियों और उनकी उपलब्धियों को भी बखूबी दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 11 नवम्बर को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, मीडिया प्रभारी नवरतन राठी आदि थे।

## जनसंदेश टाइम्स का वेबसाइट किया गया लांच...

**आगाज**

**डिजिटल की दुनिया में जनसंदेश का बढ़ता एक और कदम**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** आज डिजिटल युग का दौर चल रहा है। इसमें खबरों का प्रवाह तेजी से बदलता जा रहा है। देखा जाय तो आज पूरी पत्रकारिता डिजिटल पर आधारित हो गई है। इसी संदर्भ में जनसंदेश परिवार ने डिजिटल की दुनिया में एक और कदम बढ़ाया है।

बुधवार को सायंकाल तेलियाबाग स्थित जनसंदेश टाइम्स कार्यालय के सभागार में जनसंदेश टाइम्स का वेबसाइट लांच किया गया। जनसंदेश टाइम्स परिवार से जुड़े लोगों ने दीप



दीप जलाकर लांचिंग का किया गया आगाज



फीता काटकर वेबसाइट की हुई लांचिंग



वेबसाइट के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ

प्रज्जवलित कर एवं फीता काट कर जनसंदेश टाइम्स का वेबसाइट लांच किया।

प्रारंभ में विघ्न विनायक श्रीगणेश के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात जनसंदेश टाइम्स के पूर्व निदेशक स्व. रितेश अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्हें याद करते हुए कहा गया कि आज स्व. रितेश अग्रवाल जी मौजूद होते तो सबसे ज्यादा खुशी उन्हें ही होती।

वे लगातार दिलोदिमाग से जनसंदेश टाइम्स के वेबसाइट के लिए जुड़े रहे। जब भी हम जनसंदेश टाइम्स के पोर्ट्रल से जुड़ेंगे तब हमें उनकी स्मृतियां तरोताजा दिखेंगी। यह हम सभी के लिए चुनौतियों से भरा हुआ है लेकिन निश्चित रूप से हम जीतेंगे।

क्योंकि डर के आगे जीत है। हम पल-पल लोगों को अपडेट करते रहेंगे। इस मौके पर डिस्पले भी किया। बताया कि इसमें तीन तरह की वेबसाइट है।

जिसमें पहला हिंदी वर्जन (इसमें सारी कैटेगरी है) दूसरा इंगलिश वर्जन व तीसरा पीडीएफ जो सिर्फ वेबसाइट पर अपलोड होगा। किसी को अगर पीडीएफ भेजनी है तो उसे लिंक से जुड़ना होगा।

अंत में दो मिनट मौन रख कर जनसंदेश टाइम्स के पूर्व निदेशक स्व. रितेश अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## डेंगू जांच के नाम पर ज्यादा दाम वसूल रहे निजी लैब

**मनमानी**

**वर्तमान में जिला अस्पताल व बीएचयू में निःशुल्क होती है डेंगू जांच**

**निजी अस्पताल कुछ खास लैब की जांच को ही देते हैं वरीयता**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जिले में तेजी से डेंगू पाव पसार रहा है ऐसे में हर मुहल्ले में इससे लोग प्रभावित होते दिख रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर सेजारी आंकड़ों पर गौर किया जाए तो आंकड़ा तीन सौ को छूने की ओर है। बावजूद इसके निजी लैब वाले डेंगू की जांच के नाम पर तीन से चार हजार रुपये तक वसूल रहें हैं।


डेंगू से परेशान, रैडम प्लेटलेट की समस्या इसके बाद निजी लैब की वसूली से परेशान लोगों में डेंगू के नाम से ही दहशत है। निजी लैब की जांच के बाद भी उसे लखनऊ भेजकर जांच का नाम दिया जा रहा है।

### डेंगू की रोकथाम को हेल्पलाइन नंबर जारी

डेंगू के नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्प लाइन नंबर जारी किया गय है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.संदीप चौधरी ने बताया कि काशी इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर (केआईसीसीसी) की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 0542-2720005 जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय पाण्डेयपुर के नंबर 8700481231, एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय के नंबर 7460850285 और आईएमएस बीएचयू के टेली मेडिसिन सेवा के नंबर 0542-2368029 व 9450533348 पर संपर्क किया जा सकता है। इस नंबर के जरिए डेंगू एवं वायरल बुखार संबंधी उपचार के बारे में चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही जिले के सभी शहरी 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और ब्लॉक स्तरीय समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू के निःशुल्क जांच और उपचार व्यवस्था मौजूद है।

### 16 सौ रुपये में होती है जांच

निजी लैब की ओर से डेंगू जांच के लिए 16 सौ रुपये तय किया गया है। लेकिन डेंगू की दहशत के चलते लोग सबसे पहले डेंगू की ही जांच करा रहे हैं। बुखार आने पर चिकित्सक की ओर से डेंगू जांच की बात कही जा रही है। जिसका फायदा निजी लैब वाले उठा रहे हैं।





### बुधवार को मिले चार मरीज

डेंगू के मरीजों की संख्या में बुधवार को चार मरीजों का नाम स्वास्थ्य विभाग ने जोड़ लिया, इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब जिले में डेंगू की कुल संख्या 279 हो गयी है।

### डेंगू की रोकथाम को सर्विलान्स टीम गठित

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निदेर्शानुसार डेंगू वाहक मच्छरों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सर्विलान्स टीमों का गठन किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में 110 सर्विलान्स टीमें बनाई गईं जिसमें शहर के लिए 42 और ग्रामीण के लिए 68 टीमें तैयार की गईं हैं । यह टीमें डेंगू प्रभावित क्षेत्रों (हॉट स्पॉट) में घर-घर जाकर लार्वा स्रोत विनष्टीकरण का कार्य करेंगी।

### सीएमओ की अपील

सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील किया है कि घर या आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई और स्वच्छता का खास ख्याल रखें । डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित वायरल फीवर से बचाव के लिए सभी सावधानियों का विशेष ध्यान रख।

## डेंगू को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

**लगाए आरोप**

**आक्रोशित कांग्रेसजनों ने दुर्गाकुंड स्थित सीएमओ कार्यालय का किया घेराव**

**कहा, यूपी के सरकारी अस्पतालों में न पर्याप्त बेड और न ही उचित उपचार**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद में डेंगू के बढ़ रहे प्रकोप और लगातार मिल रहे डेंगू के मामलों पर कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि में इस समस्या के प्रति स्वास्थ्य विभाग घोर उदासीनता बरत रहा है। प्रकरण को लेकर बुधवार को पार्टी की जिला व महानगर कमेटी ने दुर्गाकुंड स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय का घेराव किया। साथ ही शासन व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। अंत में उन्होंने समस्या के समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में यह आयोजन था। पार्टी वर्कर जुलूस की शक्ल में सीएमओ दफ्तर पहुंचे। इस मौके पर श्री राय ने आरोप लगाया कि डेंगू से जनता को बचाने के लिए सरकार की कोई तैयारी नहीं है।

सूबे के सरकारी अस्पतालों में न तो पर्याप्त बेड हैं और न ही मुक्कम्मल इलाज किया जा रहा है। इस रोग की स्थिति इतनी भयावह कै कि जिलों के आंकड़ों को छुपाया जा रहा है। राज्य में डेंगू बुखार को लेकर दहशत का आलम है। सरकारी चिकित्सालयों में इस बीमारी के मरीजों की लंबी कतार दिख रही है। डेंगू के उपचार के नाम पर निजी अस्पतालों में लूट मची हुई है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि यूपी में चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है। बाबातपुर हवाईअड्डे पर कार्यरत अफसर की मौत डेंगू से गयी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में डेंगू से इसे पहली मौत माना जा रहा है, जो सच नहीं है। कांग्रेसजनों ने चेताया कि यदि स्वास्थ्य सेवा में जल्द सुधार नहीं हुआ तो पूर्वांचल में जनआंदोलन होगा। घेराव करने वालों में अनिल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, प्रजानाथ शर्मा, डॉ. प्रमोद पांडेय, दुर्गा प्रसाद गुप्त, सीताराम केशरी, कमलेश ओझा, फसाहत हुसैन बाबू, मेहंदी हसन कब्बन समेत तमाम लोग रहे।

### नगर आयुक्त कराएं फॉगिंग

जिला युवा कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष विजय उपाध्याय ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शहरी इलाके में पर्याप्त फॉगिंग व दवा का छिड़काव कराने, गरीब तबके के लिए मुफ्त मच्छरदानी और दवाओं आदि का प्रबंध करने की मांग की है। श्री उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बावजूद उससे बचाव के लिए उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री कल लेंगे प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 11 नवंबर को वाराणसी आएंगे। प्रोटोकाल विभाग के अनुसार वह आगामी शुक्रवार को लखनऊ से शाम 4.55 बजे बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचेंगे। उसके बाद 5.20 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम, नगर आयुक्त, सीएमओ सहित संक्रामक रोगों की रोकथाम में लगाए गये अफसरों व सरकारी अस्पतालों के अधीक्षकों के साथ बैठक करेंगे। मीटिंग के बाद श्री पाठक अत्यधिक संक्रमण से ग्रसित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद डिप्टी सीएम पूर्वाह्न दस बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से मुरादाबाद रवाना हो जाएंगे।

## धूमिल जी का रोज हम सब करें स्मरण

**बोले डा. दयाशंकर मिश्र**

**गांव की माटी की सुगंध को प्रेरणादायी बनाने का कार्य किया धूमिल ने**

**जंसा।** धूमिल लोकतंत्र के बदलते समय के सजग प्रहरी रहे। उन्होंने अपनी कविताओं से एक दूसरे प्रजातन्त्र की तलाश में अपनी कविता को आम जन की आवाज में प्रकट किया। धूमिल ऐसे पहले कवि हैं जिन्होंने हिंदी में अपने नए मुहावरे गढ़े हैं। हिंदी साहित्य के क्रम में कबीर-निराला, मुक्तिबोध और धूमिल को रखा जा सकता है।

उक्त विचार 86 वीं धूमिल जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग काशी विद्यापीठ ने व्यक्त किये। धूमिल समाज मे शोषण के विरोध में कविताएं लिखकर प्रेरणा पुरुष बन गए।आयुष एवम खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि



धूमिल के चित्र पर माल्यार्पण करते दयाशंकर मिश्र दयालु

जनचेतना और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले कवि धूमिल को आगे बढ़ाने का दायित्व जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन की है। इनके गौरव ,सम्मान के लिए गांव की मिट्टी से सनी असली लोकतंत्र की आजादी धूमिल को याद करने के लिए एक दिन नहीं हर पर्व पर गोष्ठियों के जरिये याद किये जाने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि योगेंद्र नारायण शर्मा ने कहा कि गांव की असली संस्कृति धूमिल की कविताओं में दिखती है। धूमिल का काल विचार के संघर्षो का काल था। मुख्य वक्ता प्रो. गोरख पांडेय हिंदी विभाग उदय प्रताप कालेज ने कहा कि आम आदमी की आवाज को पहचाने की क्षमता धूमिल की कविता में दिखती है। इस मौके पर प्रो रामप्रकाश कुशवाहा पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय बलिया, कवि शैलेन्द्र सिंह, गणेश प्रसाद सिंह ,दीपक शर्मा,केशव शरण, विपिन कुमार सिंह,डॉ0 चंचल सिंह,डॉ0 प्रभाकर सिंह, डॉ आर के सिंह ,कमलेश वर्मा ने कविता पाठ किया।

### नाम था धूमिल मगर कविता के सूर्य थे

उधर, पूर्वांचल साहित्यकार कलाकार संघ की ओर से जनकवि सुदामा पांडेय धूमिल की जयंती पर परेड कोठी सुभाष नगर में साहित्यसेवी तिलकराज कपूर के आवास पर संघ के अध्यक्ष कुमार हेमंत की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी हुई। जिसमें धूमिल को समर्पित कविता पढ़ी गई- नाम था धूमिल मगर कविता के सूर्य थे। परिक्षेत्र धूमिल अंक के संपादक अजीत श्रीवास्तव ने पढ़ा- जेकर राम न बिगड़िहे ्केर कोई ना बिगाड़ी। चिन्मय चटर्जी ने पढ़ा- आन है, बान है, शान है धूमिल। गोष्ठी में झरना मुखर्जी, ड७ा. सुभाष चन्द्र, अलकबीर, सीताराम अंजान, सुषमा जौनपुरी, ड७ा. केपी प्रकाश, चितिंत बनारसी ने काव्य पाठ किया।

## 'मैं जिंदा हूं' बताने को लगी होड़

**जीवित प्रमाण-पत्र**

**कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में पेंशनरों की उमड़ी भीड़**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** 'मैं जिंदा हूं' बताने और साबित करने के लिए पेंशनरों में इन दिनों होड़ लगी है। चालू माह में पेंशनरों को जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार में जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद ही उनके पेंशन निरंतर मिलते रहेंगे।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में पेंशनरों की ऐसी भीड़ उमड़ी कि पूछिए मत। एक-एक काउंटर पर कई-कई विभाग के पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र जमा किये जा रहे थे। जगह का अभाव होने के कारण वहां पर इस कदर भीड़ उमड़ी थी कि काफी बुजुर्ग और बीमार पेंशनरों को दुश्वारियों का भी सामना करना पड़ रहा था। कई बुजुर्ग पेंशनरों ने बताया कि फार्म भरने के बाद काउंटर पर पहुंचने पर पता चलता था कि काउंटर साइन भी कराना है। ऐसे में काउंटर साइन कराने के बाद पुनः विंडों पर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। कई बुजुर्ग पेंशनर तो काफी परेशान भी नजर आए।

हालात यह थे कि तमाम बुजुर्ग पेंशन चलने में भी अमसर्थ थे। इसलिए आटो या ई-रिक्शा अथवा परिवार के सदस्य के साथ दो पहिया वाहन पर सवार होकर किसी तरह कोषागार तक पहुंच रहे थे। हेल्प डेस्क की व्यवस्था न होने से बुजुर्ग पेंशनरों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई बुजुर्गों ने बताया कि डिजिटल युग में यह कार्य तो वर्चुअली भी किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि वह कोई ऐसी सुविधा प्रदान करें ताकि अशक्त पेंशनरों को कोषागार तक आने की दुश्वारियों न झेलनी पड़े। सरकार यदि ऐसी व्यवस्था कर देती है तो उनका काम आसान हो जाएगा।

### अनियमितता मिलने पर ड्रग लाइसेंस निरस्त

**वाराणसी।** औषधि निरीक्षक वाराणसी संजय दत्त की ओर से ककरमत्ता क्षेत्र में स्थित मेसर्स ओपल मेडिसीनर्स में तमाम अनियमिता पाये जाने के चलते दुकान का ड्रग लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर अमित कुमार बंसल की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार ककरमत्ता क्षेत्र में स्थित उक्त दुकान पर 28 सितम्बर को जांच की कार्रवाई की गयी थी। जिसमें दवाओं के क भंडारण के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में अनियमिता पायी गयी थी। इसके संदर्भ में उक्त दुकानदार से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसके एवज मिला स्पष्टीकरण में उन अनियमिताओं का उल्लेख नहीं किया गया, इस कारण उपरोक्त दुकान के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है।

### किसानों को न हो कोई समस्या : डीएम



**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने बुधवार को काशी विद्यापीठ ब्लॉक क्षेत्र के धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र प्रभारी कविता शुक्ला को किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती से उन्होंने जिले के धान खरीद केंद्रों व राइस मिलों की जानकारी ली। श्री भारती ने बताया कि जनपद में 38 धान खरीद केंद्र और चार राइस मिलें क्रियाशील हैं। पूछे जाने पर उन्हों ने कहा कि किसानों का भुगतान बकाया नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि क्रय केंद्र पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने शहंशाहपुर स्थित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भी मुआयना किया।

## गंदगी देखनी हो तो कलेक्ट्रेट में आइए

**औचक मुआयना**

**नवागत डीएम एस. राजलिंगम ने अपने ही परिसर के हाल पर जतायी सख्त नाराजगी**

**प्रांगण के कई अनुभागों का लिया जायजा, कई स्टाफ थे गैरहाजिर, कार्रवाई के निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद में सफाई का ढिंढोरा पिट रहा है, अफसर इसे लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं और कलेक्ट्रेट परिसर ही इस मुहिम को ठेंगा दिखा रहा है। यहां के कई अनुभाग अनदेखी के शिकार हैं। परिसर में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता। कई जगह गंदगी है। कहीं फाइलों पर धूल जमी हुई है तो कहीं कुर्सियां टूटी पड़ी हैं। कई कर्मचारी जर्जर कुर्सियों पर बैठकर काम कर रहे हैं। कुछ स्टाफ मनमाने ढंग से आवाजाही कर रहे हैं। नवागत जिलाधिकारी एस. राजलिंगम बुधवार को कलेक्ट्रेट के औचक मुआयने पर निकले तो यह हाल देखा। इस दौरान गैरहाजिर पाए



नवागत जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर का गहन निरीक्षण किया

गये कई कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन कराने को कहा।

डीएम ने पूर्वाह्न करीब दस बजे कलेक्ट्रेट का निरीक्षण आरंभ किया। कलेक्टर कार्यालय में गंदगी देख नाराजगी जतायी। मौके पर नाजिर से सफाई के बारे में कई सवाल दागे। नाजिर के पास उन प्रश्नों का उत्तर नहीं था। नजारत के रिकार्ड रूम का मुआयना करते हुए ईआरके से बस्तों पर जमी धूल का कारण पूछा। तीस साल पुराने रिकॉर्डस का डिस्पोजल या बीड आउट कराने के निर्देश दिये। उनकी नजर बरामदे में पड़ी टूटी कुर्सी व लकड़ी देखकर रोष व्यक्त किया। रिकॉर्ड्स के बेहतर रख-रखाव का प्लान बनाने के लिए उन्होंने एडीएम फाइनेंस को निर्देश दिया।

मुआयने के दौरान टूटी कुर्सी पर बैठकर काम करते कर्मचारी से उन्होंने कहा कि ऐसे चेयर पर बैठकर काम करने से आपके आचार-विचार भी वैसे ही होंगे, यह अच्छी बात नहीं है। इसका ध्यान रखें। डिप्टी कलेक्टर राजस्व कार्यालय में पेशकार गैरहाजिर मिला। इसी प्रकार सीआरए सेक्शन में काशीनाथ, आशा अफजल, उमेश, प्रणय भट्टाचार्य, बेचू व नेहा बहादुर, बिल क्लर्क दिनेश व आनंद तिवारी अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी ने इन सभी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कई अन्य कार्यालयों का भी जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये।


परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
एम्बुलेन्स एवं इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. विनोद कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
एफ.ए.आई.एस., एफ.आई.सी.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in e-mail : vinod_sarthak21@rediffmail.com



रिटेल डायरेक्ट्री

B.Ed. सत्र 2022-23
में प्रवेश लेने हेतु उ. प्र. का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज
30 सितम्बर से हो रही काउंसलिंग के लिए कॉलेज में सम्पर्क करें

| बी.एड. काउंसलिंग कोड | | |
|---|---|---|
| SV 2673 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SV 2674 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SP 2982 | के.एस.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मरदापुर, दौलतनगर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2983 | के. एस. वी. संस्थान, हरमुजपुर, बक्सुपुर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2999 | कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, मरदापुर, दौलतनगर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 3000 | कृष्ण सुदामा संस्थान, मरदापुर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |

कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित कोर्सेस
BAMS | D. PHARMA | ANM/GNM | NURSING | POLYTECHNIC | B.Ed. | D.El.E.D.
B.A.|B.Sc.|B.Com|B.C.A.|B.B.A.|M.A.|M.Sc.|M.Com|B.Lib|M.Lib|YOGA
7522803001, 7522803011, 7522803036, 7522803050, 7422803005, 9838186060
Website : www.ksgoi.in | Admission Link : https://ksgoi.in | scholar/userreg.phg

# कल से दो दिनी पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग सम्मेलन

आयोजन

**बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल आएंगे, सामुदायिक घाट करेंगे लोकार्पित**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण यानि आईडब्ल्यूएआई की ओर से आगामी 11 व 12 नवंबर को 'प्रधानमंत्री गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन' का आयोजन वाराणसी में होगा। बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में होने वाला यह कार्यक्रम जलमार्ग क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने समेत प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान के बारे में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करेगा। सम्मेलन में मंत्रालय के मंत्री सर्बानंद सोनोवाल उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री सोनोवाल गुरुवार की शाम 4.20 बजे नई दिल्ली से वाराणसी आएंगे। 11 को सम्मेलन आरंभ होने से पूर्व वह रविदास घाट पर एनडब्ल्यू-1 (गंगा नदी) पर सात सामुदायिक घाटों का उद्घाटन (7) आठ का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान और मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के विचार के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों और वस्तुओं की सुचारू यातायात के बारे में नजदीक और सुदूर स्थान तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार व लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है।

मंत्रालय ने गतिशक्ति एनएमपी के तहत लगभग 62 हजार 627 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 101 परियोजनाओं की पहचान की थी। इन परियोजनाओं को आगामी 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक एक हजार 913 करोड़ रुपये की लागत की उच्च प्रभाव वाली नौ परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य है। आईडब्ल्यूएआई अध्यक्ष संजय बंदोपाध्याय ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन केंद्र व राज्य सरकारों, उद्योग व थिंक टैंक के प्रमुख हितधारकों को राष्ट्रीय मास्टर प्लान को साझा करने और चर्चा करने के लिए एक नेटवर्किंग मंच प्रदान करेगा। इसमें संबंधित मंत्रालय व विभागों के आला अफसर, पत्तन प्राधिकरण, क्षेत्र के विशेषज्ञ और निजी क्षेत्रों के हितधारक हिस्सा लेंगे।

## नवंबर 28 और 27 को विद्यापीठ परिसर में ट्रायल

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में विश्वविद्यालय वॉलीबाल (पुरुष), बैडमिंटन (महिला-पुरुष), बॉक्सिंग (महिला-पुरुष) और क्रास कंट्री (महिला-पुरुष) टीम का चयन क्रमशः दिनांक 28 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे, 12 नवंबर को सुबह नौ बजे, 27 नवंबर को दोपहर तीन बजे और 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। जो क्रीडा परिषद् द्वारा काशी विद्यापीठ के पंडित जवाहर लाल नेहरू क्रीड़ा परिसर के वालीबाल कोर्ट पर आयोजित होगा। इसमें एनटीपीसी, गंगापुर परिसर और भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। विवि परिसर के संस्थागत छात्र अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता 2022-23 के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा के साथ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्र व प्रमाण पत्र, अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड और कोविड-19 के टीकाकरण की छाया प्रति, प्रोफार्मा के साथ संलग्न करते हुए चार पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उक्त तिथि पर उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी क्रीड़ा सचिव डॉ. मुकेश कुमार पंथ ने पत्र जारी कर दी है।

# गुरु ही अभिभावक व मार्गदर्शक : प्रो. नागेंद्र



**सारनाथ।** सनातन संस्कृति में विद्या व अविद्या का प्रावधान है। अविद्या लौकिक शिक्षा व विद्या आध्यात्मिक शिक्षा है। भौतिक व आध्यात्मिक शिक्षा से आधुनिक शिक्षा पद्धति का निर्माण होता है। इनके सामंजस्य से ही छात्र जीवन में हर समस्या को पार करते हुए अग्रसर होता है। इस प्रकार गुरु किसी भी छात्र का अविभावक, मार्गदर्शक व पथ प्रदर्शक होता है।

यह बातें महाबोधि इंटर कालेज के 89वें वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बुधवार को काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय ने कही। वहीं महाबोधि शिक्षा परिषद के अध्यक्ष राममोहन पाठक ने बताया कि भगवान बुद्ध के आष्टांगिक मार्ग को आत्मसात करने से हर प्रकार की समस्या व दुःख से छुटकारा मिल सकता है।

संचालन व स्वागत महाबोधि इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान बीएचयू के प्रो. विमलेंद्र कुमार, संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार और माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. हरेंद्र राय, प्रभाष कुमार झा आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सतर्कता जागरूकता वाकथॉन में निकाला जुलूस



**वाराणसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसके समापन दिवस पर पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय व मंडल कार्यालय सहित आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय पर सतर्कता जागरूकता वाकथॉन-2022 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें कार्यालय के सभी उच्च अधिकारी एवं अन्य अधिकारी व स्टाफ सदस्यों ने कैंटोनमेंट स्थित नेहरू पार्क से भारत संचार निगम चौराहे तक जुलूस निकाला। सप्ताह भर में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के बाद छह नवंबर को समापन कार्यक्रम के रूप में इस प्रभातफेरी का आयोजन हुआ। इस दौरान अंचल के अंचल प्रमुख अजय कुमार सिंह, उप अंचल प्रमुख आनंद कुमार राय, मंडल प्रमुख राजेश कुमार, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय प्रमुख बलिकरन यादव, के साथ बिमन कुमार, विनय कुमार, अमरजीत सिंह, प्रदीप झा, आदि शामिल हुए।

### प्रो. मैनेजर पांडेय की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**वाराणसी।** प्रो. मैनेजर पांडेय के अवसान से पूरा साहित्य संसार एक गहरे खालीपन से भर गया है। साहित्य के समाजशास्त्र, प्रतिरोध का साहित्य और भक्तिकालीन साहित्य की जनचेतना ये कुछ ऐसे सरोकार थे जिनसे उनके आलोचकीय व्यक्तित्त्व का धवल पक्ष प्रकट होता था। उक्त वक्तव्य काशी विद्यापीठ के प्रो. निरंजन सहाय ने हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषा की ओर से आयोजित उस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए की। सभा में विभिन्न वक्ताओं ने प्रो. पांडेय के रचनात्मक अवदान का विश्लेषण किया। इस अवसर पर पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार, शोध छात्रों में सौरभ त्रिपाठी व योगेश यादव आदि मौजूद रहे।

### बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की छूटी परीक्षा 15 को

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के बीए, बीएसी, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं द्वारा चयनित कौशल विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंट्रोडक्शन ऑफ हैंडलूम साइंस विषय की मिड टर्म परीक्षा 15 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय में पुनः आयोजित होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं जिनकी मिड टर्म परीक्षा छुटी हुई है उक्त तिथि व समय पर उपस्थिति होंगे। उक्त जानकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दी है।

### क्षेत्र में शिकायत के बाद भी फैली है दुर्व्यवस्था

**शिवपुर।** जहां एक तरफ शहर में डेंगू महामारी की तरह फैली हुई है, वहीं क्षेत्र के कादीपुर इंद्रपुर इलाकों में जो कहीं फागिंग नहीं हो रही। ना सफाई है न तो डेंगू की रोकथाम के लिए छिड़काव की कोई व्यवस्था है। क्षेत्र में गंदगी के संबंध में क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों को सूचना दी थी। जिसके बाद भी दवा का छिड़काव नहीं हो रहा, लोग अस्पतालों इलाज के लिए दौड़ रहे हैं। जो शारीरिक के साथ आर्थिक रूप से दोहरी मार झेल रहे हैं।

### वाल्व खराब होने से जलापूर्ति बाधित

**पिंडरा।** क्षेत्र के थाना रामपुर स्थित पेयजल नलकूप की खराबी दूर न होने से पांच हजार आबादी को पेयजल के लिए दो दिनों से तरसना पड़ रहा है। क्षेत्र के नलकूप से लगभग पांच हजार आबादी को जलापूर्ति होती है। लेकिन विगत दो दिनों से वाल्व (चाभी) में खराबी आने के कारण जलापूर्ति ठप हो गई। जिससे लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे निर्भर ग्रामीण दूर दराज से पानी लाने को विवश है। इस बाबत ऑपरेटर राजनारायण यादव ने बताया कि वाल्व खराब होने की सूचना विभाग को दे दी गई है।

### श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों की वेदना था बिरहा

**वाराणसी।** चिरईगांव ब्लाक के अंतर्गत रसूलगढ़ गांव में काशी महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय बिरहा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को दीपक सिंह का वाराणसी गायक रामाशीष पासवान (गाजीपुर) के बीच मुकाबला हुआ। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि गोवर्धन पूजा समिति के संस्थापक इंजीनियर गणेश प्रसाद यादव ने कहा कि बिरहा भगवान कृष्ण के समय में गोपियों ने भगवान के प्रति वेदना थी। तब से बिरहा की उत्पत्ति हुई है। कार्यक्रम संयोजक सतीशचंद्र यादव रहे जबकि अध्यक्षता गंगासागर कवि ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान विजय यादव, जीया लाल यादव, अनूप चौबे, हेमराज प्रसाद, पाखंडी यादव रामकेश सिंह ,रामबचन कवि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्वकल्याणार्थ रुद्रचंडी महायज्ञ 11 से

**चौबेपुर।** क्षेत्र के सोनबरसां गांव में आयोजित वैश्विक महामारी कोरोना काल में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए रूद्रचंडी महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा का शुभारंभ 11 नवम्बर से चलकर 19 नवम्बर को समापन प्रसाद वितरण के द्वारा किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पवन चौबे ने बताया कि 11नवम्बर से 19 नवम्बर तक अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महामंडलेश्वर न्याय वेदान्ताचार्य काशी आशुतोषानंद महाराज शिवपुराण पर व्याख्यान करेंगे।

### 'न जलाएं फसलों के अवशेष'

**दानगंज।** चोलापुर ब्लॉक के मुरली गांव में कृषि विभाग की ओर से बुधवार को किसानों के लिए पराली एवं फसल अवशेष प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर नमामि गंगे के प्रोजेक्ट हेड स्वामीशरण कुशवाहा ने वेस्ट डी-कंपोजर के प्रयोग का तराकी बताया। साथ ही उसका घोल बनाने का प्रदर्शन किया। एडीओ कृषि कैलाश मौर्य ने फसल अवशेष न जलाने की अपील की। कार्यक्रम में अजय कुमार यादव, सौरभ रघुवंशी, पवन यादव, बिजेंद्र कुमार जंगा, संदीप प्रजापति आदि भी थे।

### वेतन रोकने की दी चेतावनी

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के विकास कार्यों में फिसड्डी ग्राम पंचायत सचिवों को वर्तमान महीने का वेतन रोक दिये जाने की चेतावनी दी गयी है। बुधवार विकास खंड मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान बीडीओ सरिता गुप्ता ने यह तेवर दिखाए। इस मौके पर पीएम आवास योजना के अंतर्गत उकथी, जाल्हूपुर, पनिहरी व चुकहां गांवों का कार्य अधूरा पाया गया। जबकि तरयां, खरगीपुर आदि गांवों में अमृत सरोवरों की भी प्रगति निराशाजनक है। वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बेहद धीमी है। खंड विकास अधिकारी ने जिम्मेदार स्टाफ की जमकर क्लास ली। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव इस्लाम फरीदी, आशुतोष, अनिल, सीमा यादव आदि को अदऊरे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

### अतिक्रमण के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई, वसूला जुर्माना



**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें 11,200 रुपये जुर्माना राशि वसूली की गई। कार्रवाई के क्रम में सिगरा फल मंडी को व्यवस्थित कर अतिक्रमित सामान हटवाकर जुर्माना किया गया, कबीरचौरा में सड़क निर्माण का कार्य पर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध का निस्तारण और चंदुआ छित्तुपुर में मार्ग बंद करने के संबंध में दोनों पक्षों को जमीनी दस्तावेजों के साथ जांच के लिए नगर निगम राजस्व कार्यालय बुलाया गया। अभियान के दौरान मार्ग में प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैले इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर सभी को जुर्माना किया गया।

# अमन का पैगाम देने वाली भाषा है उर्दू : हबीबुल्लाह



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग में बुधवार को आलमी उर्दु दिवस मनाया गया। जहां आयोजित संगोष्ठी में उर्दु विभागाध्यक्ष डॉ. हबीबुल्लाह ने कहा कि उर्दु सिर्फ एक भाषा के रूप में नहीं है बल्कि यह एक संस्कार भी सिखाती है।

यह समाज में गुस्सा और नफरत नहीं बल्कि अमन का पैगाम देने वाली भाषा है। डॉक्टर सर मुहम्मद इकबाल का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी नज्मे तत्कालीन अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ समूचे हिंदुस्तान की आवाम को एक करने लिए काफी मददगार होती थी। इस अवसर पर उन्होंने मुहम्मद इकबाल की नज्में भी प्रस्तुत की।

धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नाहिद फातिमा ने दिया। इस दौरान प्रो. राकेश कुमार राम, डॉक्टर राकेश कुमार द्विवेदी, डॉक्टर अस्मिता तिवारी, डॉक्टर विश्वमौली, डॉक्टर नीलम सिंह, डॉक्टर संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधानसभाओं में वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण शुरू

उद्घाटन

**आठ दिसंबर तक चलेगा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम**

जनसंदेश न्यूज



एडीएम सिटी गुलाब चंद ने वोटर लिस्ट के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रण का शुभारंभ करते हुए शपथ भी दिलायी

**वाराणसी।** विधानसभाओं की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम बुधवार को आरंभ हुआ। चेतगंज क्षेत्र स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज में इसका उद्घाटन एडीएम सिटी गुलाब चंद्र ने किया। इस अवसर पर शपथ भी दिलायी गयी। दूसरी ओर, विभिन्न विधानसभा इलाकों के एक-एक स्थान पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इस अभियान का श्रीगणेश किया। पांच जनवरी को वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा।

इस मौके पर बताया गया कि मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम आगामी आठ दिसंबर तक चलेगा। वोटर लिस्ट जिले के सभी तय स्थलों, ईआरओ कार्यालयों समेत जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर निःशुल्क देखा जा सकता है। मुहिम के तहत बीएलओ घर-घर जाकर एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले या छूटे हुए मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए फार्म-6 भरवाएंगे।

इसी प्रकार मृतक, डबल, शिफ्टेड वोटरों के मतदाता सूची से हटाने के लिए फार्म-7 भरना होगा। वोटर लिस्ट में नाम-पता आदि संशोधन सहित पहचान-पत्र खोने या नष्ट होने के कारण दोबारा बनवाने के लिए फार्म-8 पर आवेदन करना है।

इसके अलावा स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर दर्ज कराने के लिए फार्म-6बी भरना है। इधर, एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह के मुताबिक 12, 20, 26 नवंबर और चार दिसंबर को विशेष अभियान चलेगा। जिसमें बीएलओ अपने-अपने बूथों पर पूर्वाह्न दस बजे से शाम चार बजे तक दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे।

स्वयं ऑनलाइन आवेदन करना है तो इसके लिए ttp://www.nvsp.in, https://voterportal.eci.gov.in या Voter Helpline app की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

## संक्षेप

### बिरहा दंगल में दहेज पर किया प्रहार

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के आयर बाजार में हो रहे बारह दिवसीय बिरहा दंगल के ग्यारहवें दिन राम जनम जवाब टोपी वाले नौगढ़ चंदौली एवं मन्नू यादव मिर्जापुर ने बिरहा से दहेज पर जमकर प्रहार किया। मन्नू यादव ने मुलायम सिंह यादव जीवन वृतांत सुनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शालिनी यादव ने कहा कि बिरहा हमारी आत्मा है। जिससे हम अलग नहीं हो सकते। बिरहा को बचाने के लिए हम सबको तैयार रहना होगा। स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज की यथार्थ गीता के "पुरुषोत्तम योग" नामक पंद्रहवें एवं "देवा सुर संपद विभाग योग" नामक सोलहवें अध्याय का पाठ मुकुंद जायसवाल एवं रामदुलार यादव ने किया। अध्यक्ष दिनेश यादव ने स्वागत किया। कार्यक्रम में ईश्वर चंद पटेल, वीरेंद्र यादव, पियूष उर्फ आसू (उपाध्यक्ष छात्रसंघ हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय), पारस यादव, विजय बहादुर यादव आदि लोग मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल कल आएंगे

**वाराणसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एकदिनी दौरे पर 11 नवंबर को आएंगे। प्रोटोकॉल विभाग के अनुसार वह आगामी शुक्रवार को सुबह 7.05 बजे नई दिल्ली से बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंने के बाद कालभैरव एवं काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। उसके बाद काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दिन में 11 बजे से आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहां से श्री गोयल दोपहर 12.30 बजे बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल में होने वाले पीएम गतिशक्ति मल्टी फंक्शनल वॉटरवेज समिट-2022 के उद्घाटन सत्र में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उसी परिसर में अपराह्न दो बजे टेक्सटाइल इंडस्ट्री के उद्यमियों के साथ संवाद करेंगे। उसके बाद श्री गोयल शाम 6.30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली लौट जाएंगे।

### वैज्ञानिकों ने दी जानकारी



**मिर्जामुराद।** कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जलशक्ति मिशन के तहत बुधवार को जल संचयन विषयक एकदिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ वैज्ञानिक पादप सुरक्षा डॉ. नवीन सिंह, शस्य वैज्ञानिक डॉ. अमितेश सिंह, प्रसार वैज्ञानिक डॉ. राहुल कुमार सिंह, बीज प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह व उद्यान विशेषज्ञ डॉ. मनीष पांडेय ने विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी।

### काशी के कण-कण में है दैवीय शक्ति

**वाराणसी।** अष्ट दिवसीय काशी कोतवाल भैरव उत्सव 2022 के आगाज बुधवार को स्थानीय सुंदरपुर नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान में हुआ। जहां पर भैरव देव के सिद्ध साधक श्रीकृष्णगिरी शक्तिपीठाधीपति, वसंतविजयजी महाराज ने काशिका पुराधिनाथ काल भैरवम भजे.., भैरव वेशम कष्ट हरम.. सहित भैरव देव की महिमा का संगीतमय गुणगान किया। कहा कि जिस प्रकार एक संतान को जन्म देने के बाद आप की अगली पीढ़ी सुरक्षित हो जाती है उसी प्रकार एक भैरव की मूर्ति को जन्म दे दिया तो अगली सौ पीढ़ी सुरक्षित हो जाएगी। प्रथमी तिथि पर भगवान गणेशजी के 108 नामों से पूजन के उपरांत भक्तों से भाव पूजन कराया। कहा कि काशी की मिट्टी, वह मिट्टी है, यहां के कण कण में दैवीय शक्ति है। 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ सहित चार तीर्थंकरों का यहां जन्म हुआ। यहां की मिट्टी में पार्श्वनाथ, विश्वनाथ, अनेक देवी देवताओं व महापुरुषों की साधना तप की सुगंध है। कहा कि इस मिट्टी में मेरे आराध्य प्रभु पार्श्वनाथ महाराज भी नंगे पांव चले थे। घाट घाट पर उनके चरण पड़े हैं। यही भूमि है जहां हमारे प्रभु ने दीक्षा ग्रहण की थी। इस धरती पर भैरव का पूजन करने का आनंद ही विशेष है। यही कारण है कि मैं काशी आकर बहुत प्रसन्न हो रहा हूं।

# भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ रही : शिशिर सिन्हा



**वाराणसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था 21 वीं सदी में दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में दिखलाई पड़ रही है।

वर्तमान में सिर्फ सउदी अरब ही एक ऐसा देश है जिसकी विकास दर भारत से ज्यादा है। उक्त बातें प्रख्यात आर्थिक पत्रकार शिशिर सिन्हा ने बुधवार को डीएवी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में बुधवार को आयोजित उभरती हुई अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था का सफर वित्तीय स्थायित्व की भूमिका विषयक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर कही। कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था उभरती हुई अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ चुकी है, बस आवश्यकता है उपलब्ध साधनों के उचित इस्तेमाल की। हालांकि अर्थव्यवस्था में करेंट एकाउंट डिफिसिट बढ़ने पर उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए इसे बड़ी चुनौती बताया। संचालन एवं विषय स्थापना डॉ. पारूल जैन, स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्रा, डॉ. आहूति सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उदयभान सिंह ने दिया। इस अवसर पर डॉ. विजय नाथ दूबे, डॉ. राहुल, डॉ. शालिनी, डॉ. शान्तनु सौरभ आदि मौजूद रहे।

## नई तकनीक जानने में ट्रेनिंग है उपयोगी : डॉ. प्रसन्ना

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में चल रहे भारतीय रेल स्वास्थ्य निरीक्षकों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बुधवार को रेल डीजी हेल्थ डा.प्रसन्ना कुमार ने शिरकत किया, और सभी को संबंधित विषय पर अपने सुक्षाव साक्षा किया। भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी, वडोदरा एवं रेलवे बोर्ड के सहयोग से बनारस रेल इंजन कारखाना के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में भारतीय रेलवे के एच एंड एमआई के लिए 8वां आउटरीच-दूसरा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा डा. प्रसन्ना कुमार ने बताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक चुनौतियां है इस परिस्थिति में लगातार प्रशिक्षण के माध्यम से नई-नई तकनीक की जानकरियां प्राप्त होती है जो कि बहुत ही लाभदायक है। कार्यक्रम में 16 रेलवे जोन, छह प्रोडक्शन यूनिट, आरडीएसओ और कोलकाता मेट्रो के 48 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# सपा और कांग्रेस का रहा है दबदबा

गंगापुर नगर पंचायत

**दो दशकों से अध्यक्ष सीट पर जमीन तलाश रही भाजपा**

राघवेन्द्र केशरी

**वाराणसी।** गंगापुर नगर पंचायत अध्यक्ष सीट पर दो दशकों से सपा और कांग्रेस ने दबदबा बरकार रखा है। जिसमें जमीन तलाश रही भाजपा इस बार के चुनाव में अभी से सेंधमारी की तैयारियों में जुट गई है। इसके लिए आरक्षण तय होने से पहले ही समीकरण और जोड़ घटाने के लिए टीमों को लगा दिया गया है। प्रधानमंत्री का संददीय क्षेत्र और भाजपा की अचुक पकड़ के बाद भी गंगापुर नगर पंचायत पर पार्टी को धरातल की तलाश है। दो दशकों से यहां बीजेपी को जीत नहीं मिली। जबकि बीते चुनाव में पार्टी तीसरे नंबर पर ही रह गई। यही नहीं पंचायत के 10 वार्डों में भी स्थिति कुछ खास नहीं दिखाई दी। बीते चुनाव में मात्र एक सीट पर ही पार्टी को जीत का स्वाद चखने का मौका मिला। बाकि सभी पर सपा और कांग्रेस का कब्जा रहा। वहीं 2017 के पंचायत अध्यक्ष के चुनाव की बात करें तो कांग्रेस के दिलीप सेठ ने 1862 वोट के साथ सपा के निकटतम प्रत्याशी विजय यादव (1569) को हराया था। पंचायत अध्यक्ष पर इससे पहले 2012 में सपा का कब्जा था। सपा से पहले यह सीट कांग्रेस के पाले में थी।

### बनिया मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा

अनुमानित आंकड़ों की मानें तो बीते साल कुल मतदाताओं का आंकड़ा लगभग 6000 रहा जबकि इस बार इसमें लगभग 1000 मतदाता बढ़ने के आसार हैं। जिनमें सबसे ज्यादा जनसंख्या बनिया वोटरों की हैं। जिसमें केशरी, जायसवाल, गुप्ता आदि को मिलाकर लगभग 3000 मतदाता हैं। जबकि दलित वोटरों की संख्या लगभग 500 के करीब और पीछड़े व अन्य वर्ग में भी अन्य अन्य जातियों के लगभग 400 से 500 मतदाता हैं। मुस्लिम वोटरों की बात करें तो पंचायत में लगभग 1200 मुस्लिम मतदाता हैं।

### गंगापुर नगर पंचायत की पृष्ठभूमि

गंगापुर नगर पंचायत शहर से 14 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जहां 2011 की जनगणना के अनुसार 7567 जनसंख्या निवास करती है। यहां लोक बंधु राजनारायण का जन्म हुआ था। इसे काशी नरेश के भी जन्म स्थान दुर्ग के रुप में जाना जाता रहा है। पंचायत का क्षेत्रफल दो वर्ग किमी0 है, जिसमें कुल 10 वार्ड हैं। जिसके एक अध्यक्ष और 10 निर्वाचित सदस्य है।

### शिक्षण संस्थानों से घिरा है पंचायत क्षेत्र

गंगापुर नगर पंचायत शिक्षण संस्थानों से घिरा हुआ है। जिसमें महाराजा बलवंत सिंह स्नात्कोत्तर महाविद्यालय महाविद्यालय, डॉ. विभूतिनारायण सिंह ग्रामीण आयुर्विज्ञान संस्थान होमियोपैथिक चिकित्सालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मौजूद हैं। इसके अलावा राजकीय चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, इंटर कालेज, बेसिक शिक्षा परिषद और दो निजी विद्यालय के साथ एक बालिका इंटर कालेज भी मौजूद है। वहीं पांच प्राथमिक विद्यालय, एक कन्या जूनियर हाईस्कूल भी संचालित है।

| नगर पंचायत अध्यक्ष | कार्यकाल | पार्टी |
|---|---|---|
| अनिल कुमार सेठ | 1988-1994 | जनता दल |
| छोटे लाल मोदनवाल | 1995-2000 | भाजपा |
| गीता यादव | 2000-2005 | सपा |
| दिलीप सेठ | 2005-2011 | कांग्रेस |
| विजय कुमार यादव | 2012-2017 | सपा |
| दिलीप सेठ | 2017-वर्तमान | कांग्रेस |

# सीएम के गड्ढामुक्त सड़क का फरमान हवा-हवाई

**जिम्मेदार लापरवाह**

### तीन दर्जन से अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त, लोग हो रहे चोटिल



बैरिया क्षेत्र में जर्जर सड़क।

**बैरिया (बलिया)।** पन्द्रह नवम्बर तक गड्ढा मुक्त सड़कों का सरकारी फरमान केवल कागजो तक सिमटता नजर आ रहा है। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के मुख्यमंत्री के फरमान व लोक निर्माण मंत्री के बार बार के चेतावनी का कोई असर क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक सड़कें इस कदर क्षतिग्रस्त है, कि वाहनों की बात तो दूर उस पर पैदल आना जाना भी कठिन है।

चाहे सड़के लोक निर्माण विभाग की हो या पीएम ग्रामीण सड़क योजना की हो। अधिकांश सड़कों का बुरा हाल है। उल्लेखनीय है कि बैरिया तहसील मिश्र के मठिया सोनबरसा मार्ग, बलराम सिंह के डेरा कर्ण छपरा धतूरी टोला मार्ग, करमानपुर नारायणगढ़ मार्ग, शोभा छपरा बीएसटी बंधा मार्ग, लालगंज शिवपुर घाट मार्ग, लालगंज सतीघाट मार्ग, बैरिया टेंगरही बनवा के बाजार मार्ग सहित तीन दर्जन से अधिक मार्गों की स्थिति दयनीय है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कहते हैं कि फंड के कमी के कारण सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है। जबकि सरकार ने 15 नवंबर का डेडलाइन तय कर रखी है। इसके पहले सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना है। ऐसे में सरकार का फरमान परवान चढ़ेगा, सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी इस पर अधिकांस लोगो को भरोसा नहीं है। वही सोनबरसा दलन छपरा रामपुर के बीच बने पीएम सड़क योजना की सड़क गारंटी अवधि में रहते हुए गड्ढों से पट गई है। उस तरफ भी कार्यदाई संस्था ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्रिय लोगों ने गड्ढा युक्त सड़कों के तरफ जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान अपेक्षित किया है।

**जल्द होगा नवीनीकरण का कार्य**

इस बावत पूछने पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता एके सिंह ने बताया कि कुछ सड़कें गड्ढा मुक्ति मे ली गई हैं। उसका काम तत्काल होगा। कुछ सड़कें बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं। उनका नवीनीकरण किया जाना है। नवीनीकरण के लिए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही नवीनीकरण करा दिया जाएगा।

# जिला अस्पताल में मिलेगी एलर्जी हार्मोंस के जांच की सुविधा

**राहत**

### मरीजों को अब नहीं जाना पड़ेगा वाराणसी और गोरखपुर

**बलिया।** जिला अस्पताल में एलर्जी, थायराइड या अन्य हार्मोंस संबंधी जांचों के लिए आने वाले मरीजों को अब बैरंग वापस नहीं लौटना पड़ेगा। एलर्जी, थायराइड व अन्य हार्मोंस सम्बंधी जांच की सुविधा अब मरीजों को जनपद में ही मुहैया होगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने पैथोलॉजी का सर्वे कराकर शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद से जिला अस्पताल में हार्मोंस संबंधी जांचें सुचारु रूप से शुरू हो जाएंगी।

निजी अस्पताल व पैथोलॉजी भी मरीजों का ब्लड सेंपल लेकर वाराणसी, गोरखपुर या वाराणसी भेजकर रिपोर्ट मंगवाते हैं। गैर जनपदों से हार्मोंस की जांच कराने की इस प्रक्रिया में जहां करीब तीन से चार दिनों का समय लगता है, वहीं मरीजों को आर्थिक शोषण का शिकार भी होना पड़ता है। जिला अस्पताल की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सीएमएस डा. दिवाकर सिंह ने अपनी टीम के साथ पैथोलॉजी का सर्वे किया। रिपोर्ट शासन को भेजी गयी है। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी सुविधाओं में विस्तार के साथ ही इसके वास्तु में भी बदलाव किए जाएंगे। जहां पैथोलॉजी की सुविधा सुबह 8 बजे से दो बजे की बजाय रात 8 बजे तक बढ़ाई जाएगी, वहीं हार्मोंस संबंधी जांच के लिए भी अलग एरिया निर्धारित होगा।

अस्पताल प्रशासन ब्लड जांच संबंधी सभी कमरों को एकसाथ जोड़कर एक अलग विभाग की योजना पर विचार कर रहा है। पैथोलॉजी में उपलब्ध अन्य जांचों के साथ हार्मोंस संबंधी जांच बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसकी अनुमति मिलते ही मरीजों को हार्मोंस जांच की सुविधा मुहैया होगी।

# बिहार बार्डर पर खुली उप्र की शराब की दुकान

जनसंदेश न्यूज

**शराबियों का जमावड़ा**

### पुलिस बनी मूकदर्शक, आसपास के लोगों को हो रही परेशानी

**बैरिया (बलिया)।** बिहार के बॉर्डर पर खुली उप्र की मधुशाला दुकानदारो के लिए बहार ला दी है। मधुशाला से शराब अनुज्ञापी मालामाल हो रहे हैं। बिहारी पियक्कड़ो का दिन रात जमावड़ा लग रह है।

बेरोक टोक सड़क के पटरियो से खेत मे तक मधुशाला बार जैसी सज रही हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं बिहार सीमा पर खुली उत्तर प्रदेश के शराब की दुकानों की। जिनका लाइसेंस तो कहीं और का है, किंतु नियमों का हवाला देकर अपनी दुकानों को बिहार के बॉर्डर की तरफ खोले हैं। बिहार में शराब बंदी लागू होने के कारण इन दुकानों पर शराबियों की भीड़ इस तरह जुट कर चखने के साथ शराब का स्वाद ले रही है। मानो कोई लाइसेंसी बार चल रहा हो।

आबकारी विभाग के कृपा के चलते रोज इन शराब के अनुज्ञापियो को भारी फायदे हो रहे हैं। पुलिस भी मूकदर्शक बनी हुई है। यह बात अलग है कि पियक्कड़ो के चलते राहगीरों को विशेष करके स्कूल कॉलेज जाने वाली छात्राओं व महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसकी बानगी चांद दियर पुलिस चौकी से लगभग एक किलोमीटर पूर्व जयप्रकाश नगर मार्ग पर खुली अंग्रेजी शराब की दुकान है।

जहां हमेशा बिहारी पियक्कड़ो की भीड़ लगी रहती है। जो नशे में धुत होकर उधम मचाते हुए बेरोकटोक बिहार जाते हैं। यही शराब की दुकान जब पुलिस चौकी चांद दियर के नजदीक थी। तो पिछले वर्ष एक अपराधी ने दूसरे की हत्या कर दी थी। आज भी हत्यारा पुलिस के पकड़ से बाहर है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी का ध्यान अपेक्षित करते हुए बिहार सीमा पर अवस्थित शराब की दुकानों के लिए निर्धारित गाइडलाइनो का कठोरता से पालन कराने हेतु हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।

# सरयां गंगा घाट पर पहुंचा जिले का पहला जेटी

**बलिया।** जिले में पहला जेटी उजियार घाट सरयां गंगा तट पर बुधवार को पहुंच गया। विभाग के अधिकारियों द्वारा गंगा किनारे उसे स्थापित कर दिया गया। बता दें कि इसका लोकार्पण शुक्रवार को सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त करेंगे। गंगा तट पर जमीन को समतल किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बलिया जिले में चार जगह जेट्टी लगाई जानी हैं जिसमें मझौवां, कंशपुर, उजियार घाट सरयां एवं सरायकोटा गंगा तट पर जेटी लगाया जाना है लेकिन सरायकोटा में स्थापित होने वाले जेटी पर अभी संशय है। क्योंकि उजियार घाट से सरायकोटा की दूरी मात्र दो किलोमीटर है ऐसे में विभाग के अधिकारी वहां लगने वाले जेटी की उपयोगिता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। भारतीय अन्तर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय भारत सरकार जलमार्ग विकास परियोजना के अन्तर्गत बलिया जिले में मालवाहक जहाजों वातानुकूलित क्रूज को ठहरने के लिए चार जगह सामुदायिक जेटी लगाने की प्रक्रिया प्रस्तावित हैं जिसमें सबसे पहले पहला जेटी सरंयां में स्थापित कर दिया गया है। विभाग के पटना से आएं अधिकारी 11 नवंबर के लोकार्पण की तैयारी में जुट गए हैं।

# निकाय चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बोले आत्रेय मिश्र**

### 25 हजार 274 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग



**बैरिया (बलिया)।** निकाय चुनाव मे परिन्दा भी पर नही मारेगा। प्रशासन चुनाव मे गड़बड़ी करने वालो से सख्ती से निपटेगा। किसी को बाहुबल और धन बल का प्रर्दशन नही करने दिया जायेगा। अराजक तत्वो को चिन्हित करने के लिए पुलिस को भी निर्देश भेजा गया है।

उक्त बाते उप जिलाधिकारी ओत्रय मिश्र ने कही। उन्होने बताया कि बैरिया नगर पंचायत के आगामी चुनाव में कुल 25 हजार 274 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 14 हजार 265 पुरुष मतदाता जबकि 11 हजार 9 महिला मतदाता है। इसके लिए आठ मतदान केंद्रों पर 32 मतदेय स्थल बनाये गए है। जहां मतदाता सुविधाजनक तरीके से मतदान में भाग लेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि आठ मतदान केंद्रों में पांच अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र है। जबकि दो अतिसंवेदनशील, शेष संवेदनशील के श्रेणी में है। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 25 हजार 274 मतदाताओं में से 4 हजार 562 मतदाता पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं 645 लोगों के दावे व आपत्ति विचाराधीन है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जूनियर हाईस्कूल बैरिया, प्राथमिक विद्यालय बैरिया व बाबा लक्ष्मणदास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज के सभी मतदान केंद्रों मिश्रित आवादी पूर्व के चुनावों में हुए शांतिभंग के कारण अतिसंवेदनशील प्लस के क्षेणी में रखा गया है।

डाक्टर लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया, प्राथमिक विद्यालय मिश्र के मठिया व प्राथमिक विद्यालय बैरिया सहित अतिसंवेदनशील के श्रेणी में है। जबकि प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर संवेदनशील के श्रेणी में है। शांति ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराने की पूरी तैयारी हम लोग कर चुके है निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित होने वाले कार्यक्रमों के क्रम में पूरे प्रदेश के साथ-साथ यहां भी चुनाव सम्पन्न होगा।

## श्रद्धालुओं में हुआ प्रसाद वितरण

**बलिया।** सार्वजनिक बम-बम कीर्तन समाज की ओर से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मानस यज्ञ एवं नाम सकीर्तन का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों के तहत किया गया। बुधवार को सामूहिक भृगु दर्शन के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। यह संकीर्तन छह नवंबर से शुरू हो हुआ था। आयोजक मंडल की तरफ से श्रद्धालुओं के लिये उचित व्यवस्था की गयी थी।

# परवान नहीं चढ़ रहा ग्रीन कारिडोर का काम

**नमामि गंगे योजना**

### 200 हेक्टेयर लक्ष्य के सापेक्ष 80 हेक्टेयर में ही हुआ पौधरोपण

**बलिया।** गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने, गंगा किनारे हरियाली रखने तथा गंगा की धारा अविरल बनाने के लिए शासन की ओर से नमामि गंगे योजना के तहत जिले में गंगा के तटवर्ती गांवों के किसानों के माध्यम से ग्रीन कॉरिडोर निर्माण वर्ष 2021-22 में शुरू की गई।

नमामि गंगे योजना के तहत गंगा किनारे के 41 गांवों में ग्रीन कॉरिडोर निर्माण परवान नहीं चढ़ सका है। इस वर्ष निर्धारित कुल 200 हेक्टेयर लक्ष्य के सापेक्ष 80 हेक्टेयर में ही पौधरोपण हो सका है। किसानों की मांग के अनुसार फलदार पौधरोपण होना है और किसानों को सहायता राशि का भुगतान भी होना है। योजना के तहत, गंगा किनारे के खेतों में फलदार पौधरोपण का प्रावधान किया गया। इस बागवानी और कॉरिडोर में आम, अमरूद, नींबू, कटहल, लीची, मौसमी आदि फलदार पौधे लगाने का निर्देश है ताकि इससे न सिर्फ गंगा क्षेत्र का पर्यावरण शुद्ध होगा बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। इसके लिए गंगा किनारे के 41 गांवों को चिह्नत किया गया है।

इन गांवों में गंगा किनारे कुल 200 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इस वर्ष शासन की ओर से 200 हेक्टेयर में ग्रीन कॉरिडोर का लक्ष्य निर्धारित है। विभागीय अधिकारी की मानें तो अब तक करीब 80 हेक्टेयर में पौधरोपण हो चुका है। वर्ष 2021-22 में शासन की ओर से गंगा किनारे के 100 हेक्टेयर में ग्रीन कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। लेकिन काफी प्रयास के बावजूद मात्र 18 हेक्टेयर में ही फलदार बाग लगाने के लिए किसानों ने दिलचस्पी ली।

**जल्द ही महाराजगंज से पहुंचेगी पौधों की खेप**

इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी शीतला प्रसाद वर्मा ने बताया कि गंगा किनारे के 41 गांवों में फलदार पौधे रोपित करने का कार्य जारी है। दो बार आई बाढ़ के कारण कारण कुछ नुकसान भी हुआ। करीब 80 हेक्टेयर में पौधरोपण हो चुका है। किसानों की डिमांड के अनुसार जनपद के नर्सरी में पौधे नहीं होने के कारण अन्य जनपदों से मंगाया जाता है। जल्द ही महाराजगंज से पौधे की खेप पहुंचेगी जिसे किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## मूल्य से अधिक पैसा लेने पर करें शिकायत

**बलिया।** जिले में उर्वरक व बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसान खाद व बीज राजकीय बीज गोदाम व लाइसेंसधारी दुकानों से खरीदे ताकि बीज व खाद क्लवालिटी बेहतर हो। जिला कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बोरी पर अंकित मूल्य से अधिक कोई पैसा लेता है तो उसकी शिकायत वह ब्लॉक या सीधे मुझसे करें। ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई होगी।

## शांति भंग में 10 लोगों का हुआ चालान

**बलिया।** गड़वार थाना पुलिस ने शांतिभंग के मामले में गड़वार बाजार से 10 लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गड़वार थानाध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसी को कोई समस्या है तो वे पुलिस को सूचना दें, कानून हाथ में न ले और न ही कानून तोड़े। ऐसा करने वालों की सजा सिर्फ जेल होगी।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को बांसडीहरोड थाना पुलिस ने बुधवार को बांसडीहरोड बाजार तिराहे से गिरपफ्तार किया। अभियुक्त का नाम अमित राम है। वह फेफना थाना अंतर्गत बंधैता गांव का रहने वाला है। बांसडीहरोड बाजार से एक गांव के नाबालिग के साथ अमित ने बलात्कार किया था तथा काफी दिनों से फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बांसडीहरोड तिराहा बाजार में खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है, तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# धान खरीद के लिये मिल आवंटिन का कार्य तेज

**तैयारी शुरू**

### 6019 किसानों ने धान की बिक्री के लिए कराया है पंजीकरण

**बलिया।** धान खरीद के लिए जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 53 क्रय केंद्र स्थापित हो चुके हैं और एक नवंबर से क्रियाशील कर दिए गए हैं। अब किसानों के धान तैयार होने लगे हैं। इसे देखते हुए विपणन विभाग ने भी तैयारी तेज कर दी है। लिहाजा क्रय केंद्रों के लिए मिल आवंटित का कार्य अंतिम चरण में है। जिले में एक नवंबर से धान खरीद के लिए तीन अलग-अलग एजेंसियों के कुल 53 क्रय केंद्र खोले गए हैं लेकिन अभी तक एक-दो केंद्रों पर ही नाममात्र की खरीद हुई है।

हालांकि 6019 किसानों ने धान की बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है। इस वर्ष शासन की ओर से जिले को 1.15 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब खेतों में धान की कटाई जोरों पर है और धान तैयार होने लगे हैं। ऐसे में खरीद में तेजी आने की भी उम्मीद है। विपणन विभाग के अधिकारियों की मानें तो एक सप्ताह में सभी केंद्रों पर किसानों के धान पहुंचने शुरू हो जाएंगे। ऐसे में धान रखने के लिए कोई समस्या न हो विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग की ओर से क्रय केंद्रों के लिए मिल आवंटित किया जा रहा है ताकि खरीद के बाद धान संबंधित मिलों पर भेजा जा सके।

> धान खरीद के लिए सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी हैं। क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा के सभी इंतजाम हैं। किसान पंजीकरण करा कर केंद्रों पर जाएं ताकि खरीद में कोई दिक्कत न हो। क्रय केंद्रों के लिए मिल भी संबद्ध की जा रही है।
>
> अविनाश चंद्र सागरवाल, डिप्टी आरएमओ, बलिया

## संक्षेप

### गांधी महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने जीते 14 पदक



**बेरुआरबारी।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 -23 का आयोजन श्री नरहेजी पीजी कॉलेज नरही रसड़ा बलिया में गांधी महाविद्यालय मिड्ढा बेरुआरबारी के छात्र-छात्राओं द्वारा तीन गोल्ड 4 सिल्वर सात कांस्य कुल 14 पदक एवं अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के खेल संयोजक डॉ0 फूल बदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को मेडल एवं ट्राफी प्रदान किया। ट्राफी एवं मेडल जीतने पर महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीराम शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### बालिका को भगाने के आरोप में युवक पर मुकदमा

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना अंतर्गत एक गांव की 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को दूसरे संप्रदाय के एक युवक पर भगाने क आरोप में नामजद मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने युवती की खोजबीन में जुट गयी हैं। जानकारी के अनुसार घटना बीते 4/ 5 नवंबर की मध्य रात्रि की बताई गई है। पुलिस ने अपहृता युवती के पिता की तहरीर पर भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत अपहराण का मुकदमा दर्ज कर विवेचना नवागत उपनिरीक्षक रंजन द्विवेदी को सौप दिया है।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारम्भ

**बलिया।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 9-11-2022 से प्रारम्भ हो गया है। मतदाता रजिस्टेज्शन कार्यक्रम का शुभारम्भ 9-11-2022 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला मुख्यालय पर स्थित श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनवर राशिद फारूकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार क्षेत्र गड़वार तथा जिला निर्वाचन कार्यालय बलिया के अख्तर हसन, प्रधान सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मच्छररोधी दवाओं के छिड़कांव की मांग

**बलिया।** जिले में डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन नगरपालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायतों की ओर से मच्छररोधी दवाओं के छिड़काव के प्रति उदासीनता बरती जा रही है। इसको लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दहशत बना हुआ है। जनहित में वसीम अंसारी, दिनेश गुप्ता, अश्वनी मिश्रा, रामनिहोरा, प्रवीण पाठक, रामदुलार, सखीचंद आदि ने मच्छरोधी दवाओं के छिड़काव की मांग की है।

### जिला अस्पताल पहुंच रहे सांस के मरीज

**बलिया।** मौसम में उतार-चढ़ाव से सांस के मरीजों की दिक्कत बढ़ती नजर आ रही है। जिला अस्पताल के ओपीडी में पहले औसतन 25 से 30 सांस से पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे थे। पिछले पांच दिनों से मौसम बदलने के बाद इनकी संख्या 40 से 45 मरीज पहुंचने लगे हैं। डॉक्टरों ने सांस के मरीजों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### व्याख्यान का आयोजन 15 को

**बलिया।** राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से 15 नवंबर दिन मंगलवार को अपराह्न 12:30 बजे से पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां एवं समाधान का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि प्रख्यात चिंतक एवं विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ होंगे। यह कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार के समीप गंगा बहुउद्देशीय सभागार में होगा। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष डा0 चंद्रशेखर पांडेय ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की।

### वंदना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी में 15वें वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**सिकंदरपुर।** कस्बे के रहिलापाली में स्थित वंदना कोचिंग वेलफेयर सोसाइटी में 15वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बुधवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में शहर के लगभग सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सिंकदरपुर रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में एसडीएम सिंकदरपुर अखिलेश कुमार यादव ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि यह शिक्षण संस्था वास्तव में प्रशंसा के काबिल हैं, यही छोटे-छोटे बच्चे आगे चलकर अपनी कलाओं के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनायेंगे। वहीं बच्चों द्वारा मुद्दा-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वागत गीत, नाटक, हास्य प्रसंग, म्यूजिक डांस, मां तुझे सलाम, देश भक्ति गीत, वर्तमान समाज में नारियों की शिक्षा आदि प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शेख संजय भाई, संजय जायसवाल, दिनेश चैधरी, जयराम पाण्डेय, आकाश तिवारी, डॉ. उमेश चंद्र, कौशल श्रीवास्तव, शशि दुबे, जीतेश सोनी, अशोक रावत, रंजीत कुमार, नवीन सिंह, धनंजय मिश्रा, सच्चिदानंद, अरविंद, बृजनाथ सर आदि मौजूद रहे। संचालन सुशील कुमार द्वारा किया गया। अध्यापकगण में उपस्थित सनोज गौतम, प्रीति श्रीवास्तव, विनोद कुमार, गुलशन जहां द्वारा अंत में बच्चों को उनकी कुशलता को देखते हुए मेडल, डायरी, पेन और सर्टिफिकेट आदि देकर पुरस्कृत किया गया।

### निरंकारी समागम 16 से 22 तक

**बैरिया (बलिया)।** कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों से स्थगित संत निरंकारी समागम इस बार हरियाणा के पानीपत में कराने का निर्णय निरंकारी समाज द्वारा लिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्र के करमानपुर निवासी निरंकारी समाज के मंडल मुखी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह निरंकारी समागम 16 नवंबर से 22 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निरंकारी समाज से जुड़े लोगों के साथ-साथ निरंकारी संप्रदाय के प्रति आस्था रखने वाले लोगों से 15 नवंबर को पानीपत चलने का आग्रह किया है। कहा है कि 15 नवंबर को सायं पांच बजे सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर लोग पहुंचे। वहां से सामूहिक रूप से समागम के लिए पानीपत प्रस्थान किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत लेख प्रतियोगिता में ज्ञान कुंज एकेडमी के बच्चों का रहा जलवा

**सिकंदरपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित भ्रष्टाचार मुक्त भारत लेख प्रतियोगिता में ज्ञान कुंज एकेडमी, बंशी बाजार, बलिया के बच्चों ने कायम किया अपना जलवा।

पूरे भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी के अन्तर्गत सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन किया गया और भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों के मानसिक विकास एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर एक लेख-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिले के सभी विद्यालयों के बच्चों ने भागीदारी किया। परिणाम घोषित होने के बाद सिकन्दरपुर तहसील में स्थित ज्ञान कुंज एकेडमी बंशी बाजार में खुशी की लहर दौड़ गई।

विद्यालय के कुल 750 बच्चों ने इस लेख प्रतियोगिता में भागीदारी की थी, जिसमें जिले में सबसे प्रमुख स्थान विद्यालय के बच्चों का रहा है। स्थान पाने वाले प्रतिभागियों के नाम नैनिका राय प्रथम, संजना चैहान द्वितीय, नौरीन सुबानी तृतीय, रिया मलिक चतुर्थ, याशिका यादव पंचम रही। इस प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक डा. देवेन्द्र सिंह ने बधाई दी। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा ने सफल बच्चों को बधाई दी और कहा कि बच्चों में प्रतिभा अन्दर छिपी होती है, हम उसकी पहचान करके उन्हें अवसर प्रदान करते है, जिसके कारण बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ते है।

विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरुप पाण्डेय ने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शीला सिंह बच्चों के सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों की सफलता पर उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया।

# मेलार्थियों ने झूले के साथ गुड़ही जलेबी का लिया आनंद







**ददरी मेला**

### घरेलू और श्रृंगार के दुकानों पर रहीं महिलाओं की भीड़

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद ददरी मेला की शुरूआत हो चुकी है। बुधवार को ददरी मेला के मीना बाजार में दूर-दूर से लोग घूमने के लिये आये। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को भी लेकर पुलिस चौकस रही। ददरी मेले मे घूमने आये लोगों की भीड़ देखकर दुकानदारों के चेहरे पर चमक आ गयी।

मेला में महिलाओं का रुझान घरेलू व श्रृंगार के सामानों की खरीद पर रहा तो बच्चें खिलौने व झूलों की ओर दौड़ रहे हैं। मेले में सुबह ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बस, ट्रेन समेत अन्य साधनों से मुख्यालय पहुंच गए। इसके बाद ई-रिक्शा व पैदल ही मेला की तरफ कूच कर गए। मेले में सुबह से उमड़ी भीड़ एक छोर से दूसरे छोर तक टहलती रही। जलेबी, छोला व अन्य खाने पीने के आइटमों की दुकानों पर हर वक्त भीड़ बनी रही। हल्की ठंड बढ़ने के बावजूद परिवार संग पहुंचे लोगों ने मेला का भरपूर आनंद उठाया। एक दुकान से दूसरे दुकान पर लोग मोल भाव करते नजर आए। लोगों ने गुड़ही जलेबी, छोला आदि का स्वाद लिया। बिक्री अच्छी होने के कारण दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। ददरी मेले में आई चर्खी, ब्रेक डांस हर किसी को भा रही है। मेले में महिलाओं को सबसे अधिक कप-प्लेट भा रहे हैं। वे दुकानों पर मोलभाव करतीं नजर आईं। कप प्लेट की आधा दर्जन से अधिक दुकानें लगी हैं।

### ददरी मेला का दूसरा दिन, बच्चों के साथ बड़ों ने की मस्ती

ऐतिहासिक ददरी मेले के दूसरे दिन छोटों के साथ बड़ों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। महर्षि भृगु के शिष्य दर्दर मुनि के नाम से लगने वाली ऐतिहासिक ददरी मेला अभी पूरी तरह से खड़ा नहीं है लेकिन बाहर से आये दुकानदार दिन रात दुकानों को बनाने व सजाने में लगे हुए है। नगरपालिका परिषद की तरफ से ऐतिहासिक भारतेंदु मंच तैयार किया जा रहा है और नगरपालिका का कैंप भी बन कर तैयार हो चुका है। मीना बाजार थाना भी बनकर तैयार है और पुलिस के जवान सुरक्षा की दृष्टि से मेले का भ्रमण कर रहे है। मेले में आये लोग धूल से बहुत परेशान है क्योंकि सड़कों पर वाहनों के आने जाने से धूल उड़ रहे है। अभी रास्ता पूरी तरह से नहीं बनने के कारण थोड़ी परेशानी है लेकिन नपा उसे ठीक करने में लगा हुआ हैं। इस बार के मेले में मौत का कुंआ व सर्कस नहीं दिखायी दे रहे है।

# रेल प्रबंधक ने विकास कार्यों का लिया जायजा



**बलिया।** मंडल रेल प्रबंधक ने बलिया रेलवे स्टेशन पर चल रही विकास परियोजनाओं जिसमें बलिया स्टेशन का सुन्दरीकरण कर देश के भव्य स्टेशन के रूप में विकसित करने, यात्री आरक्षण केंद्र को सुसज्जित कर यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने, प्लेटफार्मों पर मेटेलिक फाल सीलिंग लगाने एवं स्टेशन भवन एवं स्टेशन परिसर के सुन्दरीकरण के सम्बन्ध में गहन निरीक्षण किया और कार्ययोजना का खाका देखा।

मंडल रेल प्रबंधक ने बलिया स्टेशन पर सुन्दरीकरण एवं विकास कार्यों सम्बन्धी सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल गाड़ी से बलिया से बनारस के लिए स्पीड ट्रायल एवं विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक एवं ओवरहेड ट्रेक्शन के सुक्ष्म निरीक्षण के साथ-साथ सतर्कता आदेशों का संज्ञान लिया एवं ट्रैक रीनुवल से सम्बंधित अस्थाई सतर्कता आदेशों को अति शीघ्र कार्य कराकर समाप्त करने का आदेश दिया।

# इस बार 13733 हेक्टेयर अधिक रकबे में रबी की बोआई का लक्ष्य निर्धारित

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** खरीफ की फसलें तैयार होने की कगार पर हैं। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने रबी की तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष खरीफ के दौरान काफी कम बारिश होने के कारण खासकर धान की रोपाई किसानों ने काफी कम की। इसके अलावा, खरीफ की फसलों की बुआई हुई लेकिन बाद में लगातार बारिश और बाढ़ से फसलों का नुकसान भी हुआ। इसके चलते इस बार कृषि विभाग की ओर से रबी बुआई का 13733 हेक्टेयर का दायरा बढ़ाया गया है।

इस वर्ष खरीफ के दौरान मानसून की दगाबाजी और पर्याप्त बारिश न होने से कारण खासकर धान की रोपाई काफी प्रभावित हुई। हालांकि बाद के महीनों में लगातार बारिश के चलते रोपे गए धान को तो संजीवनी मिली लेकिन अन्य कई फसलों को नुकसान भी पहुंचा। इसके अलावा, गंगा और सरयू में आई बाढ़ ने भी कई क्षेत्रों में खरीफ की फसलों को तबाह कर दिया। इसे लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं और रबी फसलों पर उम्मीद लगाए हुए हैं।

आमतौर पर जून महीने के अंतिम सप्ताह में बारिश होने के बाद दो बार खेत की जोताई करते हैं तथा सितंबर व अक्तूबर में जोताई कर रबी की बोआई के लिए खेतों को तैयार किया जाता है। लेकिन इस वर्ष सितंबर महीने में बारिश हुई।


अक्तूबर-नवंबर के महीने में गेहूं, चना, जौ, मसूर, सरसों आदि फसलें बोई जाती हैं। इन फसलों की बुआई के समय कम तापमान तथा पकते समय शुष्क और गर्म वातावरण की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने रबी फसलों की बोआई आदि को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष 13733 हेक्टेयर अधिक रकबे में रबी की बोआई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी, धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रबी फसलों को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है और लक्ष्य का निर्धारण भी कर दिया गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 13 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा में रबी की बोआई कराने का लक्ष्य है।

**पहल**

**पर्याप्त बारिश न होने से धान की रोपाई का कार्य प्रभावित**

# शहीद हरेंद्र यादव की 6वीं पुण्यतिथि पर विराट कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**बिल्थरा रोड।** क्षेत्र के दिलमनपुर, मधुकीपुर, अब्बासपुर गांव में शहीद हरेन्द्र यादव की छठवीं पुण्यतिथि पर विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों के पहलवानों ने कुश्ती के अपने रोचक दांव-पेंच प्रदर्शित किए। समारोह में पैराशूट कमांडो डीडी यादव ने अपने पैराशूट से शहीद हरेन्द्र यादव की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर दंगल प्रतियोगिता का प्रारंभ किया। बेल्थरा रोड तहसील क्षेत्र के दिलमनपुर, अब्बासपुर में मंगलवार को शहीद हरेन्द्र यादव की छठवीं पुण्यतिथि पर एक विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में महिला पहलवान भी पीछे नहीं रही तथा उन्होंने अपने खेल का प्रदर्शन खूब वाहवाही लूटी। प्रतियोगिता की अधिकांश कुश्ती दंगल बराबरी पर रहा।

कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बलिया जिला के अजीत ने चंदौली के सुनील एवं गाजीपुर के जुगनू नेपाली आके वीरेंद्र को पटखनी देकर अपना परचम लहराया। दंगल प्रतियोगिता में बलिया के अलावा गाजीपुर, आजमगढ़, चंदौली, गोरखपुर, वाराणसी, दिल्ली तक के पहलवानों ने जोर आजमाइश की। इस दौरान अनूप गोरखपुर, गोलू परसिया, के अलावा अंगद, विजय, अभिमन्यु, अमन, शत्रुघ्न शर्मा, बृजेश, सिंटू, आकाश, अमित, छोटू, रामाशंकर आजमगढ़ व राहुल बलिया, राजेश आजमगढ़, सवानंद गाजीपुर, धर्मेंद्र भड़सर, आनंद महराजपुर, अमित करमपुर, समर दिल्ली के बीच विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का रोचक मुकाबला देखने को मिला।

महिला पहलवानों में आंचल, श्रेया सिंह अंतिमा यादव, अंशु यादव ने भी अपने दांवपेच का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के दौरान मौजूद रहे जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य हरेराम यादव, ओम प्रकाश यादव, आनंद यादव, हरिवंश यादव, कुश्ती कोच प्रेमचंद यादव, धर्मेंद्र राज, बृजेश यादव, बेचन यादव, शहीद परिवार के आदित्य, राजेश, राममिलन, हरिकेश उपस्थित रहे।

# द्विवार्षिक कार्यकारिणी का हुआ गठन



**बलिया।** कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में राजस्व संग्रह अमीन संघ जनपद शाखा के द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद यादव को अध्यक्ष चुना गया एवं संरक्षक लालबाबू यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, मंत्री राजेश चैहान, उप मंत्री सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव, सम्प्रेक्षक मनोज कुमार को निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री वेद प्रकाश पांडेय द्वारा दिलाया गया। इस दौरान बृजेश कुमार सिंह, प्रमोद पांडेय, सुनील मिश्रा, सुरेंद्र यादव, विजेंद्र सिंह, अशोक कुमार, मायाशंकर सिंह, जयप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# ददरी मेले का स्नान सफलता पूर्वक संपन्न, मंत्री ने दी बधाई



**बलिया।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर मोक्षदायिनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और संगम घाट पर अच्छी व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और नगर पालिका को बधाई दी। कहा कि संगम घाट पर दूर-दराज से आये स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो उसके लिए जिला प्रशासन का एक बेहतर रोल रहा है। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने स्नान के बाद पूजा-पाठ कर लोगों की खुशहाली की कामना की।

मंत्री देर शाम को ही गंगा नदी के संगम तट पर पहुंच गए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्नान पर्व पर पहुंचने वाली अपार भीड़ के मद्देनजर अधिकारियों से पूरी तैयारी के बारे में जानकारी ली और बधाई भी दी। इस बीच राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर रहा है। स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का हर संभव ख्याल रखा गया कहा कि अगले वर्ष से कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को यहां हर सुविधा मिले इसके लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान मंत्री के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मनोज राय हंस नगरपालिका अध्यक्ष के प्रत्याशी घोषित



**बलिया।** अधिकार सेना ने आरटीआई कार्यकर्ता एवं सिविल कोर्ट बलिया में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार राय हंस को बलिया नपा चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा मनोज कुमार हंस ने जनहित के मामलों में तीन बार आमरण अनशन और एक बार क्रमिक अनशन किया। साथ ही उन्होंने पूर्व बलिया डीएम भवानी सिंह खगारौत से जनहित के प्रश्न पर लिखित में माफी मंगवाया। मनोज ने अनेक जनहित के मुद्दों पर सफलतापूर्वक संघर्ष किया है। अमिताभ ने कहा कि अधिकार सेना ऐसे ही योग्य व संघर्षशील व्यक्तियों के लिए बनी है और आगे भी ऐसे ही व्यक्तियों को टिकट देगी।

# हिंदी ओलंपियाड में छात्र-छात्राओं ने हासिल किये 15 गोल्ड

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा के 15 छात्र-छात्राओं ने हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर जिले सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी एक अलग ही छाप छोड़ी है। बता दें कि यह प्रतियोगिता हर साल दिल्ली स्थित हिंदी विकास संस्थान की तरफ से कराई जाती है।

इसका उद्देश्य हिंदी को विश्व पटल पर स्थान दिलाना होता है। इसमें कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के बच्चे भाग लेते हैं। इसमें उनकी आयु के अनुसार भाषा (व्याकरण) से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस वर्ष भी 23 अगस्त 2022 को यह ओलंपियाड आयोजित किया गया था। इसमें सनबीम स्कूल बलिया के कक्षा प्रथम से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। परीक्षा परिणाम 8 नवंबर को घोषित होते ही सनबीम स्कूल बलिया में खुशी की लहर दौड़ गई। इस ओलंपियाड में सनबीम के 15 बच्चों ने स्वर्ण पदक तथा कक्षा 10वीं की अनामिका सिंह को स्वर्ण पदक सहित राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से भी सम्मानित किया गया है।

**उपलब्धि**

**सनबीम स्कूल के है सभी प्रतिभागी, जिला का किया नाम रोशन**

### विद्यालय परिवार ने दी बधाई

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय तथा सचिव अरूण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि विद्यार्थी ही हिंदी भाषा को उच्च शिखर पर मुकाम दिला सकते हैं। विद्यालय निदेशक डॉ कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि बलिया की पावन धरती ने अनेकों श्रेष्ठ साहित्यकारों को जन्म दिया है। आज भी यहां की माटी में इतनी प्रतिभा छुपी है कि और अनेकों साहित्यकार उभर कर आ सकते हैं। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इन्होंने प्राप्त किया स्वर्ण पदक

हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक हासिल करने वालों में वैष्णी राय, सक्षम कुमार, आदित्य सिंह, अराध्या मिश्रा, शिवांश, ईशान रिजवी, अनिका गुप्ता, रौनक गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, अंकुर यादव, श्रीजी सिंह, सृष्टि गुप्ता, याशिका श्रीवास्तव, निष्ठा चौरसिया और अनामिका सिंह (राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित) शामिल है।

## संक्षेप

### 21 हजार दीपों से जगमगाया दुर्गा मंदिर



नगरा। सबके कल्याण की भावना जागृत करता दीपों का महापर्व देव दीपावली पर क्षेत्र के मन्दिर, देवालयों, शिवालयों पर झालर व दीपों की रोशनी से ऐसे जगमगाता रहा मानो धरती पर देवलोक उतर गया हो। मानव जीवन को अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाने की आस्था पर असंख्य दीपमालाओं के श्रृंखला से भव्य अलौकिक छटा बिखेर रहे दीप से सजे सजाए नगर पंचायत के प्राचीन दुर्गा मन्दिर पर 21 हजार दीपो से जगमगा उठा। स्थानीय बाजार दुर्गा मन्दिर, काली मन्दिर, हनुमान मन्दिर, चिरयिया माई स्थान सहित क्षेत्र के शोभायमान देव स्थलों के परिसर मे टिमटिमाते मिट्टी के बने दीपों मे सरसों व तिल का तेल के मनमोहक लौ से हर कोई आनन्दित हो उठा। ऐसे अलौकि अवसर को लोग खोने नहीं देना चाहते थे। इन स्थानो पर श्रद्धालु आस्थावान लोगों की भारी भींड़ लगी रही। युवा वर्ग के लोग रंगोली पर सजाये गये दीपों के साथ सेल्फी ले रहे थे।

### डीएम ने अवैध तरीके से अर्जित धन द्वारा खरीदे वाहन को कुर्क करने के दिये आदेश

**मऊ।** जिलाधिकारी ने अवैध तरीके से अर्जित धन द्वारा खरीदे वाहन को कुर्क करने के आदेश दिया है। पवन सिंह पुत्र स्व. सुभाष सिंह सा. मझावलिया थाना उभांव जनपद बलिया द्वारा अपने गिरोह के सदस्यों के साथ आपराधिक गतिविधियों से अर्जित अवैध धन से अपने भाई आशीष सिंह के नाम पर वाहन क्रय करने का आरोप था। जिसको जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा जांच करायी गयी है। जांच में सत्यता पाये जाने पर उन्होने उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षण थाना मधुबन को वाहन को कुर्क करने का आदेश दिया।

# केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ गरीब व वंचितों तक पहुंचे : जिला जज

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** 13 नवम्बर नागरिक सशक्तिकरण एवं उनके अधिकार हक हमारा भी तो 75 है के अन्तर्गत चलाये जा रहे अभियान के सफल आयोजन हेतु बुधवार को जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, मऊ के सभागार में कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर मेगा शिविर का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण एवं सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित रहें।

जनपद न्यायाधीश द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, सम्मानित अधिवक्ता को कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नालसा के तहत चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जो योजनायें चलाई जा रही है, उन सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ हर गरीब एवं बंचितों तक पहुंचें, यही इस अभियान का उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि सभी नागरिकों का अधिकार है कि उन्हें व उनके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले साथ ही साथ सभी लोगों से ज्यादे से ज्यादे मीडिएशन कराने हेतु योगदान देने हेतु आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यह दिन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम,1987 के प्रारम्भ होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो 9 नवंबर, 1995 को लागू हो गया था। कार्यक्रम को अशोक कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मऊ, अशोक कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट नम्बर-1, मऊ, अपर जनपद न्यायाधीश/पॉक्सो, मऊ, राजबीर सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट, मऊ, फर्रुख इनाम सिद्दीकी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ, कुॅवर मित्रेश सिंह कुशवाहा, सिविल जज जूनियर डिवीजन/महिला अपराध, मऊ, संतोष कुमार वर्मा, एवं काउंसलर, परिवार न्यायालय व वरिष्ठ अधिवक्ता हूॅमा रिजवी ने मेगा शिविर में अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## संक्षेप

### प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए मेधावी



**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर बैरिया बलिया में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वन्दना से प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक तुलसीराम जी थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया जिले के सह जिला कार्यवाह अरुण मणि द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर व.मा.विद्यालय माल्देपुर बलिया के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान व सरस्वती शिक्षा परिषद् माल्देपुर के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉ राजेन्द्र पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारे छात्रों की बुद्धि और सामान्य ज्ञान की अत्यधिक प्रशंसा की जाती है। मैं इस विद्यालय के प्रत्येक छात्र से दूसरों के प्रति सम्मान जुटाने के लिए भी आग्रह करता हूं। जैसा कि आप सभी जानते हैं सम्मान एक व्यक्ति या संस्था के लिए प्रशंसा की एक उत्साहजनक भावना है। हमे गर्व होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए तरह तरह का प्रयास कर रही है। सम्मानित भैया बहनों में विज्ञान प्रश्न मंच क्षेत्र में प्रथम स्थान भैया ओम जी, भैया देवांश तथा भैया कुंवर प्रशान्त सिंह , शारिरिक खेल कूद में बहन शिवांगी, प्रान्त में विज्ञान प्रश्न मंच में बहन सिम्मी सिंह, भैया प्रत्युष, भैया सारांश तथा खेलकूद में भैया राहुल, सोनू, आशीष, अजय, बहन आकांक्षा, बहन आद्या, बहन रिया, बहन प्रज्ञा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### विधिक सेवा दिवस के अवसर पर साक्षरता व जागरूकता शिविर का हुआ शुभारम्भ

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के न्यायाधीश, सचिव सर्वेश कुमार मिश्र के कुशल मार्ग दर्शन में 9 नवम्बर 2022 को ददरी मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में विधिक सेवा दिवस के शुभ अवसर पर वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारम्भ निखिल शुक्ल तहसीलदार, सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति तहसील सदर बलिया द्वारा किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सभी जनसामान्य को यह भी अवगत कराया गया कि 12 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के मामलों, जो जुर्मार्न से दंडनीय हो अथवा पारिवारिक विवाद, जमीन विवाद, बिजली के मामले, टेलीफोन बिल के मामले, टैक्स के मामले, चेक बाउंस के मामले, राजस्व संबंधित मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले व प्री-लिटिगेशन स्तर के वैवाहिक मामले आदि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सत्यप्रकाश सिंह अधिशासी अधिकारी नपा परिषद बलिया, राकेश कुमार सिंह मेला इंचार्ज, पुलिसकर्मी, मीडियाकर्मी, राजस्व विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स व मेले में आये आमजन उपस्थित रहे। संचालन श्याम कृष्ण गोयल पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा किया गया।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कोपागंज, मऊ।** एसपी अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध व आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी के कुशल नेतृत्व में बुधवार की दोपहर को थाना कोपागंज पुलिस को उस समय सफलता हाथ लगी जब मुखबिर खास की सूचना पर सहरोज बाईपास पर चोरी की एक बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा मुअसं 460/22 धारा 379/411 भादवि थाना कोपागंज जनपद मऊ जो पूर्व से पंजीकृत है।

# राज्यस्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का सांसद ने किया उद्घाटन



**मऊ।** जिला बालीबाल एसोसिएशन मऊ के तत्वाधान में हो रहे भीमनरायण राय 71वें उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट महिला एवं पुरुष बालीबल चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर-प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हाथों होना था और डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर पूरी तैयारियां भी हो गई थी, लेकिन किन्ही कारणों से उद्घाटन के कुछ घंटे पहले ही उनका आने का कार्यक्रम रद्द हो गया। जिसके बाद कार्यक्रम आयोजकों ने तत्काल प्रभाव से कौशाम्बी के सांसद विनोद सोनकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर क्षेत्र के जीवनराम छात्रावास के मैदान में चल रहे पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय बालीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के पहले दिन छात्राओं ने अपनी सुरीली आवाज से सरस्वती वंदना गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मऊ जनपद के इतिहास में यह पहली बार इतनी बड़ी बालीबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस दौरान एसोसिएशन की टीम ने विभिन्न जनपदों से पधारे खिलाड़ियों के लिए खाने-पीने व रहने का समुचित इंतजाम किया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के खेलने के लिए ग्राउंड में 6 कोर्ट बनाये गए हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन एवं पूर्व मंत्री उत्पल राय ने बताया कि यह खेल का महाकुंभ लग रहा है कहा कि 'खेलेगा मऊ खिलेगा मऊ' नामक एक स्लोगन भी दिया। इस अवसर पर जिलापंचायत अध्यक्ष मनोज राय,सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, विनोद सिंह, प्रभात राय, राजेश सिंह, अप्पू राय, अतुल राय आदि लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मऊ बालीबाल एसोसिएशन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां पुरुष वर्ग में जाट रेजीमेंट ने देवरिया हॉस्टल को 25-22, 20-25, 25-22 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में जालौन ने गाजीपुर को 25-18, 25-18, अयोध्या ने संतकबीरनगर को 25-19, 25-18 से पराजित कर चैंपियनशिप का दमदार आगाज किया। वहीं महिला वर्ग के मुकाबलों में प्रयागराज ने गाजीपुर को 25-12, 25-08 से, बांदा ने मैनपुरी को 25-11,25-16 से तथा सिद्धार्थनगर ने अलीगढ़ को 25-17, 25- 19 से पराजित कर अपने अभियान की शुरूआत की। स्टेट चैंपियनशिप को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के निर्णायक मुस्तैद दिखे। निर्णायक की भूमिका विष्णु सिंह, विनोद कुमार सिंह, फूलचंद गुप्ता, अजय वर्मा, यशवंत सिंह, शिवाजी सिंह, हरिशंकर सिंह, मोहम्मद आदिल, बृजेश मौर्य, सत्येंद्र पांडे, सीबी मिश्र, यशवंत पटेल, सुरेश मिश्र, संतोष पटेल, धनंजय राय व रविकांत यादव आदि ने निभाई। चैंपियनशिप के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को लीग राउंड के मुकाबले खेले जायेंगे।





## असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अरविंद का चयन



**कोपागंज, मऊ।** इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज में प्राचीन इतिहास संस्कृति व पुरातत्व विभाग में डा. अरविन्द यादव प्रोफेसर असिस्टेंट पद पर चयनित होकर, परिवार और गांव का नाम रौशन किया। पढ़ाई में बचपन से ही होनहार थे डा. अरविन्द की प्रारंभिक शिक्षा बागीश बाल विद्यालय इन्दारा गाँव में हुई। उसके बाद अरविन्द ने आगे की उच्च शिक्षा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से की। इनके पिता डा. मोतीचन्द्र यादव एक प्राईवेट फिजिशियन के रुप में कार्यरत है। इसी कारण डा. अरविन्द यादव की शिक्षा शिक्षित परिवार में हुआ और तमाम कोशिशों के बाद भी शिक्षा जारी रहा। और बाद में असिस्टेंट प्रोफेसर की तैयारी शुरू कर दी। और सफलता भी प्राप्त कर ली। अरविन्द अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और मित्रों को दिया है। अरविंद यादव के चयनित होने पर सुनील सिंह राणा, धनंजय सिंह, हरिनारायण सिंह, रघुनाथ, रवि गुप्ता, राणाप्रताप यादव, कमलेश कुमार व अन्य ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार के इनामियां सहित दो गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मंगलवार की रात्रि में लूटकांड में लिप्त 25 हजार के इनामियां को मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर और दूसरे बदमाशों को हल्का बल प्रयोग कर गिरफ्तार किया है। बदमाश एवं पुलिस में फायरिंग के बाद आनन-फानन में एसपी रोहन पी बोत्रे मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

बदमाशों के कब्जे से दो तमंचा, दो कारतूस, लूट के 30 हजार रुपये और चोरी की एक बाइक बरामद की गई। पूछताछ के बाद दोनों शातिर लुटेरों का पुलिस ने चालान कर दिया। पुलिस चेकिंग के दौरान 25 हजार के इनामी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लूट समेत कई अन्य मामलों में वांछित 25 हजार के इनामी सहित दो बदमाशों को मुठभेड़ में रेवतीपुर व स्वाट टीम टीम ने मंगलवार की रात धर-दबोचा। पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल अपराधी को गिरफ्तार करती पुलिस।

बीती रात थाना रेवतीपुर अंतर्गत रेवतीपुर मोड़ के पास थानाध्यक्ष रेवतीपुर व स्वाट टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग की जा रही थी। तभी बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और पुलिस टीम पर फायर करते हुए गहमर की तरफ भागने लगे। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे मौके पर पहुंचे। गोली लगने से घायल बदमाश अभिषेक को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहरियाबाद के सरसौली निवासी अभिषेक पर विभिन्न थानों में 21 मुकदमे दर्ज हैं। मऊ के सहावलपुर निवासी सिताराम की आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# दो दिन बाद गिरेगा तापमान

## अब सुबह-शाम बढ़ेगी ठंड, हवा में बढ़ा प्रदूषण का स्तर

**गाजीपुर।** जिले में अगले दो दिन में पारे में गिरावट आएगी। खासकर न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री तक नीचे आएगा। जिले में मौसम अभी शुष्क बना हुआ है। मौसमविदों के मुताबिक अगले दो दिनों में पारा दो डिग्री तक नीचे आ सकता है। उत्तर पश्चिमी हवाओं का प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है। मौसम को परिवर्तित कर दिया है। शाम होते ही ठंड बढ़ने लगती है। सुबह होने तक कंपकंपी भी महसूस होने लगी है। लोग घरों में शाम होते ही दुबक जा रहे हैं। वही प्रदूषण से जिले की हवा फिर से खराब से मॉडरेट कैटेगरी में आ गई है। मौसम का मिजाज एक महीने में कई बार बदला हुआ दिखाई दिया, लेकिन पूरी तरह से मौसम नहीं बदला। जैसे ही बारिश का दौर थमा था और मानसून की विदाई होने के बाद हल्की ठंड ने दस्तक दे दी थी। जिसके बाद कई बार दिन और रात के बारे में उतार-चढ़ाव हुआ लेकिन बुधवार को सुबह के समय पूरी तरह से आसमान में बादल छाए हुए दिखाई दिए। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले दो दिनों तक इसी तरह से आसमान में छिटपुट बादल छाए रहने का अनुमान है। इसके बाद मौसम में तेजी से बदलाव होगा और मौसम साफ हो जाएगा। बादल हटने के बाद दिन और रात के पारे में गिरावट दर्ज होगी। जिसकी वजह से सुबह और शाम के समय लोगों को ठंड का एहसास और ज्यादा होने लगेगा।


सुबह सवा सात बजे कुछ यूं रहा मौसम का हाल।

विज्ञान केंद्र के अनुसार अभी कुछ दिन कोहरे की स्थिति नहीं बनने वाली है लेकिन सुबह-शाम ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है। बुधवार को दिन में बेहतर धूप खिली। न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना रहा। अधितकम तापमान 30 जबकि न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया। ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। नवम्बर की शुरूआत के साथ ठंडी हवाओं ने तापमान

## संक्षेप

### डीएम ने छात्र-छात्राओं में बांटा स्मार्टफोन




**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण जनपद के महाविद्यालयों, आईटीआई, पालीटेक्निक संस्थानों आदि में वितरण कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इस क्रम में ओमजी पीजी कालेज गौरा, जखनियां में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिती में कुल छह विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में कुल 810 स्मार्ट फोन वितरित किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि आज आपने अपनी योग्यता के बल पर यह स्मार्टफोन प्राप्त किया है। आज के युग में बिना तकनीकी के मानव जीवन यापन करना कठिन है। जब से इलेक्ट्रानिक डिवाइस हमारे जीवन में आई है तब से हमारा जीवन आसान हो गया है। गुगल, यू-ट्यूब,ट्यूटर के माध्यम से हम बहुत सारी जानकारियां इकठ्ठा कर सकते है। शिक्षा के क्षेत्र में यह तकनीकी बहुत ही लाभदायक है। जिलाधिकारी ने इस डिवाइस का कभी दुरूपयोग नही करने का कहा। इस अवसर पर सभी कालेजों के प्रधानाचार्य, उपजिलाधिकारी जखनियां,जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, प्रभुनाथ चौहान आदि रहें।

### खेतों में जलाई जा रही पराली, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी



**मरदह।** शासन-प्रशासन के जिम्मेदारों के नाक के नीचे ही दिन रात पराली जलाई जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी एक्शन लेने के बजाएं चुप्पी सांधे बैठे हुए है। कासिमाबाद तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में दिन हो रात खेतों में पराली धड़ल्ले से जलाई जा रही। यूपी सरकार सख्ती बरतते हुए जुमार्ना वसूली की कार्रवाई शुरू भी कर दी है। कई जिलों में जुमार्ने भी किए गए हैं।वहीं चेतावनी दी जा रही है कि पराली जलाने वाले किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा सकता है।पराली जलाने पर सेटेलाइट से नजर रखी जा रही है। हालांकि यह बताया जा रहा है कि यूपी में पराली जलाने के मामले पिछले साल से कम हैं पर किसान अब भी पराली जला रहे हैं। निगरानी के लिए कृषि विभाग व राजस्व विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन इनके पास फुर्सत नहीं है की इसके तरफ ध्यान दें। कासीमाबाद तहसील क्षेत्र के सिगेंरा,मरदह, टिसौरी, डंडापुर,दुर्खुर्शी, सहित दर्जनों गांवों में किसानों को खेतों में पराली जलाते देखा जा रहा है। लेकिन इसको रोकने का प्रयास विफल है।इसके क्षेत्रीय लेखपाल व कृषि विभाग जिम्मेदार है। एडीओ कृषि नवनीत तिवारी ने खेतों में पराली के लिए बी कम्पोजर दवा छिड़काव के लिए दी जा रही है। साथ ही साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा,जो किसान पराली जलाते पाया जा रहा उसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी जा रही है।

### क्रेन में लगी आग



**सुहवल।** शहर कोतवाली अन्तर्गत रजागंज चौकी के समीप बुधवार की सुबह करीब दस बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी परियोजना गंगा नदी पर रेल कम रोड ब्रिज के निर्माण कार्य में जुटे क्रेन में अचानक आग लग गई। जिसके चलते वह आग के गोले में तब्दील हो गई। इस घटना के बाद रेल परियोजना के निर्माण में जुटी कार्यदायी संस्था व इंजिनियरों में हडकंम्प मच गया। काफी प्रयास के बाद रेल परियोजना के निर्माण में जुटी कम्पनी के पानी के टैंकर के जरिए एक घंटे बाद आग को बुझाने में सफलता मिली। मगर तब तक क्रेन का अधिकतर हिस्सा जल चुका था। क्रेन के आपरेटर के मुताबिक करीब दस लाख का नुकसान हुआ है। इस बाबत रेल परियोजना के निर्माण में जुटी जीपीटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी कुमार ने बताया कि शार्ट शर्किट से आग लगी थी जिसे बुझा दिया गया है।

### वृद्ध की कुंए में मिली लाश

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के के मनिया गांव के सिवान में एक वृद्ध की कुएं में शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवा कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी अनुसार गहमर के अंतर्गत मनिया गांव के सिवान में खेती किसानी के काम से जा रहे कुछ किसानों की नजर एक कुएं में तैरते एक शव पर गई। किसानों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को देने के साथ साथ पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंचे गहमर थाना के देवल चौकी इंचार्ज श्रीराम दुबे ने शव को कुँए से बाहर निकलवाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इनकी पहचान जोखन राम (75) केशवपुर हथौरी के रूप में किया। घटना की सूचना मिलने के बाद इनके दो पुत्र सिताब चंद्र और गौतम भी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान एवं अन्य संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में मृतक के पुत्र द्वारा कानूनी कार्यवाई नहीं करने की लिखित देने के बाद पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय ने बताया कि गाँव के सिवान में एक कुएं में गिरकर एक वृद्ध की मौत हो गई है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बोलेरो के धक्के से युवक घायल

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के जौहरगंज स्थित हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे सैदपुर सीएचसी लाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। भटौला निवासी चिंटू 30 पुत्र बृजनाथ बाइक से जा रहा था। इस बीच वो अपने गांव जाने के लिए हाईवे से उतरने ही वाला था कि तभी अचानक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे रौंद दिया। घटना में जहां पिंटू के सिर व हाथ में चोट आई, वहीं धक्के से उसका पैर बुरी तरह से फट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल सैदपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से रेफर कर दिया गया।

### मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**सुहवल।** थाना अन्तर्गत अधियारां गाँव में पूर्व भाजपा नेता के घर हुए हमले व बवाल के मामलें में वांछित दो आरोपितों को पुलिस ने पकड़ ? चालान कर दिया। जबकि प्रधान मदन यादव समेत आधा से अधिक अभी भी आरोपी पुलिस की पकड़ से काफी दूर है,पुलिस की इस निष्क्रियता के चलते लोगों में रोष है, मालूम हो कि बीते रविवार की रात्रि को पुरानी रंजीश को लेकर ग्राम प्रधान अपने लोगों के साथ भाजपा पदाधिकारी के घर लाठी डंडा ईंट पत्थर लेकर हमला कर दिया था,जिसमें छह लोगों को चोटें आई थी,जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित घायल जयप्रकाश के तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत एक दर्जन से अधिक के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट,छेड़छाड़, बलवा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### 14 को होगी महायोजना सुनवाई की बैठक

**गाजीपुर।** भारत सरकार की अमृत योजना अन्तर्गत नगर की जीआईएस आधारित तैयार की जा रही महायोजना-2031 (प्रारूप) पर जन साधारण से प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर सुनवाई 14 एवं 15 नवंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राईफल क्लब सभागार में की जायेगी। उपजिलाधिकारी सदर/नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने पत्र प्रेषित कर सहयुक्त नियोजक,वाराणसी सम्भागीय नियोजन खण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग वाराणसी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रा.खण्ड, अधिशासी अभियन्ता जल निमग (द्वितीय) को उक्त तिथि को स्वयं ससमय नियत स्थान पर उपस्थित होकर आपत्ति/सुझाव पर अपना विचार कर निस्तारण कराने को कहा है।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए समय सारणी निर्गत

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2022-23 हेतु समय सारणी शासन द्वारा निर्गत की गयी है। जनपद के समस्त संस्थायें निम्न विवरण के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें। कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के नवीन (फ्रेस) तथा नवीनीकरण अवशेष के छात्रों हेतु छात्रों द्वारा किये आनलाईन आवेदन को विद्यालय/संस्था द्वारा फारवर्ड दिनांक 15 नवम्बर तक किया जाना है।

### बड़े भाग्य से मिलता है मनुष्य का जीवन

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय तहसील अंतर्गत श्री रामचरित संगीतमय कथा अमृत सरोवर के अंतर्गत स्थानीय विकास खंड स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर परिसर में चल रहे कथा के चौथे दिन साध्वी साधना जी ने बताया कि मनुष्य का जीवन बड़े पुर्ण से मिलता है। फिर भी मानव अपना अमूल्य जीवन क्षणिक विषयों के पीछे गवा देता है। जिससे शास्त्रों में देव दुर्लभ कहा गया है। ऐसे देव दुर्लभ शरीर को हम आलस ,प्रमोद ,आराम और भोग विलास में बिता देते हैं। जीवन रहते हम अपने आप को नहीं समझ पाते। हमारे ऋषियों ने इस क्षणभंगुर शरीर को व्याधियों का घर बताया है। इस संसार में चारों तरफ दुख का बोलबाला है। अब प्रश्न उठता है कि इस दुख से बचने का उपाय क्या है? शास्त्र कहते हैं कि स्वेच्छा पूर्वक विषयों को त्यागने में ही सच्चा सुख है। जिसके पास जितना अधिक विषय का संग्रह है वह उतना ही अधिक दुखी है।

# इग्नू पाठ्यक्रम से युवाओं को मिलता रोजगार:राघवेंद्र

**गाजीपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पीजी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर वर्तमान सत्र के लिए छात्र परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। क्षेत्रीय निदेशक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित छात्र परिचय कार्यक्रम के बारे में मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जब भी कोई छात्र रेगुलर स्टडी प्रोग्राम से डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम में एडमिशन लेता है। तो उसको बहुत सी नई जानकारियों की आवश्यकता होती है। इग्नू में एडमिशन लेने के बाद उन्हें डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े असाइनमेंट स्टडी मैटरियल आदि के बारे में विस्तार से बताया जाता है। बताया कि सोशल मीडिया के बेहतर इस्तेमाल से इग्नू जैसी संस्थाएं छात्रों से और कारगर ढंग से संवाद स्थापित करने में कामयाब हुई है। डिस्टेंस लर्निंग के छात्र दूर-दराज बैठे हैं सोशल मीडिया पर इग्नू के हैंडल्स के जरिए अपने दूरस्थ शिक्षा को और सहज और बेहतर बना सकते हैं। पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम वैश्विक स्तर के है। इनको पढ़ने के बाद छात्र पूरी तरीके से विषय की गहन जानकारी रख सकते हैं। इग्नू में पाठ्यक्रमों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसमें कई पाठ्यक्रम तो सीधे तौर पर कई तरह के रोजगार के लिए युवाओं को तैयार करते हैं। इग्नू की क्लास हाइब्रिड मोड में चलती है। इग्नू में सेवारत व्यक्ति भी आगे की अपनी पढ़ाई जारी रख सकता है। डा. संजय कुमार डिप्टी डायरेक्टर इग्नू वाराणसी ने छात्रों के समक्ष डिस्टेंस लर्निंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। पीजी कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डा. डी.के सिंह ने विषय स्थापना करते हुए दूरस्थ शिक्षा शिक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पीजी कॉलेज इग्नू के सह समन्वयक डॉक्टर पीयूष कांत सिंह ने किया। इस मौके पर प्रोफे. एसडी सिंह परिहार, प्रोफे. एसएन सिंह, डा अरूण कुमार यादव, डा. अजातशत्रु सिंह , डा. अखिलेश कुमार, डा. हरेंद्र सिंह, डा. जे के राव, डा. अमरजीत सिंह, डा. अमित प्रताप आदि मौजूद रहे।

## इंजीनियर्स संघ ने दिया धरना

**गाजीपुर।** अवर अभियंता की समस्याओं के प्रति विभागीय उदासीनता के विरोध में संघ की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोनिवि का धरना-प्रदर्शन प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि के कार्यालय परिसर में किया गया। धरने के उपरान्त प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष लोनिवि को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस धरने के कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा पूर्ण समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश के विभागीय कार्यों को रोक कर अपनी एकता का प्रदर्शन किया जायेगा। इससे शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्पन्न बाधा के लिए केवल विभागीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महासंघ के संरक्षक इं. अरविन्द नाथ राय द्वारा घोषणा की गयी कि यदि मांगें पूर्ण नहीं हुई तो हड़ताल तक की घोषणा कर दी जायेगी। इस अवसर पर इं पूनम, इं निधि, इं गुन्जा, इं बलिराम, इं पारस, चन्दन वर्मा, राजेश, शाहनवाज, विरेन्द्र, संदीप, राजकुमार, चन्दन राय, रमेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक इं0 एएन राय द्वारा तथा संचालन जनपद सचिव चन्दन वर्मा व जनपद अध्यक्ष इं सुरेन्द्र प्रताप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने बीमारू अस्पताल का देखा हाल, लगाई फटकार

**सख्ती**

## सीएमओ सहित अधीक्षक को जल्द से जल्द स्थिति सुधारने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय तहसील अंतर्गत जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक निवास मोहनपुरा में भागवत कथा के समापन के अवसर पर आयोजित भंडारा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की भी उपस्थित हुए थे। लौटते समय उन्होंने अचानक स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। बताते चलें कि औचक निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता की शिकायत पर सीएमओ सहित अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। उनके संज्ञान में जब यह बात आई कि यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर


मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

चिकित्सकों की लापरवाही की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है तो इस संदर्भ का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। नागरिकों ने बताया कि यहां रात के समय इमरजेंसी नहीं चलती है। रात के समय चिकित्सक भी नदारद रहते हैं। यहां तक की रात में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। प्रसव पीड़ा से कराहती महिलाओं को अंधेरे में नर्स के सहारे ही प्रसव कराया जाता है। जबकि महिला चिकित्सक नदारद रहती है।उपमुख्यमंत्री आग बबूला होते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिए और उन्होंने तत्काल व्यवस्था को सुधारने के लिए कहा। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित वर्षो से खराब चल रहे एक्सरे मशीन तथा अन्य उपकरणों को बदलने का निर्देश दिया। हॉस्पिटल परिसर में महिला चिकित्सक की तैनाती का भी आदेश दिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# टूटी रेल पटरी से गुजरी हमसफर एक्सप्रेस, टला बड़ा हादसा

जनसंदेश न्यूज

**गहमर।** दानापुर रेलमंडल के पीडीडीयू-बक्सर रेल मार्ग पर मंगलवार की रात बड़ा हादसा टल गया। सहरसा जंक्शन से चलकर-बांद्रा टर्मिनल को जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस पलटने से बाल-बाल बच गई। ट्रेन के पास होने के दौरान रेल पटरी में फ्रैक्चर हो गया और ट्रेन टूटी पटरी से गुजर गई।


करहिया हाल्ट-भदौरा स्टेशन के बीच देवकली रेलवे फाटक के पास टूटी रेल पटरी।

हालांकि, इसकी जानकारी मिलते ही ट्रेनों का परिचालन कुछ समय के लिए रोक दिया गया। पटरी मरम्मत होने के बाद पुनः ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ। बाद में अहमदाबाद-मुंबई एक्सप्रेस को टूटी रेल पटरी पर क्लैंप प्लेट बांध कर कासना के सहारे पास कराया गया। करहिया हाल्ट-भदौरा स्टेशन के बीच देवकली रेलवे फाटक संख्या 83 सी से मंगलवार की रात एक बजकर 40 बजें अप लाइन से सहरसा से बांद्रा जा रही हमसफर एक्सप्रेस टूटी रेल पटरी से गुजर रही थी गेट मैन जय गोविन्द को आल राइट के दौरान उसे कट-कट की आवाज सुनाई दी। हमसफर एक्सप्रेस गुजरने के बाद पटरी को देखा तो रेल टूटने के कारण तीन इंच का गैप आ गया था। उसने रेल टूटने की सूचना भदौरा स्टेशन सहित उच्चाधिकारियों को दी। इस रुट से तीस मिनट बाद अहमदाबाद-मुंबई को भी गुजरना था। सूचना मिलते ही रेल पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर टूटी रेल पटरी पर क्लैंप प्लेट बांधकर 30किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से कॉशन लगाकर अहमदाबाद-मुंबई को क्रॉस कराया। अगले दिन बुधवार को टूटी रेल पटरी को बदलकर नई रेल पटरी लगा दी गयी। इसके बाद ट्रेनों का परिचालन सुचारु रुप से सामान्य हो गया। रेल पथ निरीक्षक गहमर उपेंद्र कुमार ने बताया कि हमसफर एक्सप्रेस के तुरंत बाद दूसरी यात्री ट्रेन नहीं होने के कारण दूसरी ट्रेनों के परिचालन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। टूटी रेल को बदलकर यातायात सामान्य रुप से बहाल कर दिया गया है।

## एनएचएम की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**सैदपुर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण एनएचएम दिल्ली पीआईपी की दो सदस्यीय मॉनिटरिंग टीम ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाएं धरातल पर पहुँच रही हैं कि नहीं, टीम ने इस बात की जांच की। सबसे पहले टीम के नोडल इन्वेस्टिगेटर राहुल कुमार व डा. ज्योति सीएचसी पहुंचे। वहां उन्हांने एक-एक चीज की बारीकी से जांच की।उन्होंने इमरजेंसी, दवा वितरण, टीबी विभाग, कोल्ड चेन, डेंगू वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावा दवा स्टोर में पहुंचे। दवाओं के एक्सपायरी आदि के बाबत पूछा। कहा कि उन दवाओं को आगे रखें, जो एक्सपायर होने वाली हों। कोल्ड चेन में कहा कि आधुनिक गुणवत्ता के डीप फ्रीजर के लिए डीएम को लिखें। जिस पर अधीक्षक ने कहा कि सीएमओ से मांग की गई है। डेंगू वार्ड में जाकर मरीजों को भर्ती किए जाने की जानकारी ली। बताया कि केंद्र सरकार की मंशा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। कहा कि इसी बात की पुष्टि के लिए टीम आई थी। बताया कि सैदपुर सीएचसी के पूर्व गाजीपुर के जिला अस्पताल व अंधऊ पीएचसी समेत जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करके सुविधाओं की जांच की गई है। कहा कि इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। इस मौके पर डॉ. एसके सिंह, डॉ. अभय गुप्त, फार्मासिस्ट आशीष सिंह आदि रहे।

# डीआरएम ने सिटी रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** यात्रियों की सुरक्षा तथा सुविधाओं के समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मंडलीय अधिकारियों समेत औड़िहार- गाजीपुर सिटी-युसूफपुर रेलवे स्टेशन का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करने के दौरान औड़िहार, तरांव, नन्दगंज एवं गाजीपुर सिटी स्टेशनों पर संरक्षा उपकरणों को देखा। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने निरीक्षण के दौरान गाजीपुर सिटी स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन भवन, स्टेशन पैनल, रिले रूम, आईपीएस रूम, अग्निशमन उपकरण, पॉइंट एण्ड क्रासिंग रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, चाभी स्थानान्तरण रजिस्टर, पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफार्मों पर छाजन एवं आरआरसी बेंचेस, विभिन्न स्टालों समेत फूड प्लाजा, प्रतीक्षालयों तथा यात्री सुख सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इसके उपरांत डीआरएम अपनी निरीक्षण स्पेशल गाड़ी से यूसुफपुर एवं शाहबाज कुली स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए बलिया के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आलोक केशरवानी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला समेत मंडल के वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित थे।


सिटी रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करते डीआरएम रामाश्रय पाण्डेय।

# प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र-छात्राओं का सम्मान

**सुहवल।** स्थानीय सुहवल गाँव के कम्पोजिट विद्यालय परिसर में आज बुधवार को एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आविष्कार व राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित कक्षा 6 के छात्र हिमांशु और 8 की छात्रा किरण कुमारी के साथ इनकी शिक्षका नीरज सिंह तथा शिक्षक राजेश दुबे को भी बीईओ अशोक कुमार गौतम ने स्मृति चिन्ह व फूलमाला पहना भव्य स्वागत किया।आयोजित इस अवसर पर बोलते हुए बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य हैं इनकी प्रतिभा, योग्यता एवं क्षमता को निखार कर अगर सही रास्ता दिया जाए तो आने वाले समय में ना केवल अपने क्षेत्र और जिले के लिए बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। मालूम हो कि कम्पोजिट विद्यालय सुहवल की कक्षा 6 के छात्र हिमांशु और 8 की छात्रा किरण कुमारी ने जनपद स्तर पर आयोजित हुई राष्ट्रीय आविष्कार योजना कार्यक्रम के तहत विज्ञान प्रदर्शनी में न्यूटन के गति सिद्धांत पर आधारित राकेट का सफल प्रदर्शन किया था। जिसका उनका चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया।इस स्वागत समारोह कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेम कुमार उपाध्याय, भगवती प्रसाद तिवारी, सत्यप्रकाश, गौतम यादव, कबीन्द्र कुमार, सतीश उपाध्याय, नवनीत सिंह, शैलेन्द्र राय,श्वेता जायसवाल, महेन्द्र यादव,जानकी गुप्ता, सीमा पाण्डेय आदि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अन्जनी कुमार व संचालन राजेश कुमार दुबे ने किया।


सुहवल कम्पोजिट विद्यालय में चयनित छात्र व उनके अध्यापकों को सम्मानित करते बीईओ अशोक कुमार गौतम।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मतदाता पंजीकरण का शुभारंभ

**गाजीपुर।** एक जनवरी के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजकीय महिला पी.जी. कालेज में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु 01 जनवरी अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली में मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने की व्यवस्था नियत की गयी थी जिसे अब आयोग द्वारा परिवर्तित करते हुये वर्ष में चार अर्हता तिथियां नियत की गयी है। घर-घर सर्वे के दौरान यदि कोई मतदाता 01 जनवरी की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को अर्ह हो रहे है तो उन सभी अर्ह मतदाताओं से फार्म -6 प्राप्त कर लिया जायेगा और यथासमय उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि आयोग द्वारा वर्तमान में प्रचलित फार्मो को विगत एक अगस्त से संशोधित कर दिया गया है। अतः इस पुनरीक्षण में संशोधित फार्म -6, 6 ए, 6 बी, 7 एवं 8 प्रयोग में लाये जायेंगे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रा.प्रधानाचार्य सारिका सिंह राजकीय महिला पीजी कालेज, उपजिलाधिकारी सदर, एवं अन्य अधिकारियो के अतिरिक्त भारी संख्या मे छात्राए उपस्थित थी।

# वीडीओ ने रोजगार सेवकों को डांटकर आफिस से भगाया

**गुस्सा**

## अधिकारी के रवैये से क्षुब्ध कर्मचारियों ने की नारेबाजी

जनसंदेश न्यूज

**जखनिया।** स्थानीय विकास खंड के रोजगार सेवकों ने खण्ड विकास अधिकारी यशवंत कुमार के चेंबर के सामने फील्ड में नारेबाजी कर विरोध जताया। रोजगार सेवकों ने कहा कि हम लोगों को मीटिंग के लिए बुलाया गया था। जबकि मीटिंग हाल में जल जीवन जल मिशन के तहत कई दिनों से प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें जगह नहीं थी तो हम लोगों को एपीओ रामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में आप लोग कुर्सी लेकर चलिए और वही मीटिंग होगी। रोजगार सेवक जैसे ही मीटिंग हॉल में पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने उन्हें डांट कर बाहर भगा दिया। कहा कि कूड़ा कबाड़ा बटोरने की ऑफिस नहीं है। तुरंत कुर्सी से उठो बाहर जाओ जिसका रोजगार सेवकों ने विरोध करते हुए कहा कि हम लोग सरकार के मुलाजिम है। हम लोगों को इनके द्वारा कई बार प्रताड़ित किया जाता है और छोटे-बड़े कई कर्मचारियों को इनके अपशब्दों का सामना भी आये दिन करना पड़ता है। जिसके बाद सभी रोजगार सेवक ऑफिस के बाहर खड़े होकर नारेबाजी की। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मै खंड विकास अधिकारी हूं। यह हमारे कर्मचारी हैं। इनसे डांट कर कार्य करवाना मेरा दायित्व है। उनको मीटिंग हाल में मीटिंग के लिए बोला गया था। लेकिन वे लोग हमारे ऑफिस में आ गए। जिनकी संख्या ज्यादा थी। ऑफिस में सचिव की मीटिंग होनी थी। जिसके लिए उन्हें डांट कर बाहर कर दिया गया। क्योंकि रोजगार सेवक पिछले एक वर्ष से कार्य नहीं कर रहे हैं। जबकि रोजगार सेवकों का कहना है कि हम लोग एक वर्ष से काम नहीं कर रहे हैं फिर भी कई लाख रुपए गांव में कैसे भेजा जा रही है। इसी का जवाब खण्ड विकास अधिकारी दें क्योंकि हम लोगों का जो अधिकार है। नारेबाजी करने वालों में मुकेश चौहान, चंद्रकांत मौर्य,नंदलाल यादव, मनोज यादव, सुनील कुमार, महेश, माधुरी ,सुमन, दयानंद, देवानंद, देवनारायण, उमेश ठाकुर, सुखविंदर, फिरोज, हैदर अली, आदि लोग शामिल रहे ।


जखनियां ब्लॉक पर नारेबाजी करते रोजगार सेवक।

## जनसंपादकीय

# बाइडेन की सफलता कसौटी पर

अमेरीकी वोटरों को तय करना है कि अस्सी-वर्षीय जो बाइडेन फिर राष्ट्रपति बन पाएंगे अथवा डोनाल्ड ट्रंप अपनी दो वर्ष पूर्व की पराजय का बाइडेन से प्रतिशोध ले सकेंगे? अमेरीकी राष्ट्रपति का चुनाव 2024 में है। भारतीय लोकसभा का चुनाव भी तभी है। करीब चार करोड़ वोटरों ने अमरीकी संसद के दोनों सदनों के (100-सदस्यीय सीनेट के पैंतीस तथा निचली सदन के सभी 435) सदस्यों का भाग्य मतपेटी में कैद कर दिया है। ट्रंप का अभियान रहा कि अमेरीका आज विश्व पटल पर मजाक बन गया है। ट्रंप ने कल मीडिया को बताया कि वे जल्द ही विशेष घोषणा करेंगे। तब तक स्पष्ट हो जाएगा कि सीनेट में उनकी रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिल पायेगा? अभी दोनों दलों के सदस्यों की संख्या समान (50-50) है। उपराष्ट्रपति कमला (श्यामला-गोपालन) हैरिस हैं जो सीनेट (राज्यसभा) की सभापति हैं। उनका वोट ही निर्णायक होता हैं, मगर निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के 435 सदस्यों के चुनाव में ट्रंप को बहुमत की आवश्यकता है।

ऐसे मतदान की घड़ी पर राष्ट्रपति बाइडेन ने मतदाताओं से एक ओजस्वी अपील की थी : अपनी आवाज सुनाईये : वोट दीजिए। उनकी पार्टी का खास मुद्दा है : हर नारी को गर्भपात कराने का हक है। उच्चतम न्यायालय ने गत दिनों उसे अवैध करार दिया था। अपने दो वर्षों के शासन काल के गुण दोष पर भी बाइडेन ने जनमत मांगा है। यूक्रेन की सुरक्षा इसका खास मसला हैं।



कल हुए संसदीय चुनाव के परिणाम से तय हो जाएगा कि क्या राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन दुबारा प्रत्याशी बन पायेंगे?

इन चुनावों को कई कारणों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ये मध्यावधि चुनाव अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बाकी बचे दो वर्षीय कार्यकाल की दिशा तय करेंगे। तमाम संकेत डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ हैं। चुनाव पूर्व के जनमत सर्वेक्षणों से आम संकेत मिले हैं कि हाउस ऑफ रिप्रंजेंटेटिव में सत्ताधारी डेमोक्रेटिव पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी। सीनेट का बहुमत भी वह गंवा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो राष्ट्रपति बाइडन की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की अलोकप्रियता का हाल यह है कि मिडटर्म चुनाव के प्रचार के अभियान से उन्हें खुद को लगभग हटा लेना पड़ा है। पिछले कुछ दिन से उन्होंने किसी बड़ी चुनाव सभा को संबोधित नहीं किया है। इसके बजाय लोगों के छोटे समूहों से संवाद करने की रणनीति पर वे चल रहे हैं, जहां उन्हें अपने प्रशासन के कामकाज के बारे में स्पष्टीकरण देने का बेहतर मौका मिलता है।

ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपने एक आकलन में कहा है कि अगर दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत हो गया, तो वह बाइडन के खिलाफ कई तरह की जांच शुरू करवा सकती है। साथ ही वह प्रशासन के बजट प्रस्तावों को लटका सकती है। इसी बीच बाइडेन के लिए शासन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

अमेरिका के इन मध्यवर्ती संसदीय चुनाव में रसोई ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण अभियान का बिंदु है। आम वोटर भी महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था (खासकर शस्त्र लाइसेंस का बेजा उपयोग), वेतन वृद्धि आदि है। इनके अतिरिक्त तीन प्रश्न अन्य अभी उठते हैं। यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के उम्मीदद्वार बने तो क्या बाइडेन उनसे मुकाबला कर पाएंगे? स्वयं बाइडेन के स्थान पर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास विकल्प कौन है? उधर रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन की आक्रामकता, खासकर ताइवान की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में, विशेष ध्यान आकृष्ट करते हैं।

स्पष्ट तौर पर यह चुनाव परिणाम राष्ट्रपति जो बाइडेन के दो वर्ष के कालखंड की उपलब्धियों और विफलताओं पर भी रायशुमारी होगी। कुल मिलाकर अमेरिका के विश्व शक्ति की स्थिति पर भी नजरिया तय होगा। इन्हीं बिंदुओं पर आगामी समय में अमेरिकी राजनीति वैश्विक उथल पुथल का कारक भी बन सकती है।

भविष्य के गर्भ में आशंकायें और आशायें समाहित हैं।



**के विक्रम राव**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं,**
**संपर्क : 9415000909**

# हिमाचल : क्या टूट जाएगी लोकतंत्र की लय !

**चुनाव**



**प्रेम सिंह**

1991 से दिल्ली के बाद शिमला मेरा दूसरा शहर रहा है. इस दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी शहरों, कस्बों और गांवों में आना-जाना होता रहा है. खेती-किसानी से लेकर व्यवसाय से जुड़े लोगों तक, प्रशासन से लेकर साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, वकीलों, नेताओं आदि तक और कुलियों (जिन्हें खान कह कर बुलाने का रिवाज है और शिमला सहित सभी शहर कस्बे जिनकी पीठ पर टिके हैं) से लेकर इमारत, सड़क, पुल आदि के निर्माण में लगे प्रवासी और स्थानीय मजदूरों तक से कुछ न कुछ परिचय और चर्चा होती रही है. इस दौरान मैंने यह अनुभव किया है कि हिमाचल प्रदेश में बारी-बारी से कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की परिघटना को यहां का नागरिक समाज सहजता से लेता है. प्रदेश के विकास-कार्य, कार्य-संस्कृति, साहित्यिक-सांस्कृतिक-शैक्षिक गतिविधियां दोनों पार्टियों के शासन में बिना किसी खास व्यवधान के सामान्य रूप से चलती रहती हैं. कांग्रेस-शासन में भाजपा के लोगों के काम नहीं रुकते और भाजपा-शासन में कांग्रेस के लोगों के. दोनों पार्टियों की सरकारें चुनने वाली हिमाचल की सामान्य जनता का काम भी सुभीते से होता रहता है.

इस साल लगभग पूरी गर्मियां मैं शिमला में रहा. जून के अंतिम सप्ताह और जुलाई के पहले सप्ताह को मिला कर करीब 10-12 दिनों की लंबी यात्रा - शिमला, रामपुर बुशहर, सराहन, सांगला, कल्पा, पूह, सपीलो, ताबो, काजा, लोसर, चंद्रताल, बातल, कोकसर, केलोंग, उदयपुर, मनाली, कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, शिमला - एक बार फिर की. इस दौरान मिलने वाले प्रायः सभी लोगों से मैंने आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में उनका आकलन और रुझान जानने की कोशिश की. प्रायः सभी ने एक जैसा जवाब दिया - अभी चुनावों में देर है. कुछ फैसला नहीं किया है. देखेंगे क्या करना है. सितम्बर तक लोगों का कमोबेश यही जवाब बना रहा.

चुनावों की घोषणा के बाद से लोग कई सारे मुद्दों पर मुखर होने लगे. नौकरी-पेशा लोग स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में समाप्त की गई पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की बात करने लगे. खेती और बागवानी करने वाले किसान बीज-खाद, कीटनाशक आदि के तेजी से बढ़ने वाले खर्च की शिकायत करने लगे. जब मैंने पूछा कि प्रधानमंत्री की किसान योजना के तहत किसानों को हर महीने कुछ आर्थिक मदद मिलती है, तो कई किसानों ने कहा कि यह बनियागीरी है, एक हजार देंगे, चार हजार वापस छीन लेंगे. बेरोजगारी और महंगाई पूरे देश की तरह हिमाचल प्रदेश में भी दो गंभीर समस्याएं हैं. ये दोनों मुद्दे भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनने लगे. सेना में नौजवानों की भर्ती की अग्निवीर योजना पर लोगों का गुस्सा सामने आने लगा. इस विषय में मैंने जब हिमाचल के कुछ अवकाश-प्राप्त फौजियों से चर्चा की तो वे इसके खिलाफ काफी नाराज नजर आए. उनका कहना था कि यह योजना सेनाओं में सिपाही भर्ती की इच्छा से परिचालित युवाओं के कैरियर के लिहाज से तो गलत है ही, सेनाओं के अनुशासन और शक्ति के लिए भी घातक है. अलग-अलग महकमों के कर्मचारी भी अपनी समस्याओं के बारे में बताने लगे. यह तथ्य भी चर्चा में आया है कि 2017 के बाद से हिमाचल में नशे (ड्रग्स) की समस्या में वृद्धि हुई है. इस पूरी चर्चा में मैंने पढ़े-लिखे लोगों से हिमाचल प्रदेश में स्थापित किये जा रहे निजी विश्वविद्यालयों और नई शिक्षा नीति के बारे में सवाल किया. लेकिन मुझे आश्चर्य और निराशा भी हुई कि इन मुद्दों पर उनमें किसी की भी साफ सोच नहीं है. चुनावी चर्चा में ये मुद्दे शामिल नहीं हैं.

अब ये सभी मुद्दे चुनावी माहौल में बिखरे हुए हैं. कांग्रेस इनमें से कई मुद्दों को उठा रही है और उनके समाधान के वायदे कर रही है. जिन अखबारों में चुनावों की ठीक-ठाक रिपोर्टिंग हो रही है, उन सभी में ये मुद्दे शामिल हैं. लेकिन जरूरी नहीं है कि कांग्रेस को इसका चुनावी लाभ मिल जाएगा. इन मुद्दों के साथ लोग कांग्रेस के बिखराव का सवाल भी उठा देते हैं. राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के बिखराव का हिमाचल पर ज्यादा असर न भी हो, लोगों का कहना है कि राजा वीरभद्र सिंह के निधन के बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में पहले जैसी एकजुटता का अभाव है. भाजपा शुरू से यह प्रचार कर रही है कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार हैं. हालांकि, भाजपा के इस प्रचार में ज्यादा दम नहीं है. कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह चुनाव नहीं लड़ रही हैं. कांग्रेसियों के मुताबिक वे मुख्यमंत्री की दावेदार नहीं हैं, और संगठन के संचालन और मजबूती का काम करती रहेंगी. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कौल सिंह ठाकुर और सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' के नाम ही मुख्यमंत्री के दावेदारों में शेष बच जाते हैं. ये दोनों भाजपा के वर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से ज्यादा प्रखर और अनुभवी नेता हैं.



गर्मियों से लेकर अभी तक हिमाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने स्पष्ट कहा कि वे मोदी के समर्थक हैं और मोदी को ही वोट देंगे. ऐसा कहने वालों में परंपरागत रूप से कांग्रेस को वोट देने वाले लोग भी शामिल हैं. यह अकारण नहीं है कि भाजपा ठोस मुद्दों और कमजोर छवि वाले मुख्यमंत्री से जनता का ध्यान हटाने के लिए पूरी तरह नरेंद्र मोदी के 'करिश्मे' पर निर्भर हो गई है. पूरा मीडिया मैनेजमेंट भी वह उसी दिशा में किया गया है. प्रधानमंत्री चुनावों के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश की चार-पांच यात्राएं कर चुके हैं. अपनी हाल की सोलन की चुनावी सभा में उन्होंने सरकार, मुख्यमंत्री उम्मीदवारों को एक तरफ हटा कर सीधे अपने नाम पर वोट डालने की अपील की है. यह दुहाई देते हुए कि लोगों का वोट मोदी के लिए आशीर्वाद होगा.

जाहिर है, भाजपा ने यह रणनीति अपनाकर मतदाताओं को यह संदेश देने की कोशिश की है कि कांग्रेस के पास मोदी जैसा नेता नहीं है. भाजपा के बागियों के लिए भी उसका संदेश है कि पार्टी से बगावत मोदी के नेतृत्व से बगावत है. हालांकि, भाजपा को ही यह सोचना है कि ऐसा करके एक राजनीतिक पार्टी और सरकार के तौर पर वह अपनी कमजोरी दिखा रही है या ताकत? लगभग सभी अखबारों ने यह लिखा है कि कांग्रेस चुनावों में आर्थिक संसाधनों की कमी से जूझ रही है. दूसरी तरफ भाजपा अपनी नई राजनीतिक शैली के तहत चुनावों पर पानी की तरह पैसा बहाती है. हिमाचल में अकेले प्रधानमंत्री की यात्राओं पर कई करोड़ रूपया खर्च हुआ है. लोगों के बीच यह चर्चा का विषय भी है. इस पर भी भाजपा को ही सोचना है कि धन-बल पर इस कदर निर्भरता उसकी कमजोरी है या ताकत?

मैंने यह पाया है कि कांग्रेस के डॉ. यशवंत सिंह परमार से लेकर वीरभद्र सिंह तक और जनसंघ/भाजपा के शांता कुमार से लेकर प्रेमकुमार धूमल तक की सामान्य जनता और बौद्धिक समाज में स्वीकृति रही है. लोकतंत्र की इस स्वस्थ शैली का परिणाम हिमाचलवासियों के अच्छे शैक्षिक और आर्थिक स्तर में निकला है. यहां महिलाओं और युवाओं की जागरूकता को भी यहां की लोकतान्त्रिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जा सकता है. आरएसएस/भाजपा की 2014 से अस्तित्व में आई राजनीतिक शैली ने हिमाचल प्रदेश की उसके निर्माण के समय से चली आ रही इस लोकतान्त्रिक लय को काफी हद तक तोड़ा है. देखना यह है कि 12 नवम्बर 2022 को होने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल के लोग लोकतंत्र की खूबसूरत लय को बचाते हैं, या और ज्यादा टूट के हवाले करते हैं?

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं, संपर्क 8826275067)**

> **हिमाचल के कुछ अवकाश-प्राप्त फौजियों से चर्चा की तो वे इसके खिलाफ काफी नाराज नजर आए. उनका कहना था कि यह योजना सेनाओं में सिपाही भर्ती की इच्छा से परिचालित युवाओं के कैरियर के लिहाज से तो गलत है ही, सेनाओं के अनुशासन और शक्ति के लिए भी घातक है. अलग-अलग महकमों के कर्मचारी भी अपनी समस्याओं के बारे में बताने लगे. यह तथ्य भी चर्चा में आया है कि 2017 के बाद से हिमाचल में नशे (ड्रग्स) की समस्या में वृद्धि हुई है.**

# पराली पॉलिटिक्स से घुटती सांसें

**प्रसंगवश**



**राजेश माहेश्वरी**

सर्दियों की शुरूआत होते ही दिल्ली की हवाएं जहरीली हो गई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ते ही इस मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। हर साल की तरह पंजाब में पराली जलने से धुआं उठता लगातार दिख रहा है। यह धुआं ही आसमान में पहुंचता है और फिर दिल?ली गैस चैंबर में तब्दील हो जाती है। दिल्ली और एनसीआर की हवाएं जहरीली हो गई हैं। बावजूद इस मुद्दे पर केजरीवाल चुप्पी साधे हुए हैं, और दिल्लीवासी जहरीली हवाओं में सांस लेने को मजबूर हैं। विश्व स्तर पर 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची तैयार की गई है। उनमें से 28 शहर भारत के हैं। राजधानी दिल्ली गैस चैंबर तो पहले ही बन चुकी थी। यह हर भारतीय के लिये शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानियों में शुमार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तर भारत में पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले पंजाब में रिकार्ड किए गए हैं। बीते 28 अक्टूबर तक अकेले पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं की कुल संख्या 10,214 हो गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, इस साल 15 सितंबर से 26 अक्टूबर तक पंजाब में 2021 की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में नौ फीसदी की बड़ी वृद्धि हुई जो चिंता का विषय है। आयोग ने बताया कि हरियाणा में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 26 फीसदी की गिरावट आयी है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बनता जा रहा है। दिल्ली में औसत आदमी खांस रहा है। आंखों में जलन है और नाक लगातार बह रही है। सांस घुट रही है या फूलने लगती है। फेफड़ों के कैंसर फैलने के आसार बढ़ रहे हैं। स्ट्रोक आम रोग हो गए हैं। दिल का दौरा पडना, डायबिटीज का बढना, अस्थमा, डिप्रेशन, नर्वस सिस्टम, स्किन की समस्याएं, समझने की क्षमता पर चोट आदि रोग 'खतरनाक संकेत' दे रहे हैं। राजधानी के ही अस्पतालों में सांस की बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। छोटे बच्चों के स्कूल बंद करने पड़े हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी ही आएंगे, शेष घर से काम करेंगे। जिन पार्कों में सुबह टहलने और व्यायाम करने वालों की भीड़ होती थी, वे अब लगभग सूने पड़े हैं।

असल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहते थे कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है, पराली जलती है और जिससे धुआं उठता है और इससे दिल्ली प्रदूषित होती है। हालांकि अब पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है फिर भी प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है। पंजाब सरकार ने आदेश तो दिया हुआ है कि जो भी किसान पराली जलाएगा उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी और उस किसान को सभी सरकारी सहुलियतों से भी वंचित कर दिया जाएगा। बावजूद इसके किसान लगातार पराली जला रहे हैं और इसको लेकर अपनी मजबूरी भी बता रहे हैं।

पिछले साल हुई एक स्टडी के अनुसार, प्रदूषण की वजह से भारत खासकर उत्तर भारत में लोगों की जिंदगी में 9 साल कम हो सकते हैं। अमेरिका की प्रतिष्ठित शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर, पूर्व और उत्तर भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग बहुत ज्यादा बढ़े हुए प्रदूषण के स्तर में जीवन जीने को मजबूर हैं। इन इलाकों में देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दशक में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है और दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 21 भारत में हैं। वायु प्रदूषण का सर्वाधिक प्रभाव श्वसन तंत्र पर पड़ता है। इससे सर्दी-खांसी, ब्रोकांइटिस, निमोनिया, गले का दर्द, एलर्जी, अस्थमा, फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। वाहनों के धुएं में उपस्थित कण यकृत, आहार नली और बच्चों में मस्तिष्क विकार व हड्डी की बीमारियों का कारण बनते हैं।

पंजाब के किसानों का कहना है कि, पराली जलाने को लेकर सरकारी आदेश और किए गये प्रबंध नाकाफी हैं। वास्तव में पराली के लिए मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं निजी मशीनों से पराली को ठिकाने लगाने का काम करना मंहगा सौदा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय का बयान है कि पंजाब में किसानों को मशीनें मुहैया कराने के लिए 1347 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, लेकिन मशीनें किसानों तक नहीं पहुंची अथवा किसान पराली जलाने के ही आदी हैं। यदि निरीक्षण करने तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो आदि की टीम किसानों के खेतों तक जाती है, तो उन्हें बंधक बना लिया जाता है। यह अपराध है, जिसे पंजाब सरकार को ही देखना है।

केजरीवाल जिस रसायन के छिडकाव की बात करते रहे हैं, वह पंजाब में लागू क्यों नहीं किया जा सका? अब केजरीवाल और भगवंत मान एक और साल मांग रहे हैं, ताकि पराली की समस्या को खत्म किया जा सके। एक साल के बाद की क्या गारंटी है? दरअसल अब यह दायित्व साझा है, क्योंकि प्रदूषण का विस्तार दिल्ली के बाहर भी हो रहा है।

वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के मुख्य सचिव को 10 नवंबर को तलब करते हुए पराली जलाने को रोकने के लिए उठाये गये कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार हो गया है। यह सुनवाई 10 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की गयी थी। दरअसल, देश में प्रदूषण को लेकर सख्त नियम हैं, लेकिन उन्हें लागू करने वाला कोई नहीं है।

पराली का जलाना तो 15 नवंबर तक कम हो जाएगा, लेकिन प्रदूषण का यही कारक नहीं है। राजधानी के पड़ोसी शहरों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद आदि-में तो प्रदूषित हवा का स्तर 500 को भी छू चुका है। क्या हमारी सरकारें संवेदनहीन होकर खामोश बनी रहेंगी? क्या पराली जलाने से ही इतना भयानक प्रदूषण होता है? क्या चीन को उदाहरण मानकर और लंदन, मैक्सिको शहरों से सबक लेकर हम प्रदूषण को कम नहीं कर सकते? चीन ने अपने देश में करीब 40 फीसदी प्रदूषण कम किया है, नतीजतन वहां औसत उम्र 2 साल बढ़ गई है।

पराली जलाने से औसतन 38 फीसदी प्रदूषण हो रहा है। इनके अलावा कूड़ा जलाना, आग, प्रदूषित उद्योग, चूल्हा जलाना, सडक की धूल, निर्माण-कार्य आदि भी प्रदूषण के बुनियादी कारक हैं। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में गाड़ियों के कारण सबसे ज्यादा प्रदूषण है। जब प्रदूषण 'बेहद खतरनाक' स्तर पर पहुंच गया, तो दिल्ली में प्रदूषित वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी चस्पा की गई है। जबकि पंजाब और दिल्ली दोनों की बागडोर केजरीवाल की पार्टी के हाथों में है, ऐसे में अब किसानों के लिए बायो-डीकम्पोजर्स की अपनी बहुप्रचारित योजना को लागू करने का पूरा अधिकार है।

दिल्ली और पंजाब दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकार हैं, और इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई करने के सियासत ही होती दिख रही है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने का बुनियादी अधिकार है और कोई भी समाज पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकता है। दरअसल, प्रदूषण की समस्या एक दिन की नहीं है। साल भर इससे निपटने और इस मुद्दे पर संजीदा होने की जरूरत है।

**लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं**

# इनसान की पहचान का संकट



**तीरथ सिंह खरबंदा**

**एक**

ट्रेन रात को मुम्बई से चलकर सुबह सुबह कब रतलाम पहुँच गई यह उसे यह तब पता चला जब चाय बेचने वालों की आवाजें चाय ले चाय ले उसके कानों में सुनाई देने लगीं। रतलाम पहुंचते पहुंचते उसे अच्छी खासी ठंड महसूस होने लगी थी, ऐसे में उसकी चाय पीने की तलब और तेज हो गई थी। ट्रेन वहाँ पाँच मिनट तक रुकने वाली थी। वह उतरा और चाय वाले को आवाज देकर उससे कुल्हड़ में भरी गरम चाय लेकर उसकी चुस्कियाँ लेने लगा। इस बीच चाय वाला लड़का दूसरे मुसाफिरों को चाय देने में लग गया। इसी दौरान उसने भी चाय पूरी पी ली थी। वह लड़का लौटकर जब पैसे लेने आया तब पैसे मिलने पर वह शुक्रिया जनाब कहकर तेजी से आगे निकल गया। उसके कहे गए ये दो शब्द उसके कानों से होते हुए तेजी से उसके दिमाग में जा घुसे। उसे जिस चाय का स्वाद पीते समय बहुत अच्छा लगा था अब उसी चाय का स्वाद उसे कुछ अजीब सा महसूस होने लगा। दरअसल अब वह शब्दों से लोगों की पहचान करने लगा था।

**दो**

जब ट्रेन गौतमपुरा स्टेशन पर पहुंची तो पैसेंजर गरम केसरिया दूध का आनंद लेने के लिए नीचे उतरने लगे तो वह भी पीछे-पीछे उतर गया। जब वह स्टॉल पर दूध खरीदने वालों की लाइन में लगा था तभी उसकी नजर वहाँ कार्यरत कर्मचारी के गले में लटके ताबीज पर चली गई और वह उल्टे पाँव वापस लौट आया और चुपचाप आकर अपनी सीट पर बैठ गया। अब वह लोगों की पहचान उनके आस पास की वस्तुओं से करने लगा था।

**तीन**

जब उसके यहाँ बहुत वर्षों तक कोई संतान न हुई तो वह जगह-जगह जाकर मन्नतें मानने लगा। इसी बीच वह अजमेर भी गया और लौटते में वहाँ के बाजार से एक गोल जालीदार टोपी खरीद लाया। अब जब भी वह उसे पहनकर और माथे पर चंदन का टीका लगाकर अपने मोहल्ले में निकलता तब उसके अपने ही लोग उसे हैरत भरी निगाहों से अजनबियों की तरह देखने लगते। शायद वे भी अब इंसान की पहचान उसके पहरावे से करने लगे थे।

**चार**

इस बार जब वह माँ से मिलने लखनऊ गया और देर रात को वहाँ पहुंचा तब तेज बारिश हो रही थी और सड़कों पर चारों तरफ अंधेरा पसरा हुआ था। उसने हाथ देकर एक ऑटो रोका फिर उसके अंदर झांक कर देखा और तेजी से दूर हट गया। दरअसल वह ऑटो रिक्शा में बैठने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहता था। आखिर में वह जिस ऑटो में सवार हुआ उसमें सामने की ओर अलग-अलग तरह की कई तस्वीरें लगी हुई थीं। वह आश्वस्त मन से उसमें बैठ गया किन्तु गंतव्य पर पहुँचकर उसे पता चला कि वह जिससे बचने की लगातार कोशिश कर रहा था आखिर उसी ने उसे गंतव्य तक सुरक्षित पहुँचा दिया था। दरअसल वह अपने आसपास लगी तस्वीरों से लोगों की पहचान करने लगा था।

**पाँच**

उसे याद आया कि पिछली बार जब माँ बीमार हुई थी और तब उसे दुर्लभ समूह के रक्त की सख्त जरूरत थी। उस समय उसने कभी यह जानने की कोशिश न की थी कि जो रक्तदाता उसकी माँ को नया जीवन दे गया था उसकी निजी आस्थाएं और मान्यताऐं क्या थीं। लेकिन वह इतना जरूर समझ गया था कि सबके खून का रंग एक जैसा लाल होता है और जब वह वापस जाने लगा तो उसके मुहं से सहज ही निकल गया था - बहुत शुक्रिया जनाब !

अब वह सोचता है कि इस दौर में अपना हित साधने के चक्कर में, नित नए रूप धारण करने वाले बहरूपियों के कारण इंसान की पहचान का कितना गंभीर संकट खड़ा हो गया है !

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# नजर रखने के मायने

**व्यंग्य**



**डा प्रदीप उपाध्याय**

दद्दा जी,ये नजर क्यों रखी जाती है! मैंने धीर-गंभीर दद्दा जी से पूछा।

भाई,नजर रखने के अलग - अलग कारण होते हैं और अलग-अलग मायने भी।अभी तो विपक्षियों के कारनामों पर खासतौर पर नजर रखी जा रही है। शंकालू पत्नी अपने पति पर नजर रखती है। खुफिया एजेंसी दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखती है। और भी बहुत सी बातें हैं, क्या-क्या गिनाऊं। तुम तो यह बताओ कि यह सब तुम किस कारण से पूछ रहे हो।

दद्दा ,लगता है कि इस बार तीर निशाने पर ही लगेगा।

फिर वही बात!क्यों भाई, तुम्हें ऐसा क्यों लग रहा है और यह तुम किस संदर्भ में यह सब कह रहे हो। कुछ खुलासा करके बताओ ,तभी बात भी समझ में आ सकेगी।

दद्दा, महंगाई पर अब नजर रखी जाएगी।

तो ?इसमें कौन सी खास बात है! महंगाई पर तो नजर नहीं भी रखेंगे तब भी वह दिखाई देगी। क्या अभी तक वह छुपती-छुपाती आई है और वैसे भी नजर रख लेने भर से महंगाई कौन सी शमार्ने वाली है! वह कोई पुराने जमाने वाली नवनवेली दुल्हन सी छुईमुई होकर सिमटकर बैठ जाने वाली तो है नहीं,वह तो आज के जमाने वाली आधुनिका के समान है।अब खुलेपन का जमाना है। स्वच्छंद रहने का समय है, बंधनों से मुक्ति का आगाज है।ऐसे में महंगाई को जितना विस्तार पाना है, विस्तारित होती ही चली जाएगी।

फिर भी दद्दा,यह हो सकता है कि अभी तक उसपर नजर रखी ही नहीं गई हो और वह इसी कारण स्वच्छंद विचरण करती चली आ रही हो।और अब उसपर नजर रखने का फैसला लिया गया हो।

भाई तुम एक बात बताओ कि क्या महंगाई कोई चिड़कली का बच्चा है!जो तुम समझ रहे हो कि उसे कहीं निशाने पर रखा जाकर उससे दृष्टि सम्बन्ध बनाया जा सके।वह तो तितली की मानिंद है जो कभी यहां तो कभी वहां। उसपर नजर रखना क्या इतना आसान है!

लेकिन दद्दा,जब लक्ष्य निर्धारित हो तो लक्ष्य भेदन भी आसान हो जाता है।

बात तो तुम्हारी सही है किन्तु एक बात बताओ कि अभी तक महंगाई पर अर्जुन की तरह नजर किसने रखी है! और फिर तुम्हें अपने आसपास कोई अर्जुन जैसी क्षमता रखने वाला दिखाई दिया है।

नहीं ,अभी तक ऐसा कोई लक्ष्यवान सामने आया ही नहीं था किन्तु अब लगने लगा है कि कुछ तो होकर ही रहेगा।

ठीक है भाई, तुम कह रहे हो कि वे नजर रख लेंगे लेकिन क्या नजर रख लेने से ही लक्ष्य हासिल हो जाएगा! वैसे भी अभी तक कई लोगों ने मंहगाई पर काबू करने के दावे किए लेकिन महंगाई वहीं की वहीं हैं।उसका भेदन कोई नहीं कर पाया है।जिस दिन तुम्हें अर्जुन दिखाई दे जाए,उस दिन ही मुझसे बात करना क्योंकि तब लक्ष्य भी सामने होगा, लक्ष्य पर भी नजर और लक्ष्य भेदन भी।

अरे दद्दा, मैं यही तो कहना चाह रहा था।क्या आपने वह समाचार नहीं पढ़ा, जिसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर ने कहा था कि अर्जुन के कौशल की बराबरी कोई नहीं कर सकता लेकिन आरबीआई की अर्जुन की तरह महंगाई पर लगातार नजर रखने की कोशिश है।

तो यह तुमने पहले क्यों नहीं बताया। हमें तो ऐसे ही अर्जुन की तलाश थी। लगता है कि जो महंगाई डायन अभी तक हमें खाए जा रही थी,अब अर्जुन की नजरों के तीर से ही घायल होकर अधमरी पड़ी रहेगी और फिर कभी उठने का साहस नहीं कर सकेगी।हा हा हा।

और मैं दद्दा की बात सुनकर उनका चेहरा ही देखता रह गया। मैं समझ नहीं पाया कि वे गंभीरता से जवाब दे रहे हैं या फिर मजाक उड़ा रहे हैं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# महिला ने गलत फैसला करने का लगाया आरोप

## सगड़ी तहसील पर एसडीएम व सरकारी वकील के खिलाफ महिला ने किया हंगामा

जनसंदेश न्यूज

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील पर बुधवार की शाम एक महिला ने पैसा लेकर गलत फैसला का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। एसडीएम और सरकारी वकील को भला बुरा भी कहा। हंगामा देर तक चलता रहा एसडीएम ने फोन कर जीयनपुर कोतवाली पुलिस को मौके पर बुलाया, तब जाकर मामला शांत हुआ, इसके बावजूद भी महिला अपने जिद पर अड़ी रही।

सगड़ी तहसील क्षेत्र के भैसौड़ा गांव निवासी सविता बनाम कमला के बीच वरासत को लेकर एसडीएम कोर्ट में अपील की सुनवाई चल रही थी। कमला पांडेय की पत्नी सुशीला पांडेय ने बताया तहसीलदार द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया गया था और तहसीलदार कोर्ट से हम लोगों के पक्ष में फैसला भी हो गया और वरासत हो गई। इसके बाद से एसडीएम कोर्ट में दोबारा अपील की गई।

### आक्रोश

**काफी देर तक अफरा तफरी का रहा माहौल**

**महिला द्वारा लगाये गये आरोप बेबुनियाद-एसडीएम**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील पर हुए हंगामे के मामले में एसडीएम सगड़ी राजीव रत्न सिंह ने बताया की कुछ लोगों के द्वारा महिला को चढ़ा कर आगे किया गया है। जो भी आरोप है सारे बेबुनियाद और गलत है।

इसके बाद 29 अक्टूबर को अपीलकर्ता द्वारा अपनी अपील वापस ले ली गई। इसके बावजूद एक नवंबर को छिपे तौर से अपील कर्ता की अपील स्वीकार कर ली गई। जिस महिला की अपील स्वीकार की गई है उसकी 2 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। वही सुशीला पांडेय पत्नी कमला पांडेय ने आरोप लगाया अपील वापस लेने के बावजूद भी पैसा लेकर सविता की अपील स्वीकार कर ली गई। वही सरकारी वकील जोगिंदर सिंह द्वारा मुझसे भी 10 हजार एवं एसडीएम द्वारा 50 हजार रुपए लिया गया।

वही जब सरकारी वकील को फोन कर रही थी तो वह कह रहे थे इस समय गाड़ी चला रहा हूं। जबकि सरकारी वकील सगड़ी तहसील में ही मौजूद थे। वही मेरे वकील द्वारा बताया गया कि फैसला आप के खिलाफ हो गया है वह नेट पर भी चढ़ गया है। यह सुनते ही महिला आग बबूला हो गई और जमकर हंगामा किया और सरकारी वकील और एसडीएम को भी भला बुरा कहा इस दौरान अफरी अफरा-तफरी का माहौल था। काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई देर तक हंगामा चलता रहा। हंगामे को देखते हुए जीयनपुर कोतवाली प्रभारी यादवेंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।



सगड़ी तहसील पर हंगामा करती महिला।

## एसडीएम ने 13 मामलों का किया निस्तारण

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील में सालो से पड़े लम्बित मुकदमे के निस्तारण के लिए एसडीएम रवि कुमार ने प्राइमरी स्कूल फरिहा में लोगों की मौजूदगी में फाइलों को देखा। उन्होंने बताया कि कुल 18 मुकदमेंयुक्त फाइलें थी जिसमे से सर्वसम्मति से 13 का निस्तारण किया गया। शेष 3 फाइलों में सहमति न होने पर निस्तारण नहीं हो सका। 2 फाइलों में कोई पक्ष नहीं आया था। कुछ लोगो ने आपत्ति भी जाहिर की कि बिना वकीलों के फाईलों का निस्तारण कैसे हो सकता है क्योंकि निजामाबाद तहसील के वकीलो द्वारा हड़ताल किया गया है।

## फंदे से झूल कर युवक ने की खुदकुशी

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव निवासी एक युवक ने रस्सी का फंदा बनाकर घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पवई थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव निवासी 25 वर्षीय विशाल तिवारी पुत्र अनिल तिवारी ने अपने ही घर में रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जब युवक ने फांसी लगाई उस समय घर में परिजन मौजूद नहीं थे। मृतक के माता-पिता अयोध्या स्नान के लिए गए हुए थे। मृत युवक की चाची ने फंदे पर शव लटका देखा तो शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। युवक नशे का आदी था, उसने अपना हाथ भी ब्लेड से काट लिया था। मृतक विशाल चार भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जबरिया कोई नहीं ले पायेगा किसानों की जमीनः टिकैत

## मंदुरी में साधा सरकार पर निशाना

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद के मंदुरी स्थित हवाई पट्टी के विस्तारीकरण को लेकर सरकार की तरफ से चल रहे किसानों की जमीन के अधिग्रहण के प्रस्ताव के विरोध में किसान नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को जमुआ गांव में किसान पंचायत किया।

उन्होंने किसानों में जोश भरते हुए कहा कि अगर किसान अपनी जमीन नहीं बेचना चाहते हैं तो कोई उनकी जमीन जबरदस्ती नहीं ले पाएगा। ग्रामीणों को इसके लिए एकजुट होना होगा।

उन्होने कहा कि यह आंदोलन तभी खड़ा हो पाएगा, जब लोग अपनी जमीन का अधिग्रहण नहीं कराएंगे। राकेश टिकैत ने कहा कि मंदुरी में जो वर्तमान हवाई पट्टी है उसी से काम चलाना चाहिए, विस्तारीकरण के नाम पर जबरदस्ती किसानों की हरी-भरी खेती वाली जमीनों को नहीं लेना चाहिए, किसान कहां जाएंगे। ग्रामीणों को मुआवजे के लालच के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा होगा तो फिर आंदोलन नहीं खड़ा हो पाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं का भी आवाहन किया कि उनको किसानों के साथ लगातार खड़ा रहना चाहिए।



कार्यक्रम में उपस्थित राकेश टिकैत व अन्य।

## निर्वाचक नामावली में पुनरीक्षण अवधि तक अधिकारियों के स्थानान्तरण पर रोक

**आजमगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 के आधार पर प्रदेश के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने बताया 9 नवम्बर, को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन, 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर, तक दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि, 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर, 4 दिसम्बर को विशेष अभियान की तिथि एवं 26 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने की तिथि तथा 5 जनवरी 2023 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन करने की तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों यथा- जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इत्यादि को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि 9 नवम्बर से 5 जनवरी 2023 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी है।

# विचारधारा ही भाजपा का मूल मंत्रःभाष्कर

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष भास्कर निषाद व अन्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए भास्कर निषाद ने संगठन का इतिहास व विकास की चर्चा करते हुए कहां कि भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा का आधार मूल्य और विचारधारा रही है व्यक्ति नहीं विचारधारा ही भाजपा का मूल मंत्र है।

इसी बदौलत भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है दूसरे सत्र संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने कहा इसी बदौलत भाजपा या दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है भाजपा की सरकारें राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है तीसरा सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व जिला प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा भाजपा की ताकत की बदौलत ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया जा सका अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है काशी विंध्याचल और उज्जैन में कारीडोर निर्माण से सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलती है पिछड़ा वर्ग मोर्चा के चैथे सत्र को संबोधित करते करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर शिवनाथ चैधरी ने कहा भाजपा की कार्य पद्धति को सबको लेकर चलने की है इसके पीछे उद्देश्य सबसे सामंजस्य स्थापित कर भाजपा को आगे बढ़ाने का है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंद्रेश चैहान व संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश चैरसिया ने किया। कार्यक्रम में जीएल राजभर, मोनू विश्वकर्मा, जय-जय राम प्रजापति, रवि गुप्ता, शिवजीत चैहान, राजेश विश्वकर्मा, नंदलाल चैहान, हनुमान चैहान, परमहंस चैहान आलोक चैरसिया आदि लोग रहे।



भाष्कर निषाद का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

# 29 नवम्बर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे विद्युतकर्मी

## ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी रवैये व बिजली कर्मियों की समस्याओं का मामला

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र की 27 अक्टूबर को लखनऊ में हुई बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संघर्ष समिति ने 29 नवम्बर से समस्त ऊर्जा निगमों में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने की नोटिस बुधवार को प्रबन्धन को भेज दी है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये के कारण ऊर्जा निगमों को हो रही आर्थिक क्षति एवं ऊर्जा निगमों में व्याप्त भय के वातावरण को समाप्त कराने हेतु एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओ के समाधान हेतु बार-बार अनुरोध किये जाने के बावजूद कुछ भी सार्थक कार्यवाही न होने के कारण संघर्ष समिति ने सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण हेतु आन्दोलन का निर्णय लिया है।

29 नवम्बर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार प्रारम्भ करने से पहले संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों, सेवा संगठनों की केन्द्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी व सदस्य 11 नवम्बर को लखनऊ में शक्ति भवन मुख्यालय पर शान्तिपूर्वक सामूहिक सत्याग्रह व विरोध प्रदर्शन करेंगे। 18 नवम्बर को राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर विरोध सभायें की जायेंगी। तत्पश्चात प्रदेश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस व सभाओं के माध्यम से व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। आज की बैठक में संदीप प्रजापति, राजनारायण सिंह, प्रभुनारायण पाण्डेय, हरिओम सिंह, विक्रम वीर सिंह, नीरज तिवारी, काशी नाथ गुप्ता, शिवेंद्र, अखिल पांडेय, अशेष, ज्योति उपाध्याय, राहुल सिंगज, लाल बहादुर राम, अजय गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित प्रभुनारायण पाण्डेय व अन्य।

## पंचायत भवन का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के फत्तनपुर गांव में पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें लगे सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर, यूपीएस, इनवर्टर, बैटरी व जरूरी कागजात को चोर उठा ले गये। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह तब हुई जब पंचायत भवन पर पंचायत सहायिका मनीता पहुंची। उन्होंने देखा कि पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ है और सारे सामान गायब है। इसकी सूचना पंचायत सहायिका ने ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार को दिया। उन्होंने इसकी जानकारी एडीओ पंचायत मिजार्पुर सुरेश प्रजापति को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीओ पंचायत मिजार्पुर ने इसकी सूचना सरायमीर थाने के सीयूजी नंबर पर देना चाहा लेकिन सीयूजी नंबर स्विच ऑफ था जिसकी सूचना डायल 112 पर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस चली गयी। इस संबंध में ग्राम प्रधान नूरुद्दीन उर्फ छोटू ने बताया कि एक लाख 15 हजार की चोरी हुई है। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

# शिक्षा के दम पर बन सकते हैं विश्व गुरुः संदीप

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** कंपोजिट विद्यालय सरायमीर के प्रांगण में निपुण भारत के संबंध में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय सरायमीर के शिक्षक अभिमन्यु यादव द्वारा स्थापित ह्यनौनिहाल मदद बैंकह्व का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता संदीप पांडेय ने फीता काटकर किया।

इस बैंक के उद्देश्यों के बारे में प्रकाश डालते हुए संदीप पांडेय ने कहा कि शिक्षा समाज की अमूल्य कड़ी है। शिक्षा के बगैर मनुष्य अधूरा है। शिक्षा के बल पर विश्व गुरु बन सकते हैं। नये अभियान के बाबत शिक्षक अभिमन्यु यादव ने बताया कि हमारे आसपास तमाम जरूरतमंद बच्चे हैं जो किन्ही कारणों से शिक्षा से दूर हैं। ऐसे जरूरतमंद गरीब और अनाथ बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए और उन्हें शिक्षित बनाने के उद्देश्य से नौनिहाल मदद बैंक की स्थापना की गई है। इस बैंक द्वारा वर्ष भर ऐसे बच्चों को उनकी पढ़ाई से संबंधित शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जाएगी। शैक्षणिक सामग्री के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और बच्चों में हीन भावना पनपती है। ऐसे बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए इस बैंक की स्थापना की गई है। हम लोगों के प्रयास से स्टेशन पर भीख मांगने वाले व घुमंतू बच्चों को भी स्कूल से जोड़ा गया है। ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके शिक्षण से संबंधित कॉपी पेंसिल बैग इत्यादि सामग्री का वितरण वर्ष भर किया जाएगा। जिससे इन बच्चों के अंदर पढ़ने की ललक पैदा हो सके।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस बैंक की स्थापना की गई है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन ओबैदुर रहमान, वशी सिद्धकी, शैलेश प्रजापति, शिक्षिका प्रिया राय, भवानी शंकर सिंह, रश्मि मौर्या, रंजना प्रजापति, दयाराम, दुर्गेश राय, गोपाल विश्वकर्मा, नीरज मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 83 मरीजों का किया गया परीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन बुधवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया।

रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है, जिसमे लगातार कई तरह के बदलाव हो रहे हैं ऐसे में गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे जिसमें आज 83 मरीज का निःशुल्क जांच किया गया।

रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य पूर्वांचल के लोगो तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लम्बे समय समय से प्रत्येक माह के 9 तिथि में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे हजारों लोग अब तक लाभांवित हो चुके है। इसके अलावा हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की 9 तारीख को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है।

श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, श्रीकांत, नागेन्द्र मौर्य, सीमा, अनिता, गीता, संजू यादव सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।



मरीज का परीक्षण करती डा. खुशबू सिंह।

# देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति : वीरेन्द्र

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभारी पूर्वी जोन वीरेंद्र चौधरी विधायक के आजमगढ़ जनपद प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने फूल मालाओं से जगह जगह जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात जाफरपुर में नगर निकाय चुनावों को लेकर अहम बैठक हुयी बैठक में चुनावों की रणनीति पर विधिवत विचार विमर्श किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणिन्द्र मिश्र उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कुमार गौतम उपस्थित रहे।

कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुये उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी ने कहा वर्तमान समय में दो राजनैतिक दलों के दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है एक दल नफरत फैलाने में लगा हुआ है वहीं कांग्रेस पार्टी अमन चैन चाहती है। एक दल जाति धर्म अमीर गरीब ऊंच-नीच का भेद पैदा कर बांटने में लगा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी भाईचारे का संदेश देते हुये पूरब से पश्चिम तक उत्तर से दक्षिण तक जोड़ने में लगी है। देश की जनता अब सोच रही है किस विचारधारा को समर्थन कर देश को आगे बढ़ाना है और किसे सत्ता से बेदखल करना है।

उन्होंने कहा सभी कांग्रेसजनों को राहुल गांधी से सबक लेना चाहिये राहुल गांधी 155 दिनों की लगभग 36 सौ किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं पैदल चल रहे हैं और कंटेनर में सो रहे हैं। भाईचारे का संदेश जन जन तक पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस को सशक्त करने के लिये प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन 2 घंटे समय निकाले निश्चित रूप से कांग्रेस में मजबूती आयेगी। देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है सत्ता के डर से सारे विपक्षी दल मौन साधे हुए हैं मात्र कांग्रेस पार्टी ही जनहित के मुद्दों एवं शोषितो पीड़ितों दबे कुचले लोगो के हितों की रक्षा के लिये सड़को पर संघर्ष कर रही है। नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी सभी सीटों पर पूरी ताकत से लड़ेगी। बैठक को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणीन्द्र मिश्र उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कुमार गौतम एवं जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

बैठक में सुनील कुमार सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, आशुतोष द्विवेदी, मुन्नू यादव, रमेश राजभर, बेलाल अहमद, मनोज कुमार सिंह, ओंकार पाण्डेय, अजीत राय, तेजबहादुर यादव, लोग उपस्थित रहे।



विधायक वीरेन्द्र चौधरी का स्वागत करते कांग्रेसी।

## संक्षेप

### मेले के आखिरी दिन स्थानीय लोगों की रही भीड़



**फूलपुर (आजमगढ़)।** ऋषि दुर्वासा की तपोभूमि पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष श्रध्दालुओं का तमसा मंजुसा के संगम पर जमावड़ा होता है। मान्यता के अनुसार संगम में स्नान के बाद तमसा तीरे शिव मन्दिर पर जलाभिषेक कर शिव भगवान को प्रसन्न कर ऋषि दुर्वासा का दर्शन करते है। मन्नते पूरी होने पर महिलाएं कढाई चढाती है। ऋषि दुर्वासा के प्रति लोगों का मत है कि वे जहां क्रोधी थे वहीं दयालु भी। बाबा के शरण में मन्नते पूरी होती हैं। वैसे बाबा दुर्वासा की तपोस्थली फूलपुर तहसील के मनहर मय चक गजड़ी ग्राम पंचायत में पड़ता है। दुर्वासा गांव में मुख्य मेला लगता है। मेले के आखिरी दिन स्थानीय ग्रामीण मेले में आते है और मेले का आनन्द उठाते हैं। घर गृहस्थी के सामान खरीदकर घरों को ले जाते हैं। मेले में सुरक्षा की कमान पांच थानों की पुलिस सहित पीएसी कर रही है। नदी के तट पर रस्सी लगाई गई है। स्थानीय समाज सेवी प्रधान लेखपाल ग्राम पंचायत अधिकारी मन्दिर समिति के लोग अपने दायित्यों का निर्वहन कर रहे हैं। सब मिलाकर शान्ति के माहौल में मेला चल रहा है।

### विद्युत चोरी में दस के खिलाफ एफआईआर



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राय व बिजलेंस टीम के संयुक्त नेतृत्व में अतरैठ बाजार में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 45 घरों के विद्युत कनेक्शन जांचे गए जिसमे 15 लोगो के विद्युत भार व कैटेगरी को परिवर्तित किया गया जो गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहे थे, वहीं 50 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। चेकिंग के दौरान 10 चोरी के कनेक्शन पाए गए जो मीटर बाईपास कर विद्युत उपयोग कर रहे थे, जिनके ऊपर विद्युत चोरी अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराया गया। विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान अफरा तफरी मची रही। वहीं बड़े बकायेदारों से अतिशीघ्र बिजली बिल जमा करने को कहा गया। यह चेकिंग अभियान बूढ़नपुर के मिश्रौलिया उपकेंद्र द्वारा चलाया गया जिसमें बिजलेंस टीम मौजूद रही। इस मौके पर उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राय, जेई तथा बिजलेंस टीम मौजूद रही।

### सर्विलांस टीम ने बरामद किया 102 मोबाइल



**आजमगढ़।** पुलिस ने 102 खोए हुए मोबाइल को बरामद किया। एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में मोबाइल स्वामियों को उनका मोबाइल लौटाया। सभी बरामद फोन की कीमत लगभग 16 लाख रुपए थी। जनपद की सर्विलांस टीम ने 102 लोगों के खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद किया है। जिसे बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में उनके स्वामियों को सौंप दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल ने बताया कि बरामद 102 मोबाइल फोन की कीमत लगभग 16 लाख रुपये है। जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर यह बरामदगी की गई है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल ने खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किया जिसके परिणाम स्वरुप जनता के कुल 102 मोबाइल फोन नाम पता कर सर्विलांस सेल ने बरामद किया है।

### सहारा समूह के एजेंटों ने किया प्रदर्शन



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम सभा ऊदपुर में सहारा इंडिया बैंक की शाखा है। बुधवार को सहारा इण्डिया समूह के एजेंट ने सहारा समूह के मालिक सुब्रत राय चोर है आदि के नारे लगाये। तत्पश्चात एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। एसडीएम को सौंपे गये प्रार्थना पत्र में एजेंटों ने बताया कि सहारा समूह में जमाकताओं का धन जमा है जिसे वापस नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम एजेंटों का जीना दुश्वार हो गया है। जमाकर्ता हम एजेंटों के घर पहुंच जा रहे हैं और अपशब्द कह रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश प्राप्त हो गया है कि जमाकताओं की धनराशि स्थानीय इकाई के प्रबंधक से वार्ता कर दिलवाया जाय। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुशील कुमार का कहना है कि उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।

### विद्युत विभाग ने कैंप में की एक लाख की वसूली



**लालगंज (आजमगढ़)।** बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बैरीडीह में बुधवार को कैंप आयोजित करके 60 लोगों के बिल को दुरुस्त किया और करीब एक लाख की वसूली की। जेई अखिलेश कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर इस समय कैंप आयोजित किया जा रहा है ताकि लोगों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके और उपभोक्ता गांव में कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक बिल जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि अभियान को और तेज किया जाएगा तथा बिना बिल जमा किए उपभोक्ताओं को बिजली दे पाना अब संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए सभी उपभोक्ता समय से बिल की अदायगी करें और अनावश्यक रूप से लगने वाले विलंब शुल्क आदि से बचें।

### बरदह पुलिस ने चलाया बैंकों में चेकिंग अभियान

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** बरदह थाना के निरीक्षक अपराध शमशेर सिंह द्वारा बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके तहत बैंकों के आसपास घूम रहे लोगों से पूछताछ की गई तथा बैंक परिसर में अनावश्यक खड़े हुए लोगों से वार्ता कर कड़ी हिदायत देते हुए बाहर किया गया। उन्होंने बैंक में लगे आवश्यक उपकरणों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। बैंक परिसर के बाहर खड़े अनलॉक वाहनों की चालान भी की गयी। उक्त क्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा जीवली, काशी गोमती ग्रामीण बैंक बरदह, यूनियन बैंक चैकी, ग्रामीण बैंक वीरा, यूनियन बैंक एकमा, बड़ौदा बैंक शाखा दुबरा में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए डाटा अग्रसारण 15 नवम्बर तक

**आजमगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वर्षा अग्रवाल ने निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्गत में समय-सारिणी में दी गई समय-सीमा के अन्तर्गत नवीन-नवीनीकरण अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 7 नवम्बर हैं, अब तक छात्र-छात्राओं द्वारा कुल 9143 आवेदन सबमिट किये गये है। आवेदन पत्र के साथ समस्त संलग्नको को संस्था में जमा कराने की अन्तिम तिथि 10 नवम्बर निर्धारित है। संस्था के लागिन पर 9 नवम्बर तक 4746 अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं का डाटा अवशेष है, शिक्षण संस्थाओं द्वारा अत्यन्त धीमी गति से डाटा अग्रसारण का कार्य किया जा रहा है धीमी गति से डाटा अग्रसारण होने पर अन्तिम तिथियों पर कठिनाई का सामना करना पडता है, शिक्षण संस्थाओं के अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर निर्धारित है। उन्होने उपरोक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं के प्रबन्धक-प्रधानाचार्य को सूचित किया है कि संस्था के लागिन पर 15 नवम्बर तक कोई भी पात्र छात्र-छात्राओं का डाटा अग्रसारित एंव अपात्र छात्र-छात्राओं का डाटा निरस्त करने हेतु संस्था के लागिन पर लम्बित प्रदर्शित नही रहना चाहिए इसके बाद भी किसी भी संस्था के लागिन पर कोई भी डाटा अग्रसारित, निरस्त करने हेतु लम्बित रहता है, तो ऐसी स्थिति में उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था के प्रबन्धक प्रधानाचार्य की होगी।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ

**पहल**

**09 नवम्बर से प्रारम्भ होकर 08 दिसम्बर तक चलेगा विशेष अभियान**

**एडीएम वित्त ने किया अभियान का शुभारम्भ**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों को पुनरीक्षित व त्रुटिहीन करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में बुधवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के0बी0 डिग्री कालेज के सामुदायिक भवन में शुभारंभ किया गया।

इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने उपस्थित शिक्षक, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों तथा बी0एल0ओ0 को मतदाता शपथ दिलाकर शिक्षक, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह जनसमुदाय में अभियान के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाएं। इसी से मतदाता सूचियों को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाने के साथ ही हर पात्र का नाम भी इसमें जुड़वाया जा सकेगा। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि पात्रता पूरी करने वाले स्वयं के साथ वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने से वंचित अन्य लोगों का नाम भी सूची में दर्ज अवश्य कराएं। अभियान के दौरान एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम सूची में जुड़वाने पर विशेष जोर रहेगा। इस दौरान 12, 20, 21 व 26 नवंबर और 4 दिसम्बर को विशेष तौर पर बूथ दिवस का आयोजन भी होगा। इसमें सभी पोलिंग बूथों पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के नाम जुड़वाने, हटवाने, नाम पता आयु की त्रुटि को दुरुस्त कराने का कार्य संबंधित फार्म भरवाने का कार्य करेंगे। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया हैं, यह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 09 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ होकर 08 दिसम्बर 2022 तक चलेगा। जिसमें सभी बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित/हटाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालयों में एक वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष/हेल्पडेस्क बनवाया जाय जिसमें एक अध्यापक को क्वाडिनेटर के रूप में भी नामित किया जाय। इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने जावेद, रोशनी वर्मा, शिवानी चौरसिया, कविता, अनिल साहनी, प्रिया शर्मा, आरती साहिल और पायल शर्मा आदि को फार्म-6 लेकर मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि करने का शुभारंभ किया। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद मिश्र, कार्यक्रम का संचालन डॉ कुलदीप पांडेय के द्वारा किया गया।



मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि करने का शुभारंभ करते एडीएम वित्त

## बीइओ के निरीक्षण में गायब मिले प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित चार लोग

**हलिया।** विकास खंड हलिया के महुअट गांव के कंपोजिट विद्यालय व हलिया उच्च प्राथमिक विद्यालय का बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी हलिया जयकुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। बीईओ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजयशंकर, सहायक अध्यापक ललित मोहन व शिक्षामित्र प्रभंजन कुमार तिवारी व शिवनारायण अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में अनुपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहायक शिक्षामित्रों को बीइओ ने आनलाइन प्रेरणा इंस्पेक्शन एप के माध्यम से अनुपस्थित कर दिया और बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास एक दिन का वेतन रोकने के लिए भेज दिया है। निरीक्षण में विद्यालय के 102 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। इसके बाद बीईओ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हलिया पहुंचे जहां अनुदेशक सुजीत कुमार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले जिनके खिलाफ प्रेरणा इंस्पेक्शन एप से आनलाइन कार्यवाही के लिए अधिकारियों को अवगत कराया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कुल 259 छात्र पंजीकृत है जिसमें कुल156 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।विद्यालय में मीनू के अनुसार एमडीएम तहरी व दूध का बच्चों में वितरण किया गया था। इस संबंध में बीईओ जय कुमार यादव ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय महुअट व पूर्व माध्यमिक विद्यालय हलिया का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहायक व शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले।

# शराब, भू, वन व खनन माफियाओं पर करें कार्रवाई : एसपी

**सख्ती**

**पुलिस लाइन सभागार कक्ष में किया गया सैनिक सम्मेलन**

जनसंदेश न्यूज



अपने मातहतों को संबोधित करते एसपी

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन के आयोजन में जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध गोष्ठी की गई। जनपद की कानून व्यवस्था प्रमुख अपराधों विवेचनाओं के निस्तारण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही आदि बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण को अपने क्षेत्रांतर्गत थानों का निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क, जन शिकायत आदि की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा गांवों, मोहल्लों में चौपाल लगाकर, स्कूल व कालेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारें में जन जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई। अवैध, अपमिश्रित शराब व नशीले पदार्थों के रखने व बेचने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं शराब माफिया भू माफिया वन माफिया व खनन माफिया के विरुद्ध कार्यवाही करने, महिला संबंधी अपराधों में अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगस्टर अधिनियम एवं गुंडा अधिनियम की कार्यवाही तथा टॉप-10 अपराधियों के विरूद्द प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन महेश अत्री, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, आशुलिपिक, प्रतिसार निरीक्षक, आरआई रेडियो, अपराध शाखा प्रभारी, आबकारी विभाग अधिकारी सहित समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी का खुलासा न होने पर पीड़ित ने लगाई गुहार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में बीते 21 अक्टूबर की रात घर में सेंधमारी कर बीस हजार नकदी और आभूषण चोरी का पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किए जाने तथा मामले का खुलासा नही किए जाने पर पीड़ित श्याम लाल ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र को प्रार्थना पत्र देकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराने तथा मामले का खुलासा किए जाने की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में श्याम लाल ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर को घर में सेंधमारी कर चोर बीस हजार रुपए नकद व सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए थे। मामले की जानकारी होने पर घटना की सूचना डायल 112 पर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर चली गई। बीते 22 अक्टूबर को अज्ञात चोरों के विरुद्ध ड्रमंडगंज थाने में तहरीर दी थी। चोरी करने वाले का पता चलने पर 31 अक्टूबर को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन ड्रमंडगंज पुलिस की लापरवाही के चलते बीस दिन बाद भी चोरी का मुकदमा दर्ज नही किया गया न ही चोरी का खुलासा किया जा सका।

## फिर चोरों ने चटकाया विद्यालय का ताला सामान गायब

**हड़कंप**

**विद्यालयों पर है चोरों की पैनी नजर**

**जमालपुर।** इन दिनों हौसला बुलंद चोरों द्वारा शिक्षा के मंदिरों को लगातार निशाना बना रहे हैं। वहीं पुलिस मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रही है। ऐसी ही पहली घटना अज्ञात चोरों ने पिछले गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय हसौली का ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर और दो डेगा लेकर चंपत हो गए थे। जिसकी थाने में तहरीर देने के बाद पुलिस ने जांच किया। वही दूसरी घटना करजी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने रसोई घर से दो गैस सिलेंडर, एक कुंटल चावल, पच्चास किलो गेहूं और एक चूल्हा की चोरी करके चोर चंम्पत हो गए। मंगलवार की सुबह नियत समय पर विद्यालय खुलने पर यह देख सभी स्टाफ भौंचक्का हो गए। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापिका साधना सिंह ने थाने पर तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। वही तीसरी घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के धोबही गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर एक गैस सिलेंडर लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। वुधवार की सुबह जानकारी होने पर प्रधानाध्यापिका भाग्य प्रभा सिंह ने अदलहाट थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।



चोरी की जांच करती पुलिस

## डायरिया ग्रस्त गांव में जांच पड़ताल करने पहुंची ब्लॉक की टीम

### महिला की हालत बताई जाती है गंभीर

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र के भागलपुर गांव में फूड प्वाइजनिंग से डायरिया फैलने की खबर के बाद दूसरे दिन गांव में जांच के लिए पहुँचे सहायक विकास अधिकारी राजकपूर सिंह ने पीड़ितों की हालत गंभीर देख पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वही एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। सहायक विकास अधिकारी राज कपूर ने टीम के साथ गांव में पहुंचकर साफ सफाई कराया तथा पेयजल का सैंपल जांच हेतु अपने साथ ले गए। विकास खंड राजगढ़ के भागलपुर गांव में दूषित पानी पीने व बासी भोजन करने से हुई फूड प्वायजनिंग से सोमवार की रात एक ही परिवार के सावित्री 30 वर्ष पत्नी रंजीत, मोहिनी 8 वर्ष पुत्री रंजीत, रंजीत 35 वर्ष पुत्र राजनारायण तथा विक्रांत 6 वर्ष पुत्र रंजीत को उल्टी दस्त होने लगी थी। सभी को सोमवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया था। जहां हालत में सुधार होने पर मंगलवार की शाम सभी को घर भेज दिया गया था। घर पहुंचने पर रात में ही चारों की हालत फिर खराब हो गई। जिससे बुधवार को पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया है। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राज कपूर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संजय पांडेय, सफाई कर्मियों की टीम लेकर गांव में पहुंचे। वही पेयजल के लिए लगाए गए हैंड पंप के पास तथा गांव में फैली गंदगी को देखकर सफाई कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ सफाई कराया साथ ही हैंडपम्प का खराब पानी देख उसका सैम्पल नमूना जाँच के लिए ले गए तथा ग्राम प्रधान व वीडियो को उसे ठीक कराने का निर्देश दिए। तत्पश्चात एडीओ राजकपूर अस्पताल पहुँचकर डायरिया से पीड़ित मरीजों का हाल जाना तथा चिकित्सक से परामर्श किया। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राजकपूर ने बताया कि हैंडपम्प का पानी दूषित है तथा आसपास व गांव में गंदगी फैली थी। जिसकी सफाई कराई गई हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के सिक्योरिटी गार्ड के घर चोरी

**कछवां।** थाना क्षेत्र के मझवां गांव में इन दिनों चोरी की घटनाओं से आसपास की जनता में भारी भय व्याप्त है। बुधवार को कछवां निवासी दीपक रावत पुत्र झग्गड़ रावत जोकि वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात हैं। जिनका मकान मझवां गांव के प्रेम के पूरा नहर के समीप स्थित है। जो कि परिवार में सिर्फ मां रहती थी। वहीं बुधवार को घर में चोरी की खबर सुनते ही भागे चले आएं और घर की हालात देखते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। देखा तो घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। जिसके अंदर रखा इन्वर्टर, बैटरी, सिलेंडर, रुम हिटर नहीं था। बैग में रखा आठ हजार नगद भी गायब रहा। वहीं आसपास के लोगों के अनुसार सोमवार को चोरी का आशंका जताया जा रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि मंगलवार से ही घर का दरवाजा खुला हुआ था। जिसे लोगों ने नजर अंदाज कर दिया था। फिर बुधवार की सुबह उसी हालत में दरवाजा खुला रहा तो पड़ोसी ने दीपक को फोन पर आने की बात पूछी। तब पड़ोसी ने दरवाजा खुला होने की जानकारी दिया।

# किसानों से सम्पर्क कर खरीद के बारे में ले जानकारी : डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी क्रय केन्द्र के संस्था प्रभारियों एवं केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक कर खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। किसानों को अपने धान को आसानी से बेच सके इस हेतु उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र प्रभारी वे केन्द्र के सम्पर्क/टोकन रजिस्टर में अंकित सम्पर्क क्रमांक के आरोही क्रम में फोन करके एक सप्ताह की खरीद के बारे जानकारी ली जाय। उन्होने कहा कि यदि किसी केन्द्र पर एक सप्ताह में 25 किसानो से धान क्रय किया गया है तो प्रभारी द्वारा सम्पर्क क्रमांक के आरोही क्रम में किसानों को उस क्रमांक तक फोन किया जाय जब तक अगले सप्ताह के लिये खरीद हेतु किसान मिल नही जातें। उन्होने कहा कि किसानों वार्ता कर जानकारी ली जाय कि उनका धान कब तैयार हो जायेगा। उन्होने कहा कि किसानों यह भी बताया कि वे वही तिथि जिस पर वे धान केन्द्र पर ला सकते हैं। उन्होने कहा कि यदि निर्गत टोकन तिथि पर अपना धान नही लाते है तो उन्हें पुनः 15 दिन बाद का टोकन दिया जायेगा। सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारिता के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तहसीलों स्थापित सभी केन्द्रो के सम्पर्क रजिस्टर किसान आई0डी0 को एक्सलशीट शीट पर फीड कराकर ऐसे विवरणो को फिल्टर करके सूचीबद्ध कर लें। जिनके द्वारा एक से अधिक केन्द्रो पर अपना विवरण दर्ज कराया गया हैं। तत्पश्चात जिस केन्द्र सबसे कम सम्पर्क क्रमांक हैं वहां छोड़कर शेष केन्द्रो को सम्पर्क रजिस्टर से उसका सम्पर्क क्रमांक निरस्त सूचित कर दिया जाय। उन्होने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ऐसे किसान जो छोट है उनके धान शत प्रतिशत क्रय होना चाहियें। उन्होने सभी किसान भाईयों से अपील करते हुये बिचैलियों से बचे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी केन्द्र पर कोई गड़बड़ी तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, लालगंज नवनीत सेहारा, डिप्टी आर0एम0ओ धंनजय सिंह सहित सभी केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें।

### शारीरिक दक्षता को बनाये रखते हुए खेलें खेल : डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर में 25वीं अंर्तजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं एलार्म एफिसिएन्सी रेस प्रतियोगिता का समापन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक का कैप व बैज लगाकर स्वागत किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र का प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों से परिचय कराया गया तद्उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र द्वारा विजयी टीम के सदस्यों को विजेता ट्राफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कार्य में प्रगति न लाने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**मजदूरों व मशीनों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में लायें तेजी**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना से सम्बन्धित पाइप पेयजल योजनाओं को ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराये जाने एवं कार्यो हेतु लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्रों तथा नवीन विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य की समयबद्धता व गुणवत्ता महत्वपूर्ण हैं, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। समीक्षा के दौरान एजेंसियो के कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर उन्होने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि एक सप्ताह के अन्दर मजदूरों व मशीनों आदि की संख्या में बढ़ोतरी करते हुये कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाय।

कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुये कहा कि हाउस कनेक्शन में आ रही कठिनाई को दूर करते हुये सही कराने का निर्देश दिया। उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाये अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि मीटर पैनल एक सप्ताह के अन्दर बनवाना सुनिश्चित करें।

उन्होने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कार्य करायें। उन्होने कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यो में जांचोपरान्त यदि कोई अनियमितता/ गुणवत्ता से छेड़छाड़ पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। इसमें किसी भी स्तर पर रूकावट नही आना चाहियें। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि कुल 06 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 09 प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्यो को किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक को संबोधित करतीं डीएम

## पंचायत भवन में ही करायें ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन : डीपीआरओ



सचिवों को संबोधित करते डीपीआरओ

**हलिया।** ब्लाक सभागार में बुधवार को डीपीआरओ अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

बैठक में डीपीआरओ ने आवास, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, शौचालय आदि का समीक्षा किया है। डीपीआरओ ने सचिवों को निर्देश दिया है कि पंचायत भवन में ही ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्रवाई करें। ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय रोस्टर के हिसाब से खुलना चाहिए।

पंचायत सहायक का मानदेय ससमय भुगतान करें। ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट शासन से टाइयप कंपनी का ही लगवाए। ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य करने को कहा। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बोलेरो से आए तीन चोर, पांच बोरी आलू और 25 टमाटर लेकर फरार

**मीरजापुर।** जिले से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां पर तीन चोर बोलेरो कार से आए और एक दुकान से पांच बोरी तीन कुंतल आलू और पच्चीस किलो टमाटर चोरी कर फरार हो गए। यह चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और वीडीओ वायरल हो गया। दुकानदार किशन कुमार का कहना है उन्होंने थाने में तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिले से चोरी की बेहद ही हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां पर बोलेरो कार में आए चोरों ने किराना की दुकान से पांच बोरी तीन कुंतल आलू और एक कैरेट पच्चीस किलो टमाटर चोरी कर फरार हो गए। आलू और टमाटर की चोरी करने वालों का अब तक कुछ पता नहीं चला पाया है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, पटेहरा कला पुलिस चौकी अंतर्गत सुगापाख खुर्द गांव में किशन कुमार कि किराने की दुकान है। उनकी दुकान के बाहर बोरी में आलू और टमाटर रखे हुए थे। रात करीब 12 बजे बोलेरो सवार चोर दुकान पर पहुंचे फिर इन अज्ञात चोरों ने दुकान के बाहर रखे पांच बोरी आलू और एक कैरेट टमाटर बोलेरो में भर लिए और फरार हो गए। यह वायरल वीडियो 2 नवंबर का बताया जा रहा है।

### लंबित विवेचनाओं की कार्ययोजना बनाकर करे त्वरित निस्तारण : डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अपराध शाखा (विवेचना विंग) द्वारा संपादित विवेचनाओं जैसे जघन्य अपराध,(लूट, बलात्कार), साइबर अपराध (आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत सभी अपराधों की विवेचना), मनी लांड्रिंग फाइनेंसियल फ्रॉड, से संबंधित विवेचना में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। विवेचक द्वारा एक वर्ष से ऊपर की लंबित विवेचनाओ के संबंध कार्ययोजना बनाकर त्वरित निस्तारण किया जाए। साथ ही सभी उपस्थित विवेचकगण को निर्देशित किया गया कि लंबित मुकदमों को गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आगामी समीक्षा बैठक में अपने-अपने मुकदमों में कार्ययोजना के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होंगे। उक्त बैठक के दौरान तीनों जनपद के अपराध शाखा विवेचना सेल के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### गहने समेत नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मीरजापुर।** नगर के गणेशगंज सब्जी मंडी स्थित दीनदयाल के घर मे मंगलवार की रात चोरों ने नगदी समेत गहनों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार गणेशगंज सब्जी मंडी निवासी दीनदयाल की लड़की डेंगू से पीड़ित है जिसका ईलाज मण्डलीय अस्पताल में चल रहा था। ईलाज के लिए उसको भदोही रेफर कर दिया गया था। परिजन लड़की का ईलाज कराने के लिए भदोही गए हुए थे। मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने बुधवार की रात घर में घुसकर पूरे घर को खंगालते हुए लगभग पांच लाख के गहना समेत 12000 हजार नगद चोरी कर ले गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गृह स्वामी को दी। जानकारी होने पर परिजनों ने इसकी सूचना लिखित रूप से दे दी । मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

### महिला ने युवक पर जबरदस्ती दुराचार करने का लगाया आरोप

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी की मां ने बुधवार की दोपहर थाने में तहरीर देकर किशोरी के साथ पड़ोसी युवक के द्वारा दुराचार करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। महिला के द्वारा दिये गए पुलिस के तहरीर में बताया कि पंद्रह वर्षीय पुत्री बगल में स्थित राजकीय हाई स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है।बुधवार को स्कूल पढने के लिए गयी थी कि माध्यान्ह अवकाश में एक्सचेंज के पास शौच करने गई थी कि पड़ोसी युवक पुत्री को जबर्दस्ती बाइक पर बैठाकर बंधी के पास लेकर गया तथा जबरदस्ती पुत्री के साथ दुराचार किया घटना की आपबीती पुत्री ने मुझे बताया तब थाने पर पुत्री के साथ आकर तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला के द्वारा तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल कराया जा रहा है मामला सही पाये जाने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### आरोपित के खिलाफ करायी गई 82 सीआरपीसी की कार्रवाई

**हलिया।** प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बुधवार को हमराह कांस्टेबल के साथ पंहुचकर गैंगस्टर के आरोपित विंध्याचल थाना क्षेत्र के जोधीपुर बिरोरा निवासी सूरज उर्फ सूर्यकांत के खिलाफ न्यायालय से 82 सीआरपीसी का नोटिस जारी होने पर नोटिस के तामिला कराने के लिए आरोपित के घर पंहुचकर पुलिस ने नोटिस को चस्पा कराया है। इसके बाद आरोपित को न्यायालय में आत्मसमर्पण के लिए गांव में प्रचार प्रसार कराते हुए गांव में मुनादी कराई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपित के खिलाफ न्यायालय से 82 सीआरपीसी की नोटिस जारी होने पर आरोपित के घर पंहुचकर नोटिस का तामिला आरोपित कराते हुए मुनादी कराई गई है।

### अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

मीरजापुर। पथरिया स्थित आयुक्त कार्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के द्वारा अधिवक्ताओं नें राज्यपाल के नाम आयुक्त के माध्यम से तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बताया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की समस्याओं और जान माल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू किया जाय। अधिवक्ताओं की उम्र 70 वर्ष पूर्ण करने पर पेंशन व्यवस्था की जाय। अधिवक्ताओं के हित में सामूहिक अधिवक्ता बीमा योजना एवं स्वास्थ्य बीमा योजना तत्काल लागू की जाय। जिसमें अभिषेक कुमार दुबे, गंगा प्रसाद यादव, अवनीश, सत्य प्रकाश, लालजी सिंह समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहें।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत तेंदुआ कलां गांव निवासी रामजतन पाल का 30 वर्षीय पुत्र राम नरेश पाल मंगलवार की देर रात लहंगपुर बाजार से अपने घर जा रहा था कि ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के सामने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को एम्बुलेंस सेवा से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद स्थित गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को परिजनों ने बताया कि रामनरेश पाल किसी काम से लहंगपुर गए थे कि वापस घर लौटते समय यह हादसा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के सामने हो गया।

### नम्बर लगाने को आपस में भिड़े किसान

**जमालपुर।** क्षेत्र के सहकारी समिति चौकियां धान क्रय केंद्र पर बुधवार को टोकन के लिए नंबर लगाने को लेकर किसानों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए सभी को एक लाइन में खड़ा कराकर किसानों का टोकन नंबर क्रमशः शुरू कराया गया। इस दौरान चौकियां, भाईपुर, बनौली, ढेबरा, मनई, शेरवां, भभौरा, मुडहुआ, गौरी, भोकरौध सहित दर्जनों गांव के किसान मौजूद रहे।

### जीडी बिन्नानी डिग्री कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

**मीरजापुर।** यातायात माह के नौवें दिन पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अनिल कुमार पाण्डेय क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना को0देहात क्षेत्र क्षेत्रातर्गत भरुहना चौराहे पर जीडी बिन्नानी डिग्री कॉलेज में यातायात जागरुकता आभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले सरस्वती जी की चित्र पर दीपक जलाकर एवं माल्यार्पण करके शुरूआत किया। तत्पश्चात कालेज की प्रधानाचार्या वीना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात को बुकें देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कालेज के टीचर धर्मेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में कालेज के छात्र छात्राओं को एकत्रित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा नियमों का पालन न करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही हेतु जागरुक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात, देहात कोतवाली प्रभारी विपिन सिंह, एस आई काशी सिंह कुशवाहा, भरूहना चौकी इंचार्ज नरेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया इस तरह के संयुक्त जागरुकता अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### नहर में पानी न आने से किसानों की नहीं हो पा रही बुआई

**लालगंज।** सिरसी नहर के किसानों की खरीफ की फसल प्रभावित होने के बाद रबी की फसल भी प्रभावित होगी क्योंकि सिंचाई विभाग ने स्पष्ट कर दिया है गेहूं की बुआई के लिए एक बार पानी मिलेगा। यदि एक ही बार पानी मिलेगा तो निश्चित रूप से गेहूं की फसल का होना संभव नहीं होगा। विकासखंड लालगंज के किसानों को सिरसी नहर से एक बार पानी मिलने की संभावना जताए जाने के बाद किसानों में मायूसी छा गई है। इस वर्ष किसानों ने धान की फसल की रोपाई पानी के अभाव में बेहतर ढंग से नहीं कर पाए हैं। उनके सामने तो दोहरी मार पड़ रही है। इस विकट समस्या से जुड़ने के लिए उनके सामने भरण पोषण और भविष्य की चिंता सताने लगी है। यह भी सच है कि कृषि विभाग ने सिंचाई विभाग के साथ तालमेल बनाकर किसानों को रबी की फसल कम पानी वाली की जानकारी नहीं दिया है। जिससे उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था की कमी खटकने लगी है। किसानों का कहना है कि सिंचाई की समस्या को देखते हुए कम पानी वाली फसल का बीज उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है। जिससे कुछ तो भरपाई किया जा सके। सिंचाई की समस्या को देखते हुए सिचाई विभाग दिसंबर में एक पानी देने की संभावना जता रहा है।

# एसीएमओ, पूर्ति निरीक्षकों का रोका वेतन

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

**डीपीआरओ, डीसी एनआरएलएम से जबाब-तलब**

**सीएम के विकास प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं की डीएम ने की समीक्षा, दिये निर्देश**



समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यक्रमों व मुख्यमंत्री के प्राथमिकता से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा किया। इस दौरान विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बिन्दुवार समीक्षा करते हुए प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने एसीएमओ, पूर्ति निरीक्षकों का वेतन रोकने के साथ ही डीपीआरओ व डीसी एनआरएलएम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने पंचायत राज विभाग द्वारा बनाये जा रहे पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली, तो पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि हैण्डपाइप के रिबोर कार्य की प्रगति में तेजी लायी जाये, इसके लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाये, जिसके माध्यम से रिबोर के कार्यों की मानीटरिंग की जाये। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी से राशन कार्डो के सत्यापन के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली, तो कार्ड का सत्यापन की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर उन्होंने जिला पूर्ति निरीक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश देते हुए सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

एनआरएलएम विभाग द्वारा समूहों के गठन व अन्य कार्यों के प्रगति की समीक्षा की, तो प्रगति धीमी पायी गयी। डीएम ने डीसी एनआरएलएम एके जौहरी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन के कार्य में प्रगति लाने हेतु प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में होने वाले सामूहिक विवाह के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी से जानकारी ली, तो उनके द्वारा बताया गया कि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 500 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो 29 नवम्बर को होगा। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम को पूरी भव्य तरीके से कराया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उनमें शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य को पारदर्शिता, गुणवत्ता पूर्ण तरीके से हर हाल में पूर्ण करायें। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की समस्या होती है, तो सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य पूर्ण किया जाये। बैठक में आयुष्मान भारत, कृषि बीज उर्वरक, रसायन, गौवंश, पशु टीकाकरण, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी व ग्रामीण, मनरेगा, पेंशन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, राशन कार्ड आदि योजनाओं के तहत संचालित कार्यों का समीक्षा करते हुए पात्रों को लाभ पहुंचाने का कार्य करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, एके गुप्ता, राजेश कुमार खैरवार, विनय कुमार सिंह समेत जिलास्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत, चार गिरफ्तार

**करमा।** थाना क्षेत्र के पाण्डेय पोखर गांव में बीते 23 अक्टूबर को हुई मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धारा में मामला दर्ज कर लिया था। इस क्रम में मंगलवार को पुलिस ने करमा नहर पुलिया के पास से हत्या में प्रयुक्त लाठी के साथ चारों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के पाण्डेय पोखर गांव में फुलवंती के पति राम सागर को बीते 23 अक्टूबर को पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने लाठी से मारकर घायल कर दिया था। घायल का इलाज वाराणसी में चल रहा था। सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस क्रम में पुलिस ने वादिनी मुकदमा फुलवंती के तहरीर पर घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को उप निरीक्षक बृजेश कुमार दुबे मयफोर्स ने नहर पुलिया के पास से नामजद अभियुक्त रामआसरे, मनोज, छोटेलाल व संजय निवासीगण मटिहानी मड़िहान मिर्जापुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## वनाधिकार दावों की धीमी सत्यापन प्रक्रिया पर आदिवासियों में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**

**नाराजगी**

**एडीएम से मिला आइपीएफ प्रतिनिधि मंडल**

**सोनभद्र।** वनाधिकार दावों के धीमी सत्यापन प्रक्रिया से आदिवासियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके मद्देनजर आदिवासी संगठनों द्वारा म्योरपुर में सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। दुद्धी, ओबरा, राबर्ट्सगंज और घोरावल तहसील के तमाम गांवों में वनाधिकार दावों के सत्यापन प्रक्रिया की जमीनी हकीकत जानने के लिए सर्वे के उपरांत आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट का प्रतिनिधि मंडल ने एडीएम प्रशासन सहदेव कुमार मिश्रा से मुलाकात कर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पारित आदेशों की अवहेलना का मुद्दा उठाया।

वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी वनवासी महासभा की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट में की गई जनहित याचिका में 11.10.2018 और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश में उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन को आदेशित किया गया है कि जब तक वनाधिकार दावों का निस्तारण युक्ति युक्त सुनवाई का मौका देते हुए जिलास्तरीय वनाधिकार समितियों द्वारा न हो जाये, तब तक किसी भी दावेदार को न तो बेदखल किया जायेगा और न ही उनके विरुद्ध मुकदमा समेत किसी तरह के उत्पीड़न की कार्यवाही की जायेगी। बावजूद इसके घोरावल के परसौना समेत तमाम गांवों में आदिवासियों और अन्य वन परंपरागत निवासियों पर मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न कर वन विभाग द्वारा काबिज जमीनों से आदिवासियों को भी बेदखल भी किया जा रहा है। एडीएम ने कहा कि प्रशासन की कोशिश सभी दावों के यथाशीघ्र निस्तारण की है। उन्होंने बताया कि अभी तक जनपद में अनुसचित जनजाति के 21190 वनाधिकार दावों में से दुद्धी में 3264, ओबरा में 256, राबर्ट्सगंज में 156 और घोरावल में 35 दावों का सत्यापन पूरा हो चुका है। 15 नवंबर के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के बाद अन्य वन परंपरागत निवासियों के दावों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। प्रतिनिधि मंडल में आइपीएफ के दिनकर कपूर, राजेश सचान, महेन्द्र प्रताप सिंह, कामरेड मारी शामिल रहे।

# निष्ठा एक में रखिए, प्रतिष्ठा सबकी : आचार्य सरस्वती

### कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ संत समागम, सोनभद्र समेत आसपास के जिलों से जुटे अनुयायी

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** निष्ठा एक में रखिए और प्रतिष्ठा सबकी। हजारों अलग -अलग रास्तों से होते हुए सभी नदियां जिस तरह एक ही महासागर में समाहित हो जाती हैं, उसी तरह अलग- अलग मत-पंथ, अलग -अलग विचार और रास्ते हो सकते हैं। कभी इसमें उलझने की जरूरत नहीं। सबकी प्रतिष्ठा करें लेकिन निष्ठा अपनी जगह एक होनी चाहिए। आपकी निष्ठा जहां भी हो, जिस भाव में हो, जिस रूप में हो, वह दृढ़ होनी चाहिए।

अटूट और निःसंदेह होनी चाहिए। यह संदेश दिया आचार्य श्री साहेब सत्येंद्र कुमार सरस्वती ने। वह मंगलवार की रात कार्तिक पूर्णिमा एवं श्री गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित संतोदय सत्संग परिवार के वार्षिक संत समागम में श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए निष्ठावान बनिए। भक्त प्रह्लाद की निष्ठा ने भगवान को खंभे से नरसिंह रूप में अवतरित कराया।



समागम को संबोधित करते सत्येन्द्र सरस्वती

निष्ठा और विश्वास से समर्पण सधता है और इस समर्पण से शरणागति की राह खुलती है। इसलिए अपने गुरु पर, अपने भगवान पर अपनी निष्ठा, अपना विश्वास हर हाल में बनाए रखें। जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है सच्चे संत सद्गुरु का मिलना।

जिसको यह सौभाग्य मिला, उसे फिर कुछ और पाना शेष नहीं रह जाता। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि हम सबको आचार्य श्री प्रेमनाथ सरस्वती स्फोटायन जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। परमात्मा की प्राप्ति के लिए सच्चे सद्गुरु का मिलना बहुत जरूरी है।

इससे पहले संतोदय सत्संग परिवार के अधिष्ठाता परम संत सद्गुरु आचार्य श्री स्फोटायन जी महाराज के आरती-पूजन के साथ समागम का शुभारंभ हुआ। वंदनीया माता सरस्वती देवी के पावन सानिध्य में यह सत्संग समारोह शाम छह बजे से रात 11 बजे तक चला। सोनभद्र समेत आसपास के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने भजन - कीर्तन की रसधार बहाई। देर रात तक चले भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन संतोदय सत्संग परिवार के जिला प्रमुख तारकेश्वर देव पांडेय ने किया। इस मौके पर केशव सिंह, अनिल मिश्र, रामचंद्र द्विवेदी, मंगला प्रसाद, राममूर्ति यादव, रामानुज तिवारी, बावन साव, राजेश कुमार, चंद्रबली पांडेय, टुन्नू सिंह, डा रामनरायन सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# चेयरमैन ने पार्क में हुए विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

**जनसंदेश न्यूज**

**चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत अंतर्गत काली मंदिर के समीप बने पार्क में लोगों की मांग पर पेंटिंग व चित्रकारी का जीर्णोद्धार किया गया। जिसका लोकार्पण चेयरमैन फरीदा बेगम ने मंगलवार की शाम किया। पार्क में लोगों के लिए ओपन जिम का भी निर्माण कराया गया है। चेयरमैन ने विधिवत पूजा अर्चना कर व

फीता काटकर नगरवासियों को पार्क समर्पित किया। ओपन जिम स्थापित होने से शारीरिक कसरत करने वाले युवाओं, बच्चों व महिलाओं में उत्साह है। मीना देवी, रोबिन सिंह, विनय, मंसूर आदि ने नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सुबह शाम के समय अनावश्यक घूमने की बजाय अब यह पार्क लोगों के लिए शारीरिक कसरत करने के साथ ही बच्चों के लिए खेलने व मनोरंजन का एक अच्छा स्थान साबित होगा। पार्क में




विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करती चेयरमैन

आई लव चोपन व रंग बिरंगी लाइट आकर्षक का केंद्र रही। चेयरमैन ने कहा कि आज कल सेल्फी का क्रेज है।

यह सेल्फी प्वाइंट कस्बे की खूबसूरती को बढ़ाएगा। इस मौके पर राजा मिश्रा, डम्पू सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली, अभय शर्मा, सुशीला देवी, रोहित बिन्द, ज्ञानेंद्र पाठक, जीतू सिंह, अमित सिंह, कुशल सिंह, मोमबहादुर, विनीत जाटव, नीरज जायसवाल, अनीश अहमद, मंसूर आलम, जितेंद्र, राकेश सिंह, बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

## एनआई कार्य से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**चोपन।** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल स्थित बिल्ली जक्शन पर एनआई कार्य के मद्देनजर चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन रद्द, दो जोड़ी ट्रेनों का आंशिक समापन/प्रारंभ एवं 9 ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा। 9,11 व 13 नवंबर को चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 18614 चोपन–रांची एक्सप्रेस, 10,12,14 नवंबर को रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18613 रांची चोपन एक्सप्रेस, 10,12 व 14 को चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 18632 चोपन रांची एक्सप्रेस,9 11 व 13 को रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18631 रांची चोपन एक्सप्रेस, 9 नवंबर से 15 नवंबर तक प्रयागराज से खुलने वाली गाड़ी सं. 13310 प्रयागराज चोपन एक्सप्रेस, 10 से 15 नवंबर तक चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 13309 चोपन प्रयागराज एक्सप्रेस, 9 से 14 नवंबर तक गोमो से खुलने वाली गाड़ी सं. 03343 गोमो चोपन स्पेशल, 10 से 16 नवंबर तक चोपन से खुलने वाली गाड़ी सं. 03344 चोपन गोमो स्पेशल का परिचालन रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा कई ट्रेनों का आंशिक समापन तथा प्रारंभ कर परिचालित किया जाएगा। कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से परिचालित किया जाएगा।

## अधिवक्ताओं का आंदोलन 9वें दिन भी जारी

### रविवार को निकलेगा शांति मार्च

**ओबरा।** सोनांचल बार एसोसिएशन के अगुआई में ओबरा विधान सभा क्षेत्र में ओबरा तहसील के भवन के स्थायी निर्माण को लेकर 9वें दिन भी धरना जारी रहा।इस दौरान बुधवार को धरने पर जय शंकर भारद्वाज, एड पंकज, राम बाबू को माला पहनाकर बैठाया गया।वही अधिवक्ताओं और आम जनमानस व जनप्रतिनिधियों की बैठक में मुख्य रूप से आंदोलन की अग्रिम योजना पर चर्चा की गई।साथ ही आंदोलन को धार देने को लेकर रणनीति बनाई गई।तय किया गया कि आगामी रविवार को शांति मार्च ओबरा नगर में निकला जाएगा और एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री व कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।ओबरा विधान सभा के अंदर तहसील भवन का स्थायी निर्माण हो इस पर सभी उपस्थित लोगों द्वारा अंतिम दम तक लड़ने की बात कही गई तथा सभी उपस्तिथ लोगो ने प्रस्तवित शिलान्यास को लेकर आकोश व्यक्त किया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रमेश मिश्रा, एडवोकेट, महामंत्री अनिल मिश्रा एडवोकेट, रमाशंकर यादव, कपूर चंद पाण्डे, अर्जुन शर्मा, एस के जैन, अनिल चौधरी, संजय कुमार, पुष्पराज पांडेय, एस के चौबे, उमेश चंद्र शुक्ला, अनिल कुमार चौधरी, हरिओम सेठ, गजेंद्र यादव, कौशल पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, मो सलीम कुरैसी, रामपाल सिंह, बुद्धि नाथ जैसवाल, सुशील पाण्डेय, जय नाथ गिरी,हरेंद्र गुप्ता,सुरेंद्र नाथ जौहरी, मिथलेश तिवारी, मनीष मिश्रा, राजेश गौतम, पंकज राव, रमेश सिंह, श्रमिक नेता हरदेव तिवारी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नंदलाल पांडेय,भाजपा नेता आलोक भाटिया, पेंशनर्स परिषद अध्यक्ष महंगी प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, छात्र नेता विजय शंकर यादव, शुभम पटेल, भोला कन्नौजिया, इंद्रजीत तिवारी, कृष्ण कांत पाठक, मणि शकर पाठक सविंदा श्रमिक संघ अध्यक्ष, नूर अहमद, कॉमरेड लालचंद, निशांत कुशवाहा, आनंद पटेल दयालु, शिवदत्त दुबे, जितेंद कुशवाह, रामशंकर द्विवेदी सहित अन्य तमाम समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने अपनी बातें जनहित में कहा।

## सफाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शक्तिनगर।** व्यापार मण्डल खड़िया बाजार प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर बाजार में सफाई कराने की मांग की। महासचिव शिवकुमार सिंगज के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल स्थानीय थाने पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि एनसीएल खड़िया परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं से जाने वाले कोयला के कारण बाजार में मिट्टी व धूल से प्रदूषण फैल रहा है, जिससे बाजारवासियों को काफी परेशानी हो रही है। इसकी साफ सफाई की कोई व्यवस्था नही है।

खड़िया परियोजना द्वारा मशीन लगाकर एवं झाड़ू से परियोजना बैरियर से लेकर बोदरा बाबा तक सफाई कराई जाती है, यदि उसको खड़िया बाजार तक करा दिया जाय तो लोगों को काफी राहत मिल जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि परियोजना प्रबंधन से बात कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# 18 वर्ष के युवाओं का मतदाता सूची में शामिल करें नाम

### निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने बुधवार को विन्ध्य कन्या पीजी कालेज राबर्ट्सगंज में अर्हता तिथि 1.1.2023 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

एडीएम ने कहा कि अर्हता तिथि के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिपत पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान 12, 20, 26 नवम्बर व चार दिसम्बर को चलाया जायेगा। इन विशेष तिथियों पर बूथों पर जाकर कोई भी व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में अब तक दर्ज नहीं है, दर्ज करा सकता है और नाम में किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो, तो उसमें संशोधन पत्र जमा करा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के



मतदाता पंजीकरण हेतु हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन करते एडीएम

इस अवधि में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किये जायें, जिससे उन्हें वोटर बनने का मौका मिल सके। जो छात्र-छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा पूर्ण कर चुके हों और उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, उनका नाम सम्मिलित कराने हेतु उन्हें जागरूक किया जाये। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा नाटक प्रस्तुत कर लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया।

वहीं छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप-6 फार्म जमा किया। वहीं एडीएम ने विन्ध्य कन्या महाविद्यालय में स्थापित किये गये मतदाता पंजीकरण हेतु हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर एसडीएम सदर रमेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, डा. बी सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार, बीएलओ समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची से नाम हटाये जाने का जताया विरोध

**दुद्धी।** नगर पंचायत के वार्ड 7 के मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर बुधवार को वर्तमान वार्ड सभासद प्रतिनिधि शाहनवाज उर्फ अन्नू के नेतृत्व में दर्जनों मतदाताओं ने तहसील स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर वार्ड के सभी मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम नही काटे जाने और पूर्व की भांति यथावत सूची में नाम जुड़े रहने व आपत्तिकर्ताओं पर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम कार्यालय के बाहर मौजूद वार्ड 7 के मतदाताओं ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान किया गया है और साजिशन नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, जो लोकतंत्र का हनन है। वार्ड सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि सभी लोग स्थानीय वार्ड 7 के निवासी हैं।

## संक्षेप

### मना एनटीपीसी का 47वां स्थापना दिवस समारोह



**शक्तिनगर।** एनटीपीसी का 47 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन संकल्प भवन में एनटीपीसी गीत से हुआ। मुख्य अतिथि स्टेशन प्रमुख बसुराज गोस्वामी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा केक काटा गया। मुख्य अतिथि ने स्टेशन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया। उन्होंने सुरक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए संविदा कर्मियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, वनिता समाज की अध्यक्ष समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



**सोनभद्र।** सेवा समर्पण संस्थान संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सेवा कुंज आश्रम के बिरसा मुंडा वनवासी विद्यापीठ के प्रांगण में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस पर होने वाले बनवासी समागम कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी डाक्टर देवेंद्र ट्राइबल, नोडल ऑफिसर और उनके प्रधान सहायक सतीश चन्द्र शुक्ला कार्यक्रम स्थल पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। त्तपश्चात सर्किट हाउस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी ली। इस मौके पर आनंद जी, आलोक चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### भोजपुरी फिल्म दाव का हुआ शुभारंभ

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के सिंचाई विभाग कालोनी में बुधवार को मानशवनी प्रोडक्शन के बैनर तले भोजपुरी फिल्म दाव का मुहूर्त कर शुभारम्भ किया गया। दाव दुद्धी की हसीन वादियों में बनने वाली भोजपुरी फिल्म है।




डायरेक्टर के रामजी ने बताया कि फिल्म में दुद्धी के लोकेशन को व यहां के हसीन वादियों को पर्दे पर दिखाने का काम किया जाएगा। उल्या रमेश फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में अभिनेता समर सिंह, अभिनेत्री श्वेता मिश्रा जलवा बिखेरेंगे। फिल्म में इंस्पेक्टर के किरदार में सेराज खान, विलन की भूमिका में संजय पांडे, आशीष खाम्बे, हैप्पी पाजी, राकेश शर्मा, अमर मौर्या, दिलीप चौहान अभिनय करेंगे। डायरेक्टर ने बताया कि स्थानीय लोगों को भी इस फिल्म में काम करने का मौका दिया जाएगा, जिससे यहां के युवाओं को अपने अंदर छुपी कला को निखारने का मौका मिले। कहानी के राइटर शेखर बी कुमार व आर डायरेक्टर अशोक विश्वकर्मा के सहयोग से क्षेत्र में लोकेशन के हिसाब से पूरी फिल्म की शूटिंग की जाएगी।

### जनजाति गौरव दिवस का राज्यपाल को सौंपा आमंत्रण पत्र



**डाला।** समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने आगामी जनजाति गौरव दिवस पर बुधवार को महामहिम राज्यपाल से मिलकर सोनभद्र आने के लिए आमंत्रित किया। जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर मंगलवार को जनपद के बभनी कारीडांड़ में मनाया जाएगा। इस क्रम में महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मिलकर राज्य मंत्री ने बताया कि आदिवासी समाज संस्कृति विरासत स्वतंत्रता संग्राम से आदिवासी गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किए जाने वाले विषयक प्रतिवर्ष जनपद सोनभद्र में जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ क्षेत्रीय जनता व माननीयों की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए राज्यमंत्री ने महामहिम राज्यपाल को आने के लिए आमंत्रित किया।

### मातृत्व दिवस गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**म्योरपुर।** स्थानीय सीएचसी पर बुधवार को मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दर्जनों गर्भवती महिलाओं की जांच डॉ पल्लवी श्रीवास्तव द्वारा की गयी। एचआईवी, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीडीआरएल, यूरिन ,हेपेटाइटिस बी की जांच भी किया गया और दवाएं भी बांटी गई। बता दें कि प्रत्येक महीने की 9 तारीख को सीएचसी पर मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। इस मौके पर महिलाएं, एएनएम व आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी के सिंगरौली स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन कर्मचारी विकास केंद्र में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि स्टेशन प्रमुख बसुराज गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसमें सप्ताह भर चले कार्यक्रम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, स्कूली बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

### लीगल सर्विस डे पर दी गई विधिक जानकारी

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेगा लिगल सर्विस कैम्प का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार यादव के निर्देशन पर बुधवार को लीगल सर्विस डे के अवसर पर आदिवासी इंटर कॉलेज सिल्थम में किया गया। मेगा विधिक शिविर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारत मे संविधान की कल्पना समता मूलक समाज के लिए की गई है। इसमें समान शिक्षा, बराबरी व उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया है। मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं से आम नागरिकों को लाभान्वित कराना है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को साक्षर होना है, शिक्षा के अभाव में व्यक्ति को उसके अधिकारों की जानकारी नही मिल पाती है। सदर तहसीलदार सुनील कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही राजस्व सहित कई जानकारी दी। क्योंकि शिक्षा से व्यक्ति मजबूत समाज व राष्ट्र की स्थापना करता है। विद्यालय के प्रबंधक पंडित आत्मानन्द मिश्रा ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षित करने के लिए संकल्पित है। मेगा शिविर में खण्ड विकास अधिकारी चतरा अरुण कुमार जौहरी, पैरालीगल वॉलिंटियर्स राजन चौबे, हरिशंकर मिश्रा, मुन्ना धांगर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर सीज

**दुद्धी।** बघाडू रेंज के सुरक्षित वन क्षेत्र गुलालझरिया ठेमा नदी से बुधवार की तड़के अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम ने दबोचकर रेंज कार्यालय लाकर सीज कर दिया। वन विभाग की कार्रवाई से खननकर्ताओं में हड़कंप मच गया। वन दरोगा बंधु राम ने बताया कि बीती रात्रि सूचना मिली कि ठेमा नदी से ट्रैक्टर से अवैध बालू खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिसपर पहुंची टीम घेराबंदी कर ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया। टीम में वन दरोगा विशाल, वन रक्षक साजिद, नकछेदी राम, सत्यनारायण शामिल रहे।

### रासलीला का शुभारंभ आज

**डाला।** रामलीला मैदान में दूर्गा पूजा सेवा समिति के द्वारा गुरुवार की सायं छ बजे रासलीला की शुरूवात की जाएगी, रासलीला देर रात्रि दस बजे तक चलेगा। कमेटी के अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ऊर्फ गुड्डू पटेल ने बताया रासलीला का मंचन वृंदावन के डेढ़ दर्जन कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी।

### विधायक से की वनाधिकार में अनियमितता की शिकायत

**दुद्धी।** फुलवार के वनाधिकार समिति अध्यक्ष भूतन राम ने विधायक रामदुलार गोंड़ को पत्रक सौंप कर वनाधिकार में अनियमितता की शिकायत की है। पत्र में उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत फुलवार में वन विभाग द्वारा 36 फाइलों को स्वीकृत किया गया है और शेष अन्य वनाधिकर के फाइलों का सत्यापन नहीं किया गया है, जिनका सत्यापन हुआ है उनके फाइलों को बिना कारण बताए खारिज कर दिया गया है। वहीं जिसको पट्टा दिया जा रहा, उनको यह भी नहीं पता कि कितना रकबा आवंटित किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम पंचायत फुलवार व राजस्व गांव सुई चट्टान में विगत 50 वर्षों से घर बना है। जिस पर आने जाने के लिए वन विभाग द्वारा सड़क नहीं बनने दिया जा रहा है। कहा कि यहां की पूरी आबादी खरवार व चेरो की है, जहां सड़क बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधायक से उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं नए वोटर : एडीएम

जनसंदेश न्यूज


मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते एडीएम उमेश मिश्रा।

**चंदौली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित कमलापति त्रिपाठी महाविद्यालय में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी व उपनिर्वाचन अधिकार उमेश मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस दौरान एडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके अनुसार समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर को कर दिया गया है।

08 दिसम्बर, 2022 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। आयोग द्वारा उक्त अवधि में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेण्टों के साथ पदाभिहित स्थानों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु कुल 04 विशेष अभियान की तिथि 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर तथा चार दिसम्बर 2022 निर्धारित की गयी है। विशेष अभियान की तिथियों को छोड़कर शेष दिनों में बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य किया जायेगा।

बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान आश्रयहीन, घुमन्तु बधुआ मजदूरों, विकलांग आदि व्यक्तियों का पात्रतानुसार मतदाता सूची में शामिल किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। अभी तक आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु 01 जनवरी अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली में मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने की व्यवस्था नियत की गयी थी जिसे अब आयोग द्वारा परिवर्तित करते हुए वर्ष में चार अर्हता तिथियां नियत की गयी है। उप निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अन्य लोगो को कार्यक्रम खत्म होने के उपरांत जब घर जाए तो अपने पास पड़ोस तथा गांव के लोगो भी बताने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन स्वीप आइकन राकेश यादव रोशन द्वारा किया गया। इस दौरान प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीपी सिंह, शावेज, नीरज, सरिता, अंजु सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुनरीक्षण में प्रयोग होंगे नवीनतम फार्म

**चंदौली।** एडीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बीते एक अगस्त 2022 से पूर्व प्रचलित फार्मो को संशोधित कर दिया गया है। इस पुनरीक्षण में संशोधित फार्म-6, 6ए, 6बी, 7 एवं 8 प्रयोग में लाया जाएगा। आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देश के अनुसार संशोधित फार्म-6 नया नाम सम्मिलित कराने के लिए, फार्म-6ए प्रवासी मतदाताओं के लिए, फार्म-6बी मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु फार्म-7 किसी प्रविष्टि के अपमार्जन हेतु तथा फार्म-8 किसी प्रविष्टि को शुद्ध कराने, डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र बनवाने, स्थान परिवर्तन हेतु प्रयोग में लाया जायेगा।

## हीरक जयंती के रूप में मनेगा स्थापना दिवस

**चहनियां।** बाबा कीनाराम इण्टर कालेज रामगढ़ में विद्यालय स्थापना का 75वां वर्ष हीरक जयंती के रूप में 17 व 18 नवम्बर को धूमधाम पूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद, साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगी तथा प्रदेश के कई मंत्री व विधायकों का लगेगा जमावड़ा। खेलकूद, साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कालेज के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों को चार दलों महाराणाप्रताप, चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह व सुभाष चंद्र बोस दल में विभाजित किया गया है। 18 नवम्बर रात्रि 8 बजे से इंटरनेशनल गायक कलाकार राकेश मिश्रा, आराधना मिश्रा व संतोष सिंह पुष्कर द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी प्रबंधक प्रभुनारायण सिंह लल्ला व प्रधानाचार्य विपिन कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दी गयी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 15 तक करें आवेदन

पहल

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इच्छुक जोड़ें कर सकते हैं आवेदन



**चंदौली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित कर दी गई है। जनपद के नियामताबाद, सकलडीहा एवं नौगढ़ विकास खंड में 25 नवंबर, सदर एवं चकिया विकास खण्ड में 26 नवम्बर, शहाबगंज, धानापुर एवं बरहनी विकास खण्ड में 28 नवम्बर, चहनियां विकास खण्ड में एक दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

डीएम ईशा दुहन ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ वर एवं कन्या का आधार कार्ड, आयु के संबंध में शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र मान्य होंगे तथा आय एवं जाति प्रमाण पत्र जो तहसीलदार द्वारा जारी किया गया हो और वार्षिक आय रुपए 2 लाख से अधिक न होना चाहिए। साथ ही कन्या के नाम से बैंक खाता अनिवार्य होना चाहिए। निराश्रित महिला, तलाकशुदा और दिव्यांगजन की बेटी को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह का आयोजन कराया जाना है। सामूहिक विवाह में बेटियों की शादी की इच्छुक शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। विवाह पर सरकार 51 हजार रुपये खर्च करती है, जिसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में, 10 हजार रुपये के कपड़े, पायल, बर्तन, बिछिया आदि दिये जाते है। शेष 6 हजार रुपये पंडाल और खाने-पीने पर खर्च होता है। इस योजना का लाभ पाने के लिए लड़की की विवाह की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु कम से कम 21 वर्ष निर्धारित की गयी है।

## मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में दी जानकारी

**चंदौली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। मां खंडवारी विधि कालेज चहनियां में आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संदीप कुमार, मां खंडवारी विधि कालेज चहनियां चंदौली के प्राचार्य रवि कुमार, पैनल अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप, बृजेश व छात्र-छात्राएं व पराविधिक स्वयं सेवकों की उपस्थिति में हुआ। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस प्रत्येक वर्ष 09 नवंबर को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की शुरूआत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ था। इस दिन लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता की उपलब्धता के बारें मे जागरूक किया जाता है। जिसमें सचिव द्वारा विधि संबंधित समस्त बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। नागरिकों के मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। 12 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कारागार में निरुद्ध बंदियों को हक हमारी भी तो है के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बंदियों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने के बारे में बताया। विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुल 717 वादों का निस्तारण किया गया। उक्त लघुवाद के संबंध में विशेष लोक अदाल 10 व 11 नवंबर को भी होगा।

# मानसिक रूप से कमजोर महिला को मिला अपना घर आश्रम

नेक कार्य

### जन सहयोग संस्था ने हाइवे पर पड़ी वृद्धा को पहुंचाया वृद्धाश्रम


अज्ञात विक्षिप्त महिला की मदद करते संस्था के लोग।

**चंदौली।** जिसका कोई नहीं, उसका खुदा है। इस बात को समाजसेवी संस्था जनसहयोग संस्था ने बुधवार को एक बार फिर चरितार्थ किया। संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी के साथ ही सदस्यों की नजर नेशनल हाइवे-2 के डिवाइडर पर मौजूद एक अज्ञात महिला पर पड़ी। महिला के मानसिक कमजोरी व विक्षिप्तता की जानकारी होने पर संस्था ने चिकित्सकीय टीम से सम्पर्क साधा और वृद्धाश्रम के लोगों से बातचीत की।

हाइवे के मौजूद डिवाइडर के बीच मौजूद महिला को वहां से सुरक्षित निकाला उसका चिकित्सकीय जांच-पड़ताल कराया और अपना घर आश्रम के लोगों को बुलाकर महिला को उनके सिपुर्द कर दिया। संस्था के इस प्रयास को देखकर आसपास के लोगों ने सराहना की, वहीं प्रेरित होकर समाज में एक एकल, असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। इस बाबत अजीत कुमार सोनी ने बताया कि पिछले एक माह से एक अज्ञात महिला के जिला अस्पताल के आसपास मौजूदगी की सूचना मिल रही थी, जो फटे-पुराने मैले वस्त्र धारण किए हुए। अक्सर वह नेशनल हाइवे के मध्य स्थित डिवाइडर पर पहुंच जाती थी। बुधवार को जब संस्था ने वृद्धा को असहाय व अशक्त हाल में देखा तो उसकी मदद कर उसे आश्रय व चिकित्सा सेवा मुहैया कराने का निर्णय लिया। सहयोग की इस कड़ी में वाराणसी के सामने घाट स्थित अपना घर आश्रम के लोगों से बातची की गई। सूचना में वहां के लोग जिला चिकित्सालय चंदौली के पास पहुंचे। इसके बाद वृद्धा से उसके पता व पहचान के बाबत जानने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बताने में असफल व नाकाम रही। इसके बाद महिला को सामने घाट स्थित अपना घर आश्रम भेज दिया गया। इस दौरान सुजीत कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, हिमांशु वर्मा एवं आसपास के अन्य लोगों ने अपना सहयोग दिया।

# श्रीराम कथा के विश्राम दिवस में उमड़े श्रद्धालु


बौरी में कथा के दौरान उपस्थित अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

**नियामताबाद।** स्थानीय क्षेत्र के बौरी ग्राम सभा में मानस प्रचार सेवा समिति द्वारा कराई जा रही श्रीराम कथा का मंगलवार को अंतिम दिन रहा। कथावाचिका शालिनी त्रिपाठी ने श्रीराम कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि राम नाम रूपी बूटी बांटने का काम किया। कथावाचक ने संगीतमय सत्संग के माध्यम से गौ सेवा एवं मानव सेवा के प्रति जागृति लाने का भी प्रयास किया। कथावाचिक ने इस श्रीराम कथा को उसके मर्म के साथ प्रस्तुत किया। मंगलवार को कथा के विश्राम दिवस में सुंदरकाण्ड का वर्णन करते हुए उन्होंने लंका दर्शन आदि घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया।

इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध एवं प्रभु श्रीराम के अयोध्या के राजसिंहासन पर आरूढ़ होने का सुंदर वर्णन किया। समिति के मुख्य आयोजक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सुंदरकांड मानस का सुंदर भाग है। आज समाज में सुंदरकांड के पाठ का प्रचलन है, इसलिए किसी ग्रंथ के किसी विशेष भाग के पठन को परंपरा बनाने का अर्थ है कि हम उस भाग को बार-बार पढ़ें और अपने आचरण में उतार लें।

मात्र पढने से कल्याण नहीं हो सकता। समिति के अध्यक्ष हरिवंश सिंह पटेल ने कथा में वर्णित राम राज्य के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए कहा कि रामराज्य एक आदर्श राज्य है। रामराज्य में कहीं चोरी, भ्रष्टाचार, झूठ एवं घृणा नहीं है, अपितु चारों तरफ प्रेम भाईचारा, सौहार्द और सद्भावना दृष्टिगोचर होती है। आज भी इन्हीं सब गुणों की आवश्यकता है। यह रामराज्य जीवन में आ जाय। समिति द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, सूर्यमूनी तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, सतीश सिंह, बौरी, अरुण सिंह, मृदुल विश्वास, राज किशोर सिंह, रोशन सिंह ,राजू सिंह सहित समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अभियुक्त गया जेल

**कंदवा।** पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में निरुद्ध अभियुक्त चंद्र भूषण यादव पुत्र भूखण यादव 48 वर्ष निवासी बाकरपुर को बुधवार को को मुड्डा गांव से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस के अनुसार विभिन्न धाराओं में निरुद्ध अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर मुड्डा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

## बाइक सवार घायल

**कंदवा।** सैयदराजा-जमानियां राष्ट्रीय राज मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद भदखरी गांव के पास पिकअप से धक्का लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे पास के ग्रामीणों ने अमड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चुनार निवासी दिलीप पाल 30 वर्ष बुधवार को अपने गांव चुनार से सैयदराजा-जमानियां मार्ग होते दिलदारनगर जा रहा था कि भदखरी गांव के सामने विपरीत दिशा जमानियां की तरफ से आ रही पिकअप से धक्का लग जाने से बाइक सवार गिर गए। पिकअप सवार वाहन लेकर सैयदराजा की तरफ भाग निकला।

# रोजगार मेले में 43 विद्यार्थियों को मिला रोजगार


रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र देते प्रबंधक संतोष कुमार सिंह।

**चंदौली।** क्षेत्र के हिनौता जगदीशसराय स्थित हरि ओम सेवा आईटीआई कालेज में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें कुल 68 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुल 43 छात्रों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। संस्थान के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी के हाथों ऑफर लेटर पाकर बेरोजगार युवा काफी गदगद दिखे। प्रबन्धक संतोष कुमार तिवारी व प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने जनपद के विभिन्न आईटीआई से आए चयनित युवाओं को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मेले में महाराष्ट्र के औरंगाबाद के धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एचआर असिस्टेंट अभिनव यादव के द्वारा 68 बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें कुल 43 छात्रों का चयन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार मिश्रा, चंद्रजीत यादव, प्रदीप कुमार मौर्य, शैलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण में मानक की हो रही अनदेखी



**इलिया।** शहाबगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मंगरौर में दोयम दर्जे के पीली ईंटों से पंचायत भवन का बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। जो सरकार द्वारा तय निर्माण के मानक पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा, जो भ्रष्टाचार की इबारत गढ़ रहा है। ग्राम पंचायत मंगरौर में पंचायत भवन की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण हो रहा है। शहाबगंज ब्लाक क्षेत्र के मंगरौर पंचायत भवन के बाउंड्री वाल निर्माण कार्य में धड़ल्ले से पीले दोयम दर्जे की ईंटों का प्रयोग मानक के विपरीत किया जा रहा है। वहीं बालू व सीमेंट का मानक भी ठीक नहीं है, जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि तकनीकी सहायक जहां गुणवत्ता की जांच नहीं कर रहे हैं। वहीं ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत भी कहीं न कहीं है। ऐसी दशा में पंचायत भवन की सुरक्षा कितने दिनों तक हो सकेगी यह बताना मुश्किल है। लेकिन बाउंड्री वाल का निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। बाउंड्री वाल के घटिया निर्माण के बारे में एडीओ पंचायत अरविंद सिंह ने बताया कि पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण की शिकायत मिली है। जिस पर प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### बंद रहता है ग्राम सचिवालय, घर बैठे मानदेय ले रहे सहायक



**इलिया।** शहाबगंज विकास खण्ड में मिनी सचिवालय की स्थिति ठीक नहीं है। अधिकतर पंचायत भवन बंद रहते हैं। पंचायत सचिव इसमें बैठते तक नहीं। जिससे ग्रामीणों की अधिकांश समस्याओं को निस्तारण नहीं हो पाता। उन्हें ब्लाक का चक्कर लगाना पड़ता है। वहीं पंचायत सहायक के रूप में तैनात कर्मी भी वहां नहीं बैठते। अधिकतर पंचायत सहायक घर बैठे छह हजार रुपये मानदेय ले रहे हैं। पंचायत भवन में कर्मचारियों के न जाने से हमेशा ताला लटका रहता है। कागज पर सभी ग्राम सभाओं में पंचायत सहायकों की तैनाती कर दी गई है। कार्य करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। शहाबगंज के ग्राम पंचायत मंगरौर के पंचायत भवन में बुधवार को भी पंचायत सहायक कक्ष में ताला लगा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक यहां कोई नहीं बैठता। गांव के लोग सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। लोगों को अपने प्रपत्र बनवाने के लिये ब्लाक की दौड़ लगानी पड़ रही है। बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सचिवालय का संचालन प्राथमिकता से कराया जाएगा। गांव के सचिव को भी सचिवालय पर बैठना होगा। जल्द ही स्वयं और टीम गठित कर निरीक्षण कराया जाएगा।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कालेज में बुधवार को स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र सतीश विश्वकर्मा को प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय सहित शिक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। सतीश विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय यूथ गेम 2022 में ताइक्वांडो के 50 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित किया गया है। छात्र के इस उपलब्धि से कालेज प्रशासन प्रोत्साहित दिखा। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि खेल प्रतिस्पधाओं से जीवन अनुशासित व स्वस्थ रहता है। छात्र राष्ट्रीय स्तर पर कालेज का नाम रौशन करें, यही कामना है। प्राचार्य व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम सिंह यादव ने छात्र को पदक, अंगवस्त्रम और माला पहना कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने खिलाड़ी छात्रों को प्रोत्साहित करने एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का वायदा किया। इस मौके पर प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव, दयाशंकर सिंह यादव, डा. अभय वर्मा, विकास यादव, अजय गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



### अमीन राजस्व विभाग के मजबूत स्तंभ : एसडीएम



**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की तहसील ईकाई के पदाधिकारियों का बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि मनोज पाठक और तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा ने नवनियुक्त अमीन संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। इस मौके पर संघ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि मनोज पाठक एसडीएम ने कहा कि अमीन राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण अंग है। शासन प्रशासन के बीच के कड़ी है। वही तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा ने कहा कि पदाधिकारियों के समन्वय से तहसील का सम्मान सदैव बढ़ता है। इसके पूर्व राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा व अमीन संघ जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने नवनियुक्त नवनियुक्त अध्यक्ष तेरसू राम, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, राधेश्याम श्रीवास्तव, पन्ना लाल, रामप्रसाद सिंह, अरूण कुमार उपाध्याय, नायब यादव पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। इस मौके पर बिहारी यादव, सुरेन्द्र गुप्ता, श्यामनारायण सिंह, अशोक सिंह, दिनेश मौर्या सहित अन्य मौजूद रहे।

### अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण आवेदनों को पूर्ण करें आवेदक

**चंदौली।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्राप्त आनलाइन आवेदनों के लिए अभिलेखीय परीक्षण का कार्य पोर्टल पर किया जा रहा है। इसमें कई आवेदनों में अभिलेखीय कमियां व त्रुटियां पायी गई है। इससे आवेदनकर्ता के आनलाइन पोर्टल पर कमियां इंगित करते हुए वापस किया गया है। सहायक निदेशक मत्स्य रामअवध ने कहा कि आवेदनकर्ता अपनी लागिंग आईडी व पासवर्ड से पोर्टल खोलकर चेक कर लें। साथ ही इंगित कमियों का निराकरण कर पुनरू विभागीय पोर्टल पर दो दिन में अपटेड कर दें, ताकि सत्यापन का कार्य कराया जा सके। अन्यथा आवेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक जुलाई से सितंबर तक विभिन्न परियोजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए थे।

# खेलकूद से विकसित होती है शारीरिक विकास व नेतृत्व क्षमता


बबुरी विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में अतिथियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

**बबुरी।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बबुरी के प्रांगण में बुधवार को ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यालयों के नौनिहालों ने अपने दमखम का परिचय दिया। वहीं बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सदर ब्लाक के दर्जनों विद्यालयों के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के विकास के लिए खेल आयोजनों का किया जाना अत्यंत आवश्यक है। खेल के माध्यम से बच्चों के अंदर शारीरिक विकास तथा नेतृत्व की क्षमता का उत्थान होता है। खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ लंबीकूद, ऊंची कूद, खो-खो कबड्डी बैडमिंटन गोला तथा योग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें चंदौली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रिले रेस में हलुआ संकुल की टीम अव्वल रही। ऊंची कूद में लकी प्रथम, छोटी द्वितीय, लंबी कूद में श्वेता प्रथम व लकी द्वितीय रही। बालक वर्ग लंबी कूद में मंजीत प्रथम व ओमप्रकाश द्वितीय रहे। बैडमिंटन में कोमल चौहान अव्वल रही। सभी विजेताओं को बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। इस मौके पर एसआरजी सुभाष सिंह यादव, अध्यक्ष आनंद सिंह, एआरपी सत्येंद्र शर्मा, उमाशंकर यादव, प्रमोद यादव, सुधीर सिंह, मनोज शर्मा, सुनील गुप्ता, राजेश बहादुर सिंह, मोहम्मद अकरम, धर्मेंद्र यादव, मेहंदी सेन, प्रिया रघुवंशी, अलका सिंह, हरिचरन, अरविंद सिंह, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग : सूर्यमुनि तिवारी



**चहनियां।** बाल्मीकि इंटर कॉलेज बलुआ के खेल मैदान पर बुधवार को परिषदीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सूर्यमुनि तिवारी द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती मां के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के समक्ष मार्च पास्ट की सलामी दी गयी। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर में बालक श्लोक निषाद प्रथम स्थान प्राथमिक पुरा गणेश, द्वितीय स्थान राहुल टांडा दो पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बालक वर्ग 100 मीटर में अमन यादव महुअर कला के प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पूर्व माध्यमिक सामू निषाद। बालिका वर्ग में मजीना प्रथम स्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरतापुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आराधना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरेरा रही। 200 मीटर पूर्व माध्यमिक के बालिका वर्ग में सुस्मिता यादव, द्वितीय स्थान पर मरजीना, बालक अमन यादव प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान साबिर खान ने हासिल किया। कबड्डी में बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक गुर 15 अंक लेकर प्रथम स्थान व पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअर 03 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। लोकगीत में पूर्व माध्यमिक बिद्यालय रामगढ़ प्रथम व हृदयपुर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में प्रथम स्थान पूर्व माध्यमिक टांडा दो द्वितीय स्थान पूर्व माध्यमिक रामगढ़ रहा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चतुर्वेदी, अजय कुमार सिंह ,फैयाज अहमद, वीरेंद्र यादव, हैदर अली खान,अमरेंद्र पांडेय, महेंद्र यादव अखिलेश श्रीवास्तव, ताहिर अली, अवधेश यादव, बब्बू सिंह, पवन पांडे, वैशाली सिंह, मनोज गुप्ता, पंकज सिंह, कालिंदी पांडेय, इंदल राम, सुरेंद्र त्रिपाठी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य बृज विहारी सिंह व संचालन आत्मप्रकाश पांडेय द्वारा किया गया।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



**कंदवा।** स्थानिय किसान इण्टर कालेज बरहनी परिसर में बुधवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें खंड शिक्षा अधिकारी बरहनी रामअसरे राम द्वारा कप, शिल्ड, मेडल देकर संमानित किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बरहनी रामआसरे राम ने कहा कि बच्चों के जीवन मे खेलकूद का काफी महत्व है। खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मांसिक व बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर ऐसे खेलकूद का आयेजन देख काफी सुकून मिलता है। जरूरत है बच्चों को अच्छी तालीम देने के साथ-साथ खेलकूद का भी अभ्यास कराने की, ताकि यह बच्चे आगे चलकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माँ बाप व जिले का नाम रोशन कर सके। शिक्षक संग के अध्यक्ष यशवर्धन सिंह ने कहा की खेलकूद बच्चों के लिए बहुत जरूरी है, शारीरिक विकास भी होता है उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता हैं। वहीं खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल मे प्रथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम, अंकित कंम्हरिया द्वितिय ऋषिराज बरहनी, बालिका वर्ग मे प्रथम रिया कम्हरिया द्वितिय आकांक्षा पिपरी, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम मनोज कुमार कम्हरिया, द्वितीय सनी देवल अरंगी, बालिका वर्ग में प्रथम रिया कम्हरिया, द्वितीय आकांक्षा पिपरी, 200 मिटर दौड़ में प्रथम आदित्य पाल, द्वितीय अर्जुन बरंगा बालिका वर्ग में रिया कंम्हरिया द्वितिय शिल्पा, 400 मीटर बालक वर्ग मनोज बकौड़ी, द्वितीय शिवम कवरूवा रही। प्रतियोगिता के अंत मे सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षाअधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र सहित मेडल कप व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षक संग ब्लाक अध्यक्ष यशवर्धन सिंह, शिक्षक संग महा मंत्री राजेश सिंह, बलराम पाठक, किरन सिंह, अनिल सिंह, जयकुमार सिंह, प्रदीप सिंह, मनीष सिह आदि रहे।



इटली में क्रीमोनीस और मिलान के बीच हुए सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

# फाइनल का टिकट कटाने उतरेगी टीम इंडिया

## इंग्लैंड से अहम मुकाबला आज, बटलर ने कहा- सूर्य कुमार को करेंगे काबू

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंचने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने इस बार विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रुप में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट में जगह बनायी है ,ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। टीम के पास विराट कोहली , सूर्यकुमार यादव जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के पास अर्शदीप सिंह , भुवनेश्वर कुमार जैसे तेज गेंदबाज हैं। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो इंग्लैंड टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय टीम 2013 के बाद से सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं जीत पायी है। वह 2014 टी20 विश्व कप के फाइनल में और 2016 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार गई थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस बार कोई गलती नहीं करना रहेगा। भारतीय टीम ने लीग और सुपर-12 में इंग्लैंड के मुकाबले कहीं बेहतर खेल दिखाया है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने भी माना है कि उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं। अब भारतीय टीम को इस मैच में जीत के लिए कप्तान जोस बटलर और स्टोक्स पर अंकुश लगाना होगा।



आईसीसी टूनार्मेंटों में पिछले कुछ साल में भारत को अधिक सफलता नहीं मिली है पर अब कप्तान रोहित शर्मा इसमें बदलाव करना चाहेंगे। रोहित अपनी चोट से उबर गये हैं और सेमीफाइनल में एक अच्छी पारी खेलने उतरेंगे। अब तक वह पांच मैचों में 89 रन ही बना सके हैं। उनका लक्ष्य अपने आलोचकों को जवाब देना रहेगा। इसके लिए सेमीफाइनल सबसे अच्छा अवसर है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का सामना एक बार फिर आदिल रशीद से होगा, जबकि सूर्यकुमार यादव को सैम कुरेन और मार्क बुड से मुकाबला करना होगा। स्टोक्स को भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को जवाब देना रहेगा। विश्व की इन दो शीर्ष टीमों के बीच मुकाबले को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह है। भारतीय टीम ने सुपर 12 चरण में चार मैच जीते, लेकिन दिनेश कार्तिक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत भी पांचवें नंबर पर उम्मीद के अनुसार खेलना चाहेंगे। छोटी बाउंड्री और रशीद की मौजूदगी से ऋषभ को कार्तिक से बेहतर विकल्प माना जा रहा है पर अब देखना यह होगा कि अंतिम ग्यारह में किसे अवसर मिलता है। अक्षर पटेल ने 9-10 की औसत से तीन ही विकेट लिये हैं पर भारतीय टीम प्रबंधन ने उनकी जगह युजवेंद्र चहल को नहीं उतारा है हालांकि स्पिनरों की सहायक इस पिच पर चहल काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। टूनार्मेंट के सबसे तेज गेंदबाज वुड अगर चोट की वजह से नहीं खेल पाते हैं तो भारत के लिये यह अच्छा होगा क्योंकि क्रिस जोर्डन या टाइमल मिल्स के पास वह तेजी नहीं है। इस मैच में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी।

*दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:*

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), के एल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, दीपक हुड्डा, हर्षल पटेल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल.

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), बेन स्टोक्स, एलेक्स हेल्स, हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, डेविड मलान, सैम कुरेन, मार्क वुड, मोईन अली, आदिल रशीद, टाइमल मिल्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस वोक्स, डेविड विली।

## सूर्यकुमार स्पर्धा के बेस्ट बल्लेबाज तो रोहित का खराब फार्म टीम के लिए चिंता : गावस्कर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने जबरदस्त अंदाज में ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस दौरान टीम इंडिया सिर्फ एक मुकाबला हारी वो भी ऐसी पिच पर जो दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के पूरी तरह मुफीद थी। भारत को उस मैच में अच्छी शुरूआत नहीं मिली और नतीजा ये रहा कि टीम कम स्कोर तक पहुंच सकी। बावजूद इसके भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को आखिर तक संघर्ष करने पर मजबूर किया। हालांकि अंत में दक्षिण अफ्रीकी टीम मैच को अपने पक्ष में खत्म करने में कामयाब रही। मगर इसके बाद भारतीय टीम ने अपने अन्य मैचों को जीतने के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इंग्लैंड के पास भी मार्क वुड के रूप में वास्तविक तेज गेंदबाज मौजूद है लेकिन कई बार वो बल्लेबाजों को उनके विरुद्ध रन बनाने के मौके दे देते हैं। अभी तक सैम कुर्रन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए हैं और वो निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। इससे भारतीय टीम की तुलना में इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को गहराई मिलती है। यही वजह है कि इंग्लिश टीम बड़े स्कोर का पीछा कर सकती है। भारतीय टीम का मजबूत पक्ष भी लक्ष्य का पीछा करना ही है जिससे ये संकेत मिलते हैं कि टीम इंडिया पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। मगर हमने ये भी देखा है कि भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी भी कर सकती है ताकि खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करने का मौका मिल सके। वैसे एडिलेड की छोटी स्क्वायर बाउंड्री को देखते हुए और इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई को मद्देनजर रखते हुए कोई भी लक्ष्य यहां सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। इंग्लैंड की टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हुए रविचंद्रन अश्विन को भी अपनी ताकत के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिलेगा।



## टीम इंडिया ने सेमीफाइनल से पहले रात्रि भोज का आनंद लिया

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले यहां के नामी भारतीय रेस्टोरेंट ब्रिटिश राज में खाने का स्वाद लिया। टोरेन्सविले की हेन्ली बीच रोड पर स्थित यह रेस्टोरेंट अपने चिकन टिक्का, कश्मीरी पुलाव और लजीज रोगन जोश के लिए जाना जाता है। इस टूनार्मेंट की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने खराब खाने की शिकायत की थी। उसके बाद यह मामला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने भी उठा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, टीम और खिलाड़ियों को आराम करने और विश्व कप जैसे कड़े टूनार्मेंट में होने वाले दबाव से ध्यान हटाने का अधिक मौका नहीं मिला है। इसलिए उन्हें अब यह अवसर दिया गया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के अंदर भी काफी उड़ान लेनी पड़ी इसलिए एडिलेड में तीन दिन आराम दायक रहे। ऐसे में खिलाड़ियों और उनके परिवारों ने बुधवार को रात्रि भोज का आनंद लिया. यह टीम को एकजुट करने का एक प्रयास भी था। भारतीय टीम को इस विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के सभी बड़े शहरों में मुकाबले खेलने के लिए यात्रा करनी पड़ी।

# 13 साल बाद फाइनल में पहुंचा पाक न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

## बाबर आजम और रिजवान ने ठोके अर्धशतक

**सिडनी।** बाबर आजम 53 और मोहम्मद 57 के अर्धशतकों की सहायता से पाकिस्तान ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 152 रन बनाये थे। इस प्रकार पाक को जीत के लिए 153 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने 19 ओवर ओर एक गेंद में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। किस्मत के सहारे सेमीफाइनल तक पहुंची पाक एक बार फिर न्यूजीलैंड को झटका देने में सफल रही। इस मैच में पाक टीम ने गेंदबाजी बल्लेबाजी और फील्डिंग में कीवी टीम को पीछे छोड़ दिया। यह तीसरी बार है जब पाक टीम फाइनल में पहुंची है। अब उसका मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से रविवार को होगा।




वहीं इस मैच में कीवी टीम एक बार फिर बदकिस्मत रही। केन विलियमसन की कप्तानी वाली टीम 4 विकेट पर 152 रन ही बना सकी। इसके बाद टूनार्मेंट अब तक विफल रहे आजम और रिजवान की शानदार शुरूआत कर अपनी टीम को जीत दिलायी। आजम को पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर जीवनदान मिला जिसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया। रिजवान ने पहली ही गेंद पर चौका लगा दिया। तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर 3 चौके लगे। इसके बाद पाक टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुल मिलाकर आप पाक टीम का दिन दिखा। पाक के प्रशंसक अपनी टीम का लगातार हौसला बढ़ाते दिखे। पाक ने 5.3 ओवरों में ही अर्धशतक लगा दिया। देखते ही देखते 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर आजम ने 38 गेंदों में 50 रनों का स्कोर हासिल किया। यह उनका टूनार्मेंट में पहला अर्धशतक लगाया। दूसरी ओर, रिजवान ने 36 गेंदों में ही 50 रन बना दिये।

पाकिस्तान जीत के करीब था तभी रिजवान पेवेलियन लौट गये । मोहम्मद रिजवान ने 43 गेंदों में 7 चौके की मदद से 57 रन बनाए।

इसके बाद मोहम्मद हारिस ने नाबाद 30 ने 2 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 19.1 ओवरों में जीत हासिल कर ली। वहीं कीवी टीम की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए।

## फिल्मी खबरें

### करीना कपूर के साथ तब्बू और कृति सेनन आएंगी नजर



**मुंबई।** तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन ने अपने दमदार अभिनय और एनिगमैटिक स्क्रीन प्रेजेंस के जरिए र्शकों के दिलों पर राज किया हैं। अब पहली बार बॉलीवुड की ये तीन खुबसूरत लीडिंग लेडीज कॉमिक केपर 'द क्रू' के लिए स्क्रीन पर एक साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण 'वीरे दी वेडिंग' की सुपर-हिट निमार्ता जोड़ी, एकता आर कपूर और रिया कपूर द्वारा किया गया है, जो दर्शकों के लिए ड्रामा और कॉमेडी का कॉकटेल लाने के लिए फिर से साथ आई हैं।स्ट्रगलिंग एयरलाइन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित 'द क्रू' एक मजेदार कॉमेडी होगी। फिल्म में तीन महिलाएं खुद को साबित करने के लिए सब कुछ करती है। हालांकि, उनकी डेस्टिनी कुछ अनुचित स्थितियों की ओर ले जाती है और वे झूठ के जाल में फंस जाती हैं। 'द क्रू' गलतियों और हादसों की कॉमेडी से भरी गुदगुदाने वाली राइड है। निर्माता एकता आर कपूर, बालाजी टेलीफिल्म्स ने साझा किया। वीरे दी वेडिंग की सफलता के बाद, बालाजी मोशन पिक्चर्स शानदार रिया कपूर के साथ एक और फिल्म के लिए साथ आकर खुश हैं। निर्माता रिया कपूर, एकेएफसीएन प्रोडक्शंस ने साझा किया*, "इन तीन खूबसूरत, प्रतिभाशाली मूवी स्टार्स को मेरी अगली फिल्म के लिए लाना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं उत्साहित, दृढ़ निश्चयी और नर्वस हूं, और शूटिंग शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकती। साथ ही, यह दूसरी बार है जब मैं 'वीरे दी वेडिंग' के बाद एकता के साथ काम कर रही हूं और ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि वो मुझे सपोर्ट कर रही हैं। कृति सेनन ने कहा कि मैं हमेशा मजबूत किरदारों और अनूठी कहानियों का इंतजार करती हूं और 'द क्रू' उनमें से एक है। करीना कपूर ने कहा कि वीरे दी वेडिंग मेरे दिल में एक खास जगह रखती है...रिया और एकता के साथ काम करना एक कमार का सफर था। तब्बू ने कहा कि मैं इस फिल्म पर दो खूबसूरत और प्रतिभाशाली महिलाओं करीना और कृति और दो और जूनून से सभी महिलाओं, रिया और एकता के साथ निर्माता और निर्देशक राजेश कृष्णन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं।

### मनोज बाजपेयी ने की 'ड्रामा' की घोषणा



**मुंबई।** तीन बार के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता, मनोज बाजपेयी ने हाल ही में अपने अपकमिंग अनटाइटल्ड कोर्ट रूम ड्रामा की घोषणा की। विनोद भानुशाली के भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड, सुपर्ण एस वर्मा और जी स्टूडियो द्वारा समर्थित, इस कोर्ट रूम ड्रामा के सेट से तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगी हैं। इस कोर्ट रूम ड्रामा की शूटिंग पिछले महीने के शुरूआती हफ्तों में शुरू हुई थी, मुंबई में चल रही इसकी शूटिंग की कुछ झलकियां सामने आने लगी हैं। ये तस्वीरें मुंबई शेड्यूल की हैं, जिसमें कोर्ट रूम के कुछ इंटेंस सीन शूट किए जाएंगे। इसके अलावा, शुरू से अंत तक, शेड्यूल को मुंबई में अलग अलग जगहों पर शूट किया जाएगा। हाल ही में, टीम ने जोधपुर में एक शूटिंग शेड्यूल खत्म किया है जो कलाकारों के लिए एक शानदार अनुभव रहा है।

# 23 दिसंबर को कोच्चि में होगा आईपीएल ऑक्शन, हर टीम के पर्स में पांच करोड़ बढ़ाए, कुल बजट 95 करोड़ हुआ

## सभी 10 टीमों ने जिन खिलाड़ियों को साल की शुरुआत में खरीदा था, वह अपनी टीम में बने रहेंगे

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होगी। हालांकि, यह आईपीएल 2022 की तरह नहीं होगा। इस बार सभी खिलाड़ियों पर नीलामी नहीं लगेगी। सभी 10 टीमों ने जिन खिलाड़ियों को साल की शुरूआत में खरीदा था, वह अपनी टीम में बने रहेंगे। जिन खिलाड़ियों को कोई टीम रिलीज करेगी और जो खिलाड़ी पिछले ऑक्शन में शामिल नहीं हुए थे वह इस बार ऑक्शन में शामिल होंगे।




इस बार टीमें पिछली नीलामी के बाद बचे हुए पैसे और जिन खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज करेंगी। उनकी कीमत भी पर्स में जुड़ेगी। इसके अलावा सभी टीमों के पर्स में पांच करोड़ की राशि अलग से जोड़ी गई है। सभी टीमों का कुल पर्स 95 करोड़ का हो गया है, जो पिछले साल 90 करोड़ था। पिछले साल की नीलामी के बाद सबसे ज्यादा पैसे पंजाब किंग्स के पास बचे थे। इस टीम के पास 3.45 करोड़ रुपये थे और पांच करोड़ की अतिरिक्त राशि जुड़ने के बाद पंजाब के पर्स में 8.45 करोड़ रुपये हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पंजाब की टीम मयंक अग्रवाल को रिलीज कर सकती है। इस स्थिति में पंजाब के पास 20.45 करोड़ होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के पास 2022 मेगा ऑक्शन के बाद 2.95 करोड़ रुपये बचे थे। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पास 1.55 करोड़, राजस्थान रॉयल्स के पास 0.95 करोड़ और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 0.45 करोड़ रुपये बचे थे। लखनऊ की टीम ने अपना पूरा पर्स खाली कर दिया था और अगर यह टीम किसी खिलाड़ी को रिलीज नहीं करती है तो इस मिनी ऑक्शन में इस टीम के पास पांच करोड़ रुपये होंगे।

इस साल चैंपियन बनने वाली गुजरात टाइटंस के पास 0.15 करोड़ रुपये बचे थे, जबकि तीन टीमों- मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के पास 0.10 करोड़ रुपये थे।

दिसंबर के पहले सप्ताह में नीलामी के लिए खिलाड़ियों का पूल तैयार हो सकता है। सभी फ्रेंचाइजी 15 नवंबर तक रिलीज होने वाले खिलाड़ियों की सूची जमा करेंगी। इसी साल फरवरी में मेगा ऑक्शन दो दिनों में आयोजित की गई थी, मिनी ऑक्शन सिर्फ एक दिन में पूरा हो जाएगा। हालांकि, मिनी ऑक्शन में कई बार विदेशी खिलाड़ियों को मोटी रकम मिली है।

*इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें*

इस साल हर फ्रेंचाइजी की नजर ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, सैम करन और कैमरुन ग्रीन पर होंगी। अगर ये खिलाड़ी नीलामी में शामिल होते हैं तो मोटी रकम हासिल कर सकते हैं। पंजाब, दिल्ली और लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में केवल सात विदेशी खिलाड़ियों को खरीदा था। ये सभी टीमें आठवें और अंतिम विदेशी खिलाड़ी की जगह भरने की कोशिश करेंगी। पिछले साल छह फ्रेंचाइजी में चोटिल खिलाड़ियों की जगह नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया था। 15 नवंबर तक सभी फ्रेंचाइजी को यह तय करना होगा कि मूल खिलाड़ी को टीम में रखना है या बाद में आए खिलाड़ी को। फ्रेंचाइजी के पास दोनों खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखने का मौका होगा।



ग्लासगो में कजाकिस्तान की महिला टेनिस खिलाड़ी इलीना रायबीकिना ब्रिटेन की हैरियट डार्ट की बधाई स्वीकार करतीं

## पीटरसन बोले, इंग्लैंड और पाकिस्तान में होगा टी20 विश्व कप फाइनल

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि इस बार टी20 विश्व कप 2022 का खिताबी मुकाबला इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच होगा। पीटरसन की इस बात का मतलब साफ है कि उनकी टीम सेमीफाइनल में टीम इंडिया से जीतेगी। पीटरसन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे लगता है कि क्रिकेट जगह भारत-पाक के बीच मुकाबला चाहता है पर इस बात की बहुत अच्छी संभावना है कि यह इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान होने वाला है। साथ ही कहा कि इस बार खिताब इंग्लैंड के पास आयेगा। उन्होंने कहा, एडिलेड ओवल में मुझे लगता है कि इंग्लैंड टीम भारत को हरा देगी। इसका कारण है कि इंग्लैंड बेहतर क्रिकेट खेल रहा है पर इसके लिए मैं चाहूंगा कि विराट कोहली एक दिन के लिए अपने फॉर्म को खो दें। पीटरसन के अनुसार सैम करन इस मैच में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पीटरसन ने लिखा कि, मुझे बाएं हाथ की सीम पसंद है, जब खेल के सबसे छोटे रूप की बात आती है।




लाहौर में पाक के साथ महिला एकदिवसीय मैच में खेलती हुई आयरलैंड की टीम।

# श्रीभुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर पर दीपोत्सव का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**शाहगंज।** सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर शिवधाम बेलवाई पोखरे पर देव दीपावली पर देवदीप मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में देव दीपोत्सव मंगलवार रात आयोजित हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष दुर्गेश राधे रमण मिश्र, पालिकाध्यक्ष गीता जायसवाल, रत्नेश प्रधान, अनिल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इसके बाद प्रांगण में हजारों भक्तों ने दीपदान कर प्रांगण को प्रकाशमय कर दिया। सात दिनों से चल रहे पावन श्री राम कथा के व्यास गुजरात सरकार से मानस मराल विभूषित स्वामी संतोष महाराज ने किया। गोपालगंज बिहार से आये नागेंद्र पाण्डेय के भजन व क्षेत्रीय कलाकार अमर सेठ उज्ज्वल ने ₹बम बम बोल रहा बेलवाई₹ गाकर खूब वाहवाही लूटी।

राष्ट्रीय भोजपुरी गायक आरपी पाण्डेय ने भी भजन प्रस्तुत किया। अनिल अकेला मोदनवाल देश भक्ति झांकी सीमा पर लड़ रहे। घायल फौजी गोलियों की बौछार करते हुए तिरंगे की शान का शानदार झांकी का मंचन किया। इस दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे लोग तिरंगा लहराने लगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। इस दौरान भोजपुरी के अंतराष्ट्रीय कलाकार मनोज सिंह टाइगर, सत्येंद्र सिंह पिंटू, डाक्टर आरपी सिंह, डाक्टर अमित सिंह, रमेश राजभर, सुभाष राजभर, निर्मला अग्रहरी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप मोदनवाल ने बताया कि समिति के देव नारायण सिंह, कतारू बिन्द, डाक्टर फूलचंद्र सिंह, ध्रुव मोदनवाल, रणजीत गौतम, दिलीप अग्रहरि, शिवम अग्रहरि, लालचन्द जायसवाल, उमाशंकर सोनी, हनुमान अग्रहरि, साहिल सोनी, संजय सिंह मुन्ना, अंशुल, शिवा, आदर्श आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## कार्तिक पूर्णिमा पर 5001 दीपों से जगमगा उठा दक्षिणमुखी मंदिर

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के बहोरिकपुर स्थित दक्षिणमुखी हनुमानजी मन्दिर पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर मंगलवार की देर शाम को दीपों से दक्षिणमुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मन्दिर जगमगा उठा। रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित किया गया।



बहोरिकपुर स्थित दक्षिणमुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मन्दिर पर मंगलवार देर शाम को मन्दिर के श्रद्धालुओं द्वारा कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर्व पर मन्दिर परिसर को 5001 दीपों से सजाकर अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया। बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र रही और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। तत्पश्चात दक्षिणमुखी हनुमानजी की पूजा अर्चना के बाद आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में शामिल अश्वनी प्रथम, आरती द्वितीय, राज तृतीय को उपहार देकर सम्मानित किया गया और बाकी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रथम स्थान पाने वाले अश्विन को योर मुंगराबादशाहपुर के एडमिन रितेश सिंह की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजक मनोज कुमार त्रिपाठी, अनुराग उमरवैश्य, अयोध्या प्रसाद, ओमप्रकाश पुष्पाकर, कुलदीप गुप्ता, उमाशंकर चौरसिया, राजीव जायसवाल, रितेश सिंह, शिवम सोनी सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा कार्यों में हुई अनियमितता की जांच को दूसरे दिन भी पहुंचे डीडीओ



मनरेगा कार्यों की जांच करते डीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के कबीरूद्दीनपुर गांव निवासी संजीव राय द्वारा जिलाधिकारी को हलफनामा सहित प्रार्थना पत्र देकर गांव में कराए गए मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायत की जांच करने डीडीओ बीबी सिंह ने दूसरे दिन बुधवार को भी गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की।

कबीरुद्दीनपुर गांव निवासी संजीव राय ने 14 सितंबर को जिलाधिकारी को हलफनामा देकर गांव में कराए गए मनरेगा कार्यों में अनियमितता होने की शिकायत की थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर 3 नवंबर को डीडीओ बीबी सिंह ने गांव के प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की थी। उस दिन जांच कार्य पूर्ण न हो पाने की वजह से बुधवार को भी डीडीओ ने गांव में पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय पर बैठक की। बैठक के दौरान ही शिकायतकर्ता तथा प्रधान पति के बीच में किसी बात को लेकर बहस हो गई जिस पर शिकायतकर्ता नाराज होकर वहां से चले गए। तत्पश्चात डीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें हैंडपंप रिबोर, स्ट्रीट लाइट, स्कूल में मिट्टी का कार्य, स्कूल की रंगाई पुताई, सोख्ता गड्ढा इत्यादि का निरीक्षण किया गया। पूछे जाने पर डीडीओ ने बताया कि वह अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

## हाई रिस्क प्रेगेनेंसी दिवस पर हुई जांच

**सुइथाकला।** हाई रिस्क प्रेगनेन्सी दिवस पर बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर शिविर लगाकर कुल 80 गर्भवती महिलाओं की प्रसव से पूर्व जाँच की गई। अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव ने बताया कि उक्त शिविर प्रधानमन्त्री सुरक्षित मातृत्व आभियान के तहत प्रत्येक माह के 9 तारीख को शिविर लगाकर प्रसव से पूर्व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबीन, एचआईवी समेत कई बिन्दुओं पर स्वास्थ्य आंका गया। जाँच के दौरान हिमोग्लोबीन की कमी में 4 महिलाएं चिन्हित हुई। शिविर प्रभारी स्त्री रोग विशेषज्ञ और सर्जन डॉक्टर आकांक्षा सिंह ने सभी से भरपूर सन्तुलित आहार लेने के साथ ही चुकन्दर आदि का सेवन करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि समय से समस्याओं को चिन्हित कर बहुत सारी कठिनाइयों को हल किया जा सकता है। इस दौरान रितेश राय, गंगा प्रसाद चौरसिया समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सोंधी का पीएचसी अब मिहरावा सीएचसी में होगा शिफ्ट



**खेतासराय।** नगर समेत क्षेत्र की जनता के लिए एक बुरी खबर है। सोंधी का वर्षों पुराना स्वास्थ्य केंद्र अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहरावा में शिफ्ट होने जा रहा है। ऐसा होने से यहां के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएगीं। मेडिकल जांच और इमरजेंसी इलाज के लिए भी लोगों को 13 किमी दूर मिहरावा जाना पड़ेगा। शासन की पहल पर वर्षों पहले शाहगंज ब्लाक के सोंधी में पीएचसी का निर्माण कराया गया था। इसका निर्माण का सही समय किसी को नहीं मालूम है। क्षेत्र के दर्जनों गांव और नगर की जनता के लिए सोंधी का पीएचसी स्वास्थ्य सुविधा के लिए एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र माना जाता है। यहां पर चिकित्सा देखभाल का प्रावधान, परिवार नियोजन सहित मातृ-बाल स्वास्थ्य, सुरक्षित जल आपूर्ति और बुनियादी स्वच्छता, रोगों की रोकथाम और नियंत्रण, महत्वपूर्ण आँकड़ों का संग्रह और रिपोर्टिंग, स्वास्थ्य के बारे में शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि संचालित होते हैं। लेकिन इस स्वास्थ्य केंद्र को अब सीएचसी मिहरावा में शिफ्ट करने का शासनादेश जारी हो चुका है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चन्द्रा के अनुसार पीएचसी सोंधी को सीएचसी मिहरावा में शिफ्ट करने का शासनादेश जारी हुआ है। यहां केवल ओपीडी और डिलेवरी का काम होता रहेगा।

# गोष्ठी के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक



गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते वक्ता

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय जरासी के परिसर में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन कर आर्गेनिक खेती के प्रति जागरूक किया गया।गांव का पैसा गांव में, गांव का पैसा शहर में नहीं, शहर का पैसा गांव में आए स्लोगन के साथ एक देसी गाय से अधिकाधिक क्षेत्रफल में कैसे खेती की हो सकती है के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूद्र प्रताप सिंह व संचालन हरिनाम सिंह ने किया। कार्यक्रम में कृषक उत्पाद संघ धमार्पुर की कार्यकारी अधिकारी संध्या सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुजीत कुमार, वरुण कुमार, अरुण कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण सिंह बबलू, राम सरन सिंह, संकठा सिंह सहित अन्य लोग थे।

## नियमित टीकाकरण के लिए की गई बैठक

**खेतासराय।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण से वंचित वैब (वैक्सीन अवॉइडेंस बिहैवियर) झिझक व उदासीन परिवारों को मोबिलाइज कर टीकाकरण कराने के हेतु एवं प्रभावशाली सहयोगी बैठक का आयोजन बुधवार की सुबह क्षेत्र स्थित गुरैनी बाजार में किया गया। जिसमें अवधेश कुमार तिवारी बीएमसीएस एम नेट यूनिसेफ के द्वारा टीकाकरण से 12 जानलेवा बीमारियों से बचने जैसे टीवी, हेपेटाइटिस बी, पोलियो, काली खांसी, डिप्थीरिया, टिटनेस, हिब इंफेक्शन, निमोनिया, दस्त, खसरा व रूबेला और दिमागी बुखार से बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही साथ नियमित टीकाकरण न कराने व इसके दुष्प्रभाव से बच्चे उक्त बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि बच्चों का टीकाकरण कराकर हम बच्चों को एक स्वस्थ जीवन जीने व जानलेवा बीमारियों से बचाने का अधिकार दे सकते हैं। बैठक में ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, स्थानीय स्तर पर डॉ., इमाम, मौलवी, सदर, सहायक अध्यापक, एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# मरकजी सीरत कमेटी ने पंच प्यारों का किया सम्मान

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के अवसर पर निकली शोभायात्रा का मरकजी सीरत कमेटी ने स्वागत कर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की है। मंगलवार को गुरुनानक देव के 553वें जन्मदिन के अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा के नेतृत्व में ओलंदगंज में सुन्दर गुरुद्वारा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सब्जी मण्डी पहुंची वहाँ मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह के नेतृत्व मे मुस्लिम बंधुओ ने जलपान कराकर पंच प्यारों का सम्मान किया और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को बिस्कुट, पानी, टाफी का वितरण किया। शोभायात्रा के आगे आगे चल रहे अमरोहा से आये अखाड़े का विशेष स्वागत किया।

इस मौके पर श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार तेजा सिंह, महासचिव सरदार सतनाम सिंह, शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल भाटिया ने संयुक्त रूप से कहाकि इस तरह के कार्यक्रम से हमारे समाज की एकता की डोर और मजबूत होती है जिससे एक उदहारण पूरे समाज को जाता है की गंगा-जमुनी तहजीब जौनपुर में देखने को मिलती है।

अंत मे मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में करते रहने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजहरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आसिम, एजाज अहमद, अनस रजा एडवोकेट, सैयद अनवर अब्बास एडवोकेट, साजिद नेसार एडवोकेट, हाजी सैयद फरोग, हाजी राशिद, शोएब, तौकीर, साकिब अहमद, सादिक, मिर्जा तालिब कजलबाश, मो. आदिल शानू, साहेबे आलम, आमिर हसन, शहाबुद्दीन, मो. आसिफ मुल्ला, शर्फी और विशेष सहयोगी सरदार अमरजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### चैन पुलिंग के कारण 28 मिनट तक खड़ी रही सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस



**बदलापुर।** क्षेत्र के श्रीकृष्णा नगर रेलवे स्टेशन पश्चिम भलुआही रेलवे फाटक पर बुधवार की दोपहर 12 बजे चैन पुलिंग के कारण 28 मिनट तक सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रही। बताते चलें कि भलुआही रेलवे फाटक पर उक्त ट्रेन के रूकने से फाटक के दोनों तरफ शाहगंज और प्रयागराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। उक्त सुपरफास्ट ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से चलकर गाजीपुर सिटी के लिए जा रही थी जो बदलापुर के भलुआही फाटक पर किसी ने चैन पुलिंग कर दिया।

### बोलेरो के धक्के से युवक घायल

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना के पितुपुर गांव के पास केराकत-जौनपुर मार्ग पर बोलेरो के धक्के से 18 वर्षीय युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि मुर्तजाबाद गांव निवासी महेन्द्र प्रजापति का पुत्र शुभम 18 वर्ष कहीं बाइक से जा रहा था कि केराकत जौनपुर मार्ग पर केराकत की तरफ से जा रही बोलेरो ने पीछे से बाइक में धक्का मार दिया। धक्का लगने से युवक सड़क पर गिर गया जिससे उसका सर फट गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### पति सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के कटाहित खास गाँव में विवाहिता को प्रताड़ित व जान से मारने की धमकी सहित तमाम धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के किशुनपुर गाँव निवासी राजपति गौतम ने कोतवाली में तहरीर देकर बेटी के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री की शादी पाँच वर्ष पूर्व कटाहित खास निवासी शैलेंद्र से की थी। विवाह होने के बाद ससुराल पक्ष द्वारा प्रतिदिन दहेज की नई-नई माँग की जाती है। मांग पूरी न होने पर उसके पति शैलेंद्र, ससुर अशोक, सास ज्ञानी, चंद्रावती और ननद नीतू द्वारा मेरी बेटी को प्रताड़ित करते हैं। यही नहीं इन लोगों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि विवाहिता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अक्खीपुर गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे दो वारंटियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी दो सगे भाइयों राकेश कुमार यादव व राजेश कुमार यादव पुत्रगण राम प्रीत यादव के ऊपर मारपीट के मामले में न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित है। कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर बुधवार की सुबह एसआई वीरेंद्र बहादुर सिंह ने हमराहियों संग घर पर दाबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### मारपीट में महिला समेत दो घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में महिला समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी 40 वर्षीय गुड्डी पत्नी जंगबहादुर को बुधवार को जमीनी विवाद के चलते पट्टीदारों ने लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया। वहीं ताखा पश्चिम गांव निवासी 35 वर्षीय रवि राव पुत्र ललित मोहन गौतम को जमीनी विवाद में पड़ोसियों ने पीटकर घायल कर दिया।

### एडिशनल एसपी ने कोतवाली का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



**बदलापुर।** पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए एडिशनल एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बुधवार की दोपहर बदलापुर कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सलामी गार, कोतवाली परिसर, बैरक, मेस, शस्त्रागार व कार्यालय अपराध रजिस्टर सहित आदि अभिलेखों की गहनता से निरीक्षण करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी गाड़ियों की नीलामी को लेकर एमएसटीसी पोर्टल पर सक्रियता दिखाने वाले आरक्षी प्रदीप सिंह की सराहना की। कोतवाली परिसर में गेट का निर्माण, महिला आरक्षी आवास, टिन शेड सहित आदि निर्माण कार्य को लेकर प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र की प्रशंसा की।

### दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा एक युवक पकड़ाया?

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में बुधवार की सुबह करीब पौने 10 बजे दूसरे के स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा दे रहे एक युवक को कक्ष निरीक्षक मेजर विमलेश कुमार पाण्डेय ने पकड़ते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि आदर्श यादव पुत्र जंगबहादुर यादव निवासी चोरहां बरईपार का निवासी है जो सचिन यादव पुत्र रामहित यादव निवासी ग्राम अहियापुर गोपालापुर के स्थान पर बीए तृतीय वर्ष का हिंदी विषय के द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा दे रहा था। कक्ष निरीक्षक द्वारा उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। फिलहाल इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त युवक को हिरासत में लिया गया है तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### खाई में गिरी गाय को ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सराय पड़री ग्राम सभा के नहर के किनारे खाई में तीन दिन से गिरी गाय कराह रही थी। सूचना मिलने पर सराय पड़री के ग्राम प्रधान पति अमरनाथ निषाद फौरन नहर के किनारे पहुंचकर गाय को बाहर निकलवाने का प्रयास किया लेकिन गाय की हालत ठीक न होने की वजह से वह बाहर नहीं निकल पाई जिस पर पशु डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया। तीन दिन से भूख प्यास से तड़प रही गाय को चारा पानी दिया गया। बुधवार सुबह काफी मशक्कत के बाद लोगों द्वारा खाई से उसे बाहर निकाला गया जिसमें सहयोग करने वाले ग्रामीणों में सिकंदर चौधरी, गौरी शंकर निषाद, राज बहादुर यादव, पिंटू यादव रहे। पशुपालक शुभम सिंह ने गाय को पिकअप में लादकर अपने घर ले गये।

# विस निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण व मतदाता पंजीकरण अभियान शुरू

जनसंदेश न्यूज




**जौनपुर।** विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अन्तर्गत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरपी इन्टर कालेज में आयोजित हुआ। ये कार्यक्रम 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक चलेगा। अपर जिलाधिकारी भू.रा. रजनीश राय व उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य डा. सुबाष चन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया तथा कालेज के छात्र छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से आकर्षक रंगोली सजाकर मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित किया। छात्रा साक्षी यादव ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने सम्बोधन से लोगों को आकर्षित किया। आज मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन पदाभिहित स्थलों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर किया गया। प्रकाशित अवधि में मतदाता सूची निरीक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर सीआरओ रजनीश राय ने कहाकि आज से बूथ लेविल आफिसर द्वारा घर-घर जाकर 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले या छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने हेतु फार्म 6 व मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम अपमार्जित किये जाने हेतु फार्म 7 तथा किसी नाम में त्रुटि होने पर शुद्ध किये जाने, स्थान परिवर्तन तथा पहचान पत्र खोने/नष्ट होने के कारण दोबारा बनवाये जाने हेतु फार्म 8 पर दावा/आपत्ति प्राप्त करेगें।

बीएलओ द्वारा उक्त के अतिरिक्त निर्वाचक नामावली में विद्यमान मतदाताओं के स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर फार्म-6बी पर प्राप्त करते रहेंगे। आयोग द्वारा दिनांक 12, 20, 26 नवम्बर व 4 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें बीएलओ अपने अपने बूथों पर 10 बजे से 4 बजे तक उपस्थित रहकर दावा आपत्ति प्राप्त करेगें। उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपमार्जित एवं संशोधित करने हेतु अपने बीएलओ से सम्पर्क करे या आनलाइन एनवीएसपी, वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते है। संचालन स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, कालेज के शिक्षक रिषी श्रीवास्तव, प्रकाश यादव, अजीत कुमार, डा. धर्मेन्द्र यादव, डा. विमल श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, पंचलाल, राजीव श्रीवास्तव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लड़की भगा ले जाने के मामले में समझौता का प्रयास

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र से लगभग एक सप्ताह पूर्व घर से लड़की भगा ले जाने के मामले में लड़के पक्ष से हर तरह से समझौते की बात चल रही है जबकि लड़की पक्ष निरीह बना हुआ है। चर्चा है कि थाना क्षेत्र के एक गांव की अनुसूचित जाति की एक किशोरी को पड़ोसी गाँव का पिछड़ी जाति का एक किशोर आशनाई में फाँसकर भगा ले गया था। इधर परिजन खोजबीन कर रहे थे कि इसी बीच दोनों आजमगढ़ रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ में जानकारी के बाद रेलवे पुलिस ने दोनों के परिजनों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। जहाँ उक्त वाकिया लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं लड़के पक्ष के लोग हर तरह से समझौता करने के लिए लगे हुए हैं।

# कायाकल्प के सभी बिंदुओं को पूर्ण करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

**निरीक्षण**

**प्राथमिक विद्यालय करमही के कैम्पस व मल्टीपल हैंडवाश के पास गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी**

जनसंदेश न्यूज



कायाकल्प योजना का निरीक्षण करते बीडीओ काशीनाथ सोनकर

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय करमही का बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। कायाकल्प के दौरान कराए जा रहे समस्त कार्यो की गहन समीक्षा की।

बीडीओ काशी नाथ सोनकर ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर व प्राथमिक विद्यालय करमही का निरीक्षण करने पहुचे बीडीओ ने कुछ कार्यो को अधूरा पाए जाने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को सभी बिंदुओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय करमही के कैम्पस में गंदगी व मल्टीपल हैंडवाश के पास गंदगी देख प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका राय से नाराजगी जताई तथा जल्द से जल्द विद्यालय परिसर में साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया। बच्चों को डेंगू रोग से बचाव के लिए नियमित रूप से साफ सफाई व मच्छर मार दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश सचिव को दिया। इस दौरान बीडीओ के साथ एडीओ पंचायत लालजी राम, एडीओ आईएसबी संजय, ग्राम प्रधान जिलेदार व मेवा लाल यादव मौजूद रहे।

# रेल यात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास : राकेश

जनसंदेश न्यूज


मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत करते प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विषय- रेलवे यात्रियों का स्वर्णिम विकास किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रतन चेयरमैन रेलवे यात्री सेवा आयोग भारत सरकार रहे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंदन कुमार सिन्हा महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का स्वागत बुके देकर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा भारत की रेल सेवा सबसे बड़ी सेवा है जो करोड़ों नागरिक को सुविधा देने के लिए तत्पर है एवं रेलवे की अनेकों सुविधाएं हम सब को लाभान्वित करती है। आज उसी रेलवे यात्री सेवा आयोग के चेयरमैन हम सबके बीच कालेज आने पर हर्ष व्यक्त करते है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मैं हर यात्रियों के लिए हर तरह की सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं एवं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर कार्य संभव होता है क्योंकि वह हर नागरिकों के प्रति सेवा का भाव रखते हैं। हर यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो ऐसी सोच के साथ विकास भी कर रहे हैं। रोजगार के लिए युवाओं को रेलवे बहुत तेजी से जोड़ रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहाकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया युवाओं को रोजगार से जोड़ने में अपनी नई-नई पॉलिसियों एवं योजनाओं के तहत आगे कार्य कर रही है जो भी लाभार्थी इससे जुड़ना चाहता है वह हमारे पोर्टल एवं अनेकों वेबसाईट के द्वारा इससे जुड़ सकता है। इस कार्यक्रम में रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कॉलेज परिवार के समाजसेवी शाकिर रजा, डॉ. कमरुद्दीन शेख, डॉ. जीवन यादव, डॉ. केके सिंह, डॉ. अब्दुल हलीम हाशमी, डॉ. प्रवीण यादव, अहमद अब्बास खान इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय विक्रम सिंह ने किया

## सभी प्लेटफार्मों को गड्ढामुक्त बनाने का किया कार्य : रमेश चंद्र रत्न




**जौनपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा द्वारा मातापुर लाइन बाजार स्थित नवनिर्मित रेडक्रॉस भवन पर पीएससी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष रेल मंत्रालय भारत सरकार रमेश चंद्र रत्न का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेडक्रास के पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर और माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रत्न ने अपने उद्बोधन में देश के पीएम मोदी और शीर्ष नेतृत्व के प्रति उन्हें दोबारा चेयरमैन बनाए जाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया की अध्यक्ष बनने के पश्चात सर्वप्रथम उन्होंने सभी प्लेटफॉर्मों को गड्ढा मुक्त बनाने का कार्य किया। प्लेटफार्म पर बिकने वाले अश्लील साहित्य को बंद करा दिया। पानी की शुद्धता पर कार्य किया साथ ही साथ उन्होंने रेडक्रास के पदाधिकारियों को भी यह विश्वास दिलाया कि यदि उनकी कहीं आवश्यकता है तो वह हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ. आरके सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और जौनपुर में रेलवे के संसाधनों को बढ़ाने का निवेदन किया जिससे जनपद विकास की ओर अग्रसर हो सके। रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव डॉ. मनोज वत्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेडक्रॉस की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि संस्था के पदाधिकारियों और सामाजिक लोगों की मदद के द्वारा एक बड़े रेडक्रॉस भवन का निर्माण किया गया। साथ ही साथ एटीएम हेल्थ मशीन लगाने का कार्य किया गया है जल्द ही उद्घाटन का कार्य किया जाएगा उन्होंने मुख्य अतिथि से शटल एक्सप्रेस में एसी चेयर कार का एक डिब्बा और बढ़ाने का भी निवेदन किया। सदस्य रेल व नागरिक उड्डयन मंत्रालय शिशिर सिंह ने रेडक्रॉस भवन की भूमि पर ब्लड बैंक के लिए हाल बनवाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के पदाधिकारियों तथा शिशिर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में लालजी चौधरी एडीआरएम वाराणसी, प्रतीक श्रीवास्तव डीसीएम लखनऊ, एएन यादव, अतुल सिंह, शशिकांत सिंह, विनोद मौर्या, राघवेंद्र सिंह, डॉ. विमला सिंह, उर्वशी सिंह, हिमांशु, अवनीश, शिव नारायण सिंह, डॉ. विवेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ. संदीप पांडेय ने किया तथा रवि सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वादों के निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल की पंचम बैठक आयोजित



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के संरक्षण में 12 नवम्बर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम के संयोजन एवं रीता कौशिक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में बुधवार को पंचम प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी।

बैठक में रीता कौशिक द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि शालिनी मिश्रा बनाम विकाश पाण्डेय थाना खुटहन व सुमन बनाम रमाशंकर थाना मड़ियाहूँ के प्रकरणों में प्री-ट्रायल बैठक के दौरान समझौता हुआ। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे-निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी।

इस अवसर पर विजय कुमार गुप्ता अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम, कुलदीप कुमार अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय एवं विवेक विक्रम सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर व परिवार न्यायालय के कांउसलर अर्चना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## संगठित होकर रहें तभी मिलेगा न्याय : पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी



**गभिरन।** पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का स्वागत जिलाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी तथा मीडिया प्रभारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हुआ। तत्पश्चात मेढ़ा गांव में हजारों लोगों के साथ स्व. दीपक दुबे को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी परिवार जनों से दुख की घड़ी में ढाढंस बंधाते हुए न्याय दिलाने की बात कही।

तत्पश्चात सुनील मिश्रा को जान से मारने की धमकी और गाली गलौज का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जानकारी हुई जिस पर सुनील को उचित न्याय मिल सके उनके घर भी पहुंच कर भरोसा दिलाया और ब्राह्मणों को संगठित होने की बात कही। थानाध्यक्ष की कार्यवाही से नाराज ब्राह्मणों को देखते हुए खुटहन चौराहे पर चक्का जाम करते हुए धरना भी दिया। धरने के दौरान पहुंचे एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

मौके पर प्रवीण मिश्रा, अमित पाण्डेय, डॉ. अतुल कुमार दुबे, श्याम महाराज, वेद प्रकाश शुक्ला, धनंजय तिवारी, जगदीश उपाध्याय, जीतेंद्र उपाध्याय, पुष्पेंद्र दुबे, सुनील मिश्रा, दिनेश शुक्ला अरुण दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव घोषित

जनसंदेश न्यूज


बैठक में विचार-विमर्श करते राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी

**जौनपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा की एक बैठक सिंचाई विभाग स्थित शिवमंदिर पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री संजय कुमार चौधरी ने किया। बैठक में समस्त संबंधित संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभाग किया।

बैठक में पूर्व एजेंडा की समीक्षा करते हुए 16 दिसंबर को कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जिला अधिवेशन कराए जाने की सर्वसम्मति से सहमति बनी। इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन जनपद शाखा का विधिवत चुनाव कराया जाएगा। बैठक में पंचायत सहायक वेलफेयर एसोसिएशन का संयोजक संदीप कुमार सोनकर एवं सह संयोजक विकास कुमार चौहान को नामित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सुजीत कुमार सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, राजीव कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ कर्मचारी नेता, अरविंद कुमार यादव अध्यक्ष इरीगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, शिवकुमार यादव जिला मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, सुनीता यादव अध्यक्ष आंगनवाड़ी संघ, कमलाकांत मौर्य जिलाध्यक्ष ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संघ, अशोक यादव वरिष्ठ कर्मचारी नेता, प्रमोद पाठक वरिष्ठ नेता सिंचाई विभाग प्रभुदयाल श्रीवास्तव अतिरिक्त महामंत्री, सुनील कुमार सिंह जिलाध्यक्ष सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, समरनाथ यादव जिला उपमंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, सुनील राव जिला संप्रेक्षण ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, संतोष राय, राजबहादुर यादव जिला संगठन मंत्री द्वय ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, कुलदीप कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### केएनपीजी में मतदाता जागरूकता व अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न



**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में बुधवार को स्नातक प्रथम वर्ष हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने पढ़ाई के दौरान अनुशासन के महत्व को समझाया। महाविद्यालय के नियमों से भी उन्होंने छात्र छात्राओं को परिचित कराया। सभी विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म में ही महाविद्यालय में आने की हिदायत दी गई। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो वह महाविद्यालय में बने मतदाता कक्ष से रजिस्ट्रेशन फॉर्म लेकर मतदाता परिचय पत्र बनवा लें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मत के महत्व को समझाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदोही जिले के एडीएम शैलेन्द्र मिश्र ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करने की शपथ दिलाई। सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सपनों को याद रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात महाविद्यालय में चल रही अन्य गतिविधियों के विषय में अवगत कराया जिससे उनका सम्पूर्ण विकास हो सके। विद्यार्थियों को विभाग से समय सारिणी प्राप्त कर समय से कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रिचा ने किया।

### इंटरलाकिंग सड़क व सौ मीटर नाला का डीघ प्रमुख ने किया शिलान्यास

**ज्ञानपुर।** डीघ विकास खंड के सागररायपुर गाँव में डीघ प्रमुख मनोज मिश्रा ने ग्रामीणों को चार सौ मीटर इंटरलाकिंग सड़क व सौ मीटर नाला की सौगात दी। सागररायपुर गाँव में चंद्रमणि पाण्डेय के घर से शिव मंदिर तक इंटरलाकिंग एवं सौ मीटर नाली का डीघ प्रमुख मनोज मिश्रा ने शिलान्यास किया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीघ प्रमुख ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव और उनके निवासियों को हर सुविधा का लाभ मिले। इंटरलाकिंग सड़क से ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा होगी व नाला के निर्माण से जलजमाव की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि डीघ विकास खंड के विकास के लिए धन की कमी नही होंने दी जायेगी।



## नए संकायाध्यक्ष से छात्रों के कल्याण की ढेरों उम्मीदें : डॉ. रसिकेश

**बोले प्रो. अजय द्विवेदी**

**प्रबंध के छात्रों की उम्मीदों को पूरा करने का करूंगा पूरा प्रयास, नवनियुक्त संकायाध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी का हुआ स्वागत समारोह**


प्रो. अजय द्विवेदी के सम्मान समारोह में उपस्थित लोग

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में नवनियुक्त संकायाध्यक्ष प्रोफेसर द्विवेदी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

स्वागत के क्रम में डॉ. रसिकेश पूर्व विभागाध्यक्ष, एचआरडी विभाग, डॉ. अनुराग मिश्रा विधि संकाय, डॉ. सुशील कुमार सिंह व्यवसाय प्रबंध, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राकेश उपाध्याय, केशव, अभय सिंह, डॉ. अबू सालेह, अनुपम कुमार, मनोज त्रिपाठी सहित प्रबंध अध्ययन संकाय के विभिन्न छात्रों ने माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ देकर प्रोफेसर द्विवेदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप में केशव प्रसाद ने प्रोफेसर द्विवेदी को शुभकामनाएं दिया। डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, सुशील कुमार, डॉ. सुशील कुमार सिंह ने अपने उदबोधन के माध्यम से स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. रसिकेश ने कहा कि ग्रामीण परिवेश पर आधारित हमारे विवि के छात्रों के लिए अवसरों को लाना और उनकी प्रतिभा को ज्यादा से ज्यादा निखारने का काम किया जाना चाहिए। डॉ. रसिकेश ने कहा कि प्रोफेसर द्विवेदी निश्चित ही प्रबंध के एवं बी कॉम आनर्स के छात्रों के लिए कल्याणकारी नियोजन करेंगे।

प्रोफेसर द्विवेदी ने कहा कि सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, शोध छात्रों और छात्रों को आश्वस्त किया कि आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल में वे ज्यादा से ज्यादा गतिविधि आधारित शिक्षा का खाका तैयार करेंगे जिससे प्रबंध अध्ययन संकाय के छात्र अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। प्रोफेसर द्विवेदी ने सभी वरिष्ठ आचार्यों सहित प्रो. अविनाश पाथर्डिकर निवर्तमान संकायायाध्यक्ष के प्रति आभार जताया।

## वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी

**ज्ञानपुर।** महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल में इस समय वायरल फीवर के मरीजो की संख्या बढ़ गयी है। सैकडो की संख्या में वायरल फीवर के मरीज पहुच रहे है। मौसम में हो रहे बदलाव के बीच तापमान से सामंजस्य बैठाना मुश्किल हो गया है। इसके कारण लोग तेजी के साथ वायरल फीवर के शिकार हो रहे हैं। उधर हर ओर पसरी गंदगी जलजमाव के चलते मच्छरों की बहुतायत हो गई है। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले बीमारी के शिकार हो रहे हैं। मौसम में उतार चढ़ाव हर तरफ फैली गंदगी मच्छरों की भरमार के बीच लापरवाही से वायरल फीवर मलेरिया टाइफाइड ने कालीन नगरी में पूरी तरह पांव पसार लिया है।

चिंता की बात यह है कि खतरनाक बीमारी डेंगू खतरनाक हो गया है। ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या वायरल फीवर मलेरिया टाइफाइड के रोगियों से निजी व सरकारी अस्पताल पट गए हैं। प्रतिदिन सैकडो नई पर्ची बनाई जा रही है तो पुरानी पर्ची वाले इतने ही रोगियों का प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ


छात्रा को मतदाता पंजीकरण फार्म देकर शुभारंभ करते डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में शासन के निर्देशानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम 2022 का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया। मतदाता हेल्पडेस्क प्रभारी व कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद आकिफ तौफीक ने छात्राओं को मतदान के महत्व से परिचित कराते हुए मतदाता शपथ दिलायी। उन्होंने मौके छात्राओं से मतदाता रजिस्ट्रेशन फार्म प्रारुप 6 को भरने के नियम एवं आनलाइन आवेदन करने के सम्पूर्ण तरीके की विस्तृत सूचना भी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर ने छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में जिस छात्राओं की उम्र 18 वर्ष हो जाए उनसे मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने की पुरजोर अपील किया। उन्होंने कहा कि मतदान करके उचित नेतृत्व का चयन करना हमारी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है इसलिए सर्वप्रथम हमें मतदाता बनना जरूरी है। मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत ग्रामीण-2 के अंतर्गत हुआ प्रशिक्षण

**कार्यक्रम**

**मॉडल गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकी प्रशिक्षण का समापन**

**ज्ञानपुर।** जनपद में ओडीएफ फेज दो योजना में ठोस द्रव अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित सत्रह ग्रामों के ग्राम प्रधान, सचिव, दो प्रति ग्राम राजमिस्त्री, कंसल्टिंग इंजीनियर का विकास खण्ड भदोही के ग्राम पंचायत मुसीलाटपुर में ऑनसाइट प्रशिक्षण यूनिसेफ व प्राइम इंडिया के सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षक विशाल ने ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव, इम्पैनल्ड इंजीनियर, खंड प्रेरक प्रत्येक ग्राम पंचायतों से दो कुशल राजमिस्त्री आदि लोग ने सामुदायिक, व्यक्तिगत सोक पीट, मैजिक पीट, नाली, सिल्ट चैम्बर, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, आर आरसी के बारे में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया। मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने अंतिम सत्र में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश यादव और जिला कंसल्टेंट डा. सरोज पाण्डेय ने तीनो दिनों के प्रशिक्षण में उपस्थिति रहकर सहयोग प्रदान किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में डीएम ने की समीक्षा बैठक

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस पोर्टल से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समीक्षा बैठक की।बैठक में डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग तीस तारीख तक पोर्टल पर शिकायत पेंडिंग न रखे। सभी आईजीआरएस के प्रकरणों का निस्तारण करा दे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण एवं गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का निस्तारण संबंधित अधिकारी तत्काल करें और शिकायतकर्ता से फोन पर भी संपर्क करें जो अधिकारी शिकायतों के प्रति गंभीर नहीं है और

**बोले डीएम**

**शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर की जाएगी कार्रवाई**

शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में जा रही हैं। ऐसे अधिकारियों का वेतन तो रोका ही जाएगा और उनके प्रति विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। फील्ड में तैनात अधिकारी, कर्मचारी जनसमस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता से करे और आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें तथा फील्ड के अवसर पर कर्मचारियों की भी रेंडम चेकिंग की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, एडीएम आशुतोष श्रीवास्तव समस्त अधिशाषी अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## स्मृति चिह्न देकर मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**आयोजन**

**बीपीएमजी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान, वाहन चालकों को दिया गया हेलमेट**


बीपीएमजी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रा को स्मृति चिन्ह देते सीओ अजय कुमार चौहान

**ज्ञानपुर।** बीपीएमजी पब्लिक स्कूल सुरियावां में बुधवार को मेधावी छात्र छात्रा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवम्बर में चलाए जा रहे यातायात माह में प्रभारी यातायात शशिकांत यादव ने बीपीएमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व अभिभावकों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि सीओ भदोही अजय कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के छात्रों व छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने कहा कि मंच पर छात्रों का सम्मान एक गौरवमयी पल होता हैं। सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शार्टकट तरीका नही है। कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती हैं, आप लोग कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती हैं जो छात्रों के हित में अति आवश्यक है। प्रभारी यातायात शशिकांत यादव ने स्कूल के एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किया व यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर बीपीएमजी पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय चौरसिया, प्रिंसिपल फरहीन अंसारी, हरीश सिंह, अजय मोदनवाल, राजेश परदेशी, जटा शंकर मौर्या, अनिल वर्मा, पवन चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।



स्मृति शेष

# दलितों के विश्वनाथ मंदिर प्रवेश पर लाठी खाई, जेल भी गए

## प्रभुनारायण सिंह के इस क्रांतिकारी रूप को जानने वाले अब नहीं हैं

## राजनारायणजी के साथ उनकी जोड़ी समाजवादी आंदोलन में मिसाल है



डॉ. कर्ण सिंह के साथ

रवि प्रकाश सिंह

*पुरनियों को ये घटना आज भी नहीं भूलती और सुनने वाले भी रोमांचित और किंचित हतप्रभ हो जाते हैं जब उन्हें 1954 के उस माहौल से रूबरू कराया जाता है। तब शहर की फिजां में अजीब सी सनसनी थी, उत्सुकता के साथ आशंका भी थी। सनातनी हिंदुओं के सबसे प्रमुख आस्था का केंद्र काशी विश्वनाथ मंदिर में दलितों का प्रवेश दिलाना बड़ा मुद्दा बन गया था। आज भी सन 54 के उस दौर का एक-एक पल जीवंत हो उठता है। क्योंकि राजनारायणजी के साथ प्रभु बाबू ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दलितों के प्रवेश का ऐलान कर रखा था। गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर काशी विश्वनाथ मंदिर के पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती, इस ऐलान से आगबबूला कट्टर सनातनियों का जमावड़ा था, बावजूद इसके प्रभु बाबू और राजनारायणजी के चेहरे पर तनिक भी शिकन नहीं थी। दोनों की जुगल जोड़ी मजबूती से डटी रही और सत्याग्रह शुरु किया कि चाहे कुछ भी हो, समाज की इस कुरीति को उखाड़ फेंकना है। रोज सत्याग्रही जत्था आगे बढ़ता और घेरा तोड़ने की कोशिश में धक्कामुक्की (तब ये संभव था) करते हुए गिरफ्तार हो जाता था। लेकिन इस दौरान एक दिन ऐसा हुआ कि जो बनारस के इतिहास में दर्ज हो गया। मंदिर में प्रवेश के लिए राजनारायण और प्रभु बाबू यानी प्रभुनारायण सिंह दलितों के सत्याग्रह का नेतृत्व करते हुए विश्वनाथ गली के आगे बढ़ रहे थे और साथ में सत्याग्रही जत्थे की भीड़ उफान पर थी। पुलिस अफसरों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की शुरु हो गयी। भला नेता जी कहां मानने वाले, पूरी ताकत और हिम्मत के साथ बेखौफ आगे बढ़ते रहे। इस बीच पुलिस ने लाठी चार्ज किया और घटना में प्रभु नारायण सिंह और राजनारायण को गंभीर चोट आयी। पुलिस ने दोनों लोगों को घसीटते हुए डेढ़सी के पुल(माकपा दफ्तार के नीचे) तक लेकर आयी और यहां से वाहन में भरकर जेल भेज दिया। इस आंदोलन का असर इतना व्यापक था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद ने कानून बनाकर उत्तर प्रदेश के मंदिरों में दलितों के प्रवेश को मंजूरी दे दी।*



डॉ. लोहिया के साथ राजनारायण व प्रभु नारायण

### 1974 में बतौर कांग्रेस प्रत्याशी सैदपुर से रिकॉर्ड मतों से जीते

चोलापुर (वाराणसी) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में रिकार्ड मतों से विजय प्राप्त की। इस सिलसिले में यह बात उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में बनारस, गाजीपुर की 22 सीटों में 20 सीटों पर कांग्रेस पराजित हुई थी। उसी साल हेमवतीनन्दन बहुगुणा के नेतृत्व में गठित मंत्रिमंडल में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस पद पर रहते हुए उन्होंने अपने एक ऐतिहासिक निर्णय के जरिए पहले पहल पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ३० बिस्तरों वाले अस्पतालों के खोलने की व्यवस्था की। इसी के साथ जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक डॉक्टर थे, उन पर एक और डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश दिया।

### महज 11 साल की उम्र में गिरफ्तार

प्रभुनारायण सिंह का बचपन से ही राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों प्रति आकर्षण था। 1930 में वाराणसी के चौक थाने पर श्रीप्रकाश जी के नेतृत्व में आयोजित सत्याग्रह आंदोलन में शिरकत के कारण महज 11 साल की उम्र में गिरफ्तारी दी। वहीं बीएचयू के छात्र रहते हुए सन 1942 भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान फरारी काटते हुए इस आंदोलन को गांव-गांव पहुंचाने में व्यापक दौरा किया। फरारी के दौरान प्रभु नारायण सिंह और राजनारायण पर अंग्रेजी सरकार ने पांच-पांच हजार का इनाम रखा था। उस जमाने के हिसाब से ये रकम आज लाखों में होगी। गिरफ्तारी के बाद तीन साल जेल में काटे। उनकी रिहाई 23 अप्रैल 1945 को हुई। रिहाई के बाद विश्वविद्यालय की पार्लियामेंट के प्रधानमंत्री चुने गये और सदन की कार्रवाई हिंदी में प्रारंभ हुई। 1945 में ही उत्तर प्रदेश स्टूडेंट कांग्रेस के सचिव नियुक्त हुए। सन 1947 में बीएचयू की पार्लियामेंट के डिप्टी स्पीकर चुने गये।



# प्रभुनारायण के संघर्षों की दास्तान जिसका हर पन्ना तारीखी दस्तावेज

भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजाद भारत में समाजवादी आंदोलन तक प्रभुनारायण सिंह और राजनारायण की जोड़ी ने संघर्षो की ऐसी दास्तान लिखी जिसके हर पन्ना तारीखी दस्तावेज है। प्रभुनारायण सिंह के लिए सत्ता से ज्यादा सत्याग्रह मायने रखता था। प्रभुनारायण और राजनारायण की जोड़ी भारतीय राजनीति की सुनहरी पहचान थी, तब नेता जाति से नहीं, कर्म से पहचाने जाते थे। उस दौर की सियासत के ये दो नायक दिखते अलग-अलग, पर थे एक दूसरे के पूरक। राजनाराणजी जिन्हें अन्याय दिखते ही गुस्सा आ जाता था तो वहीं प्रभुनारायण सिंह शालीन व साहस के मालिक थे। उन्हें गुस्सा नहीं आता पर संघर्ष से समझौता नामंजूर था। ऐसे महान चिंतक, समावाजादी और स्वतंत्रता सेनानी तब के वाराणसी और अब के चंदौली के रमौली निवासी प्रभुनारायण सिंह की 11 नवंबर को जयंती हैं। बनारस की धरती समाजवादी आंदोलन की प्रमुख धुरी रही है। डा. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, जय प्रकाश नारायण, संपूर्णानंद के साथ-साथ प्रभु नारायण सिंह का नाम जोड़ देने से समाजवाद की एक बड़ी तस्वीर उभरती है। इन बड़े और महान समाजवादी नेताओं के अतिरिक्त प्रभु नारायण ने समाजवादी आंदोलन के संघर्षों को नया तेवर, नई धार और नई संवेदना दी। वह देश के प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक, विचारक, लेखक और राजनेता रहे हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा 1930 से 2000 तक असाधारण तथा सात दशकों की लंबी और अंतहीन यात्रा रही। बीएचयू अपने स्थापना से ही राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अनेकानेक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा। यहीं छात्र राजनीति में वे गांधी और लोहिया से प्रभावित हुए। बीएचयू में गांधीवाद, समाजवाद के साथ-साथ उन्होंने संघर्ष का संस्कार ग्रहण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय संग्राम समिति की स्थापना की और बीएचयू को सोशलिस्ट रिपब्लिक आफ इंडिया घोषित किया। इस प्रकार छात्रों के माध्यम से पूरे भारत में भारत छोड़ो आंदोलन फैला। जेल में उन्होंने मार्क्स के 'डास कैपिटल' और 'थियरी ऑफ सरप्लस वैल्यू' के साथ-साथ गांधीवाद और समाजवाद का भी गहन अध्ययन किया। कैंपस से बाहर की दुनिया में आए और परिपक्व समाजवादी बने। 1945 के बाद जवाहर लाल नेहरू, आचार्य नरेंद्र देव की तुलना में डा. लोहिया के तीखे और क्रांतिकारी विचारों ने उन्हें अधिक प्रभावित किया, जिस कारण वे लोहिया की ओर आकर्षित हुए। 1960 में किसान-मजदूर आंदोलन की अगुवाई करने के कारण लोकसभा का सदस्य रहते हुए भी उन्हें निवारक नजरबंदी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। डा. लोहिया के बाद राजनारायण को छोड़ सर्वाधिक गिरफ्तारी देने वालों में प्रभु नारायण सिंह ही रहे।





नारायण दत्त तिवारी के साथ

### चंदौली के रमौली गांव में पहला राजनीतिक भाषण

प्रभुनारायण सिंह का पहला राजनीतिक भाषण 1940 में चंदौली तब के वाराणसी रमौली गांव में हुआ। जिस सभा में यह भाषण दिया गया वह महात्मा गांधी के नेतृत्व में साम्राज्यवादी ब्रिटिश सरकार के खिलाफ चलाये जा रहे व्यक्तिगत सत्याग्रह के सिलसिले में आयोजित था और 1940 में ही पहली बार जिला छात्र एसोसिएशन के सचिव भी नियुक्त हुए।

### दस बीघे के काशतकारी पर लगान कर दी थी माफ

साल 1971 त्रिभुवन नारायण सिंह के मंत्रिमण्डल में राजस्व मंत्र पदभार बने। राजस्व मंत्री के रूप में उन्होंने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया और 10 बीघे की काश्तकारी जोत पर लगान माफ कर दी। उनके इस फैसले में डॉ. लोहिया के विचार तथा विनोबा जी के अन्त्योदय सिद्धान्त का मूर्त रूप छलक रहा था। साल 1973 में अपने मित्रों की बहुत बड़ी संख्या के साथ वह इन्दिरा कांग्रेस में शामिल हुए। उनके नेतृत्व में सोशलिस्टों का चन्दौली में एक ऐतिहासिक ध्रुवीकरण सम्मेलन हुआ, जिसमें इन्दिरा गांधी ने भाग लिया तथा अपने भाषण में उन्होंने यह बात स्पष्ट रूप में स्वीकार कि स्व. आचार्य नरेन्द्र देव उनके भी नेता थे। उसमें उन्हें एक सोशलिस्ट घोषणा पत्र समर्पित किया गया जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें उल्लिखित बातों को लागू करने की मैं पूरी कोशिश करूंगा।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की पुरजोर वकालत

ये प्रभु नारायण सिंह ही थे, जो साल 1959 में चंदौली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के पंडित जगत नारायण दूबे के खिलाफ चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीत दर्ज कर संसद पहुंचे। इस दौरान संसद में हिंदी के सवाल पर उन्होंने तत्कालीन सरकार की भाषा नीति का पुरजोर विरोध किया। हिंदी की वकालत करते हुए इसे राजभाषा, राष्ट्रभाषा बनाने की आवाज उठायी। कहा जाए तो उनका लोकसभा में हिंदी की वकालत को लेकर दिया गया भाषण ऐतिहासिक भाषण था।

### ऑफिशियल लैंग्वेज बिल का मंत्री रहते किया विरोध और गये जेल

साल 1967 चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में गठित गैर कांग्रेसी मंत्रिमंडल में श्रम एवं उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उसी वर्ष, उत्तप्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए केंद्र सरकार के 'आफिशियल लैंग्वेज बिल' के विरोध एवं हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के पक्ष में संसद भवन के समक्ष सत्याग्रह किया और गिरफ्तार हुए उन्हें तिहाड़ भेजा गया। उनके इस सत्याग्रह की उत्तप्रदेश विधानसभा में विपक्षी पार्टी कांग्रेस के चन्द्रभानु गुप्त और पं. कमलापति त्रिपाठी जैसे अपने को हिन्दी समर्थक प्रदर्शित करनेवाले प्रमुख नेताओं ने कड़ी आलोचना की तथा उन्होने निन्दा प्रस्ताव पेश किया पर वे उसे पास नही करा पाये। श्रम मंत्रित्वकाल में मोदीनगर में कपड़ा मिल के मजदूरों पर पुलिस के गोली चलाये जाने का जोरदार विरोध करते हुए उन्होंने सरकार से इस्तीफा दे दिया, जिसके कारण चौधरी चरण सिंह की सरकार गिर गयी और श्रम मंत्री के रूप में उन्होंने यह ऐतिहासिक कानून बनाया।

### अंग्रेजी शासन में दोनों को जिंदा या मुर्दा पकड़ने की घोषणा

1942 भारत छोड़ो आंदोलन, देश भक्ति का वो जज्बा जिसने प्रभु बाबू और राजनारायण को इनामिया बना दिया। सन 1942 के आंदोलन में दोनों की जोड़ी ने वाराणसी के जिला कचहरी पर चाहे तिरंगा फहरा कर अपनी मंशा जाहिर कर दी तो वहीं बेनियाबाग में गुलामी की निशानी विक्टोरिया की मूर्ति को ढहाने तक का इतिहास आज भी रौंगटे खड़ी कर देती है। गुलामी के दौर में दोनों को जिंदा और मुर्दा पकड़ने का इनाम ब्रिटिश हुकुमत ने रखा था।

# कान्हें पर बोरी कपारे पर बोरा नहान क रेला नहान क रेला

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

रेलवे स्टेशन से लगातयत गंगा घाट और रोडवेज से लगायत मंदिरों तक अगर कुछ दिखा तो वह था कान्हें पर बोरी कपारे पर बोरा, भीड़ इतनी कि स्टेशन से यात्रियों के लिए अचानक स्पेशल ट्रेन संचालित करना पड़ गया। इतना ही नहीं रोडवेज ने भी गाजीपुर और बलिया के लिए अतिरिक्त बसों को लगा दिया गया। भीड़ का आलम ऐसा कि शहर में चल रहे परिवहन विभाग के आंकड़ों के अतिरिक्त संचालित अनगिनत ऑटो व टोटो भी कम पड़ गयी। हर लोगों की निगाह बस एक गंगा की ओर,उद्देश्य बाबा यानि काशीपुराधिपति श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन सुलभ हो तो काशी आना स्वारथ हो जाए। स्टेशन पर भीड़ तो अनियंत्रित हुई साथ में हुआ ऑटो व अन्य कर्मिशियल वाहनों को संचालन अनियंत्रित, कुछ तो ऐसे लोग दिखे जो सिर्फ उसी दिन के लिए सड़कों पर वाहनों को दौड़ाने लगे। आस्था ऐसी थी कि कंधे पर बोरा रख कर गंगा की ओर से पैदल ही चल दिया। रात भर गंगा घाट सीढ़ियों इंतजार करते रहें। लेकिन आस डिगी नहीं।




### एक दिन के लिए वाहन, दुकान

भीड़ की स्थिति को देख शहर के कई ऐसे लोग थे जो किराये पर वाहन लेकर एक दिन के लिए चालक बन गये। कैंट स्टेशन से गोदौलिया या फिर मैदागिन तक सवारियों को उतारना चढ़ाने का कार्य देर रात तक करते रहें। मौके का फायदा दुकान वालों ने भी उठाया गोदौलिया, दशाश्मेध, चौक, मैदागिन, बांसफाटक, गिरिजाघर के आसपास कई लोग अस्थायी दुकान एक दिन के लिए लगा मिली कीमत पर खुश हुए।

### 15 रुपये की बिक गयी चाय

गोदौलिया से दशाश्वमेध की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ एक चाय की दुकान चलाने वाले लोगों ने भीड़ का फायदा खूब उठाया, कतिकी नहान के लिए ज्यादा संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों से एक चाय का 15 रुपये तक वसूल लिया। नाश्ते की कीमत तो शुभानअल्लाह थी।

### भीड़ को नियंत्रित करने को मशक्कत

दो दिनों में काशी में उमड़ी को अनियंत्रित करने के लिए हर विभाग के लोगों को मशक्कत करना पड़ा, रेलवे में आरपीएफ व जीआरपी, तो रोडवेज में प्रबंधन ऐसे ही शहर में पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने को मशक्कत करनी पड़ी।

### चलते-चलते

एक कवि की ओर से कुंभ के समय पड़ने वाले आमावास्या तिथि पर नहान को एक मेले के दृश्य से जिस प्रकार शब्दों को वर्णित किया गया था वहीं स्थिति कार्तिक नहान के दो दिनों में काशी में देखने को मिली। इतना ही नहीं बाबा विश्वनाथ के मंदिर में भी वही कान्हे पर बोरी कपारे पर बोरा देखने को मिला। बलिया, गाजीपुर सहित बिहार के कई क्षेत्रों से वो लोग भी आएं जहां गंगा विराजमान हैं। कहने का सिर्फ एक मकसद था गंगा वहीं हैं तो घाट और जाने का क्या मतलब।

# चंबल के बीहड़ों में फिर सिर उठा रहे बागी

मध्यप्रदेश के चंबल के बीहड़ में फिर डकैत गिरोह की धमक सुनाई देने लगी है। चंबल के बीहड़ में बीते कुछ दिनों से दो डकैत गिरोह की दहशत दिखाई दे रही है। हालात यह है कि चंबल के बीहड़ में सक्रिय दो डकैत गुड्डा गुर्जर और केशव गुर्जर की गैंग ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है लेकिन इसके बावजूद पुलिस इन दोनों शातिर डकैतों को पकड़ने में हर बार नाकाम साबित हो रही है। चंबल के बीहड़ में दो शातिर डकैतों की इंट्री ने चंबल से लेकर भोपाल तक खलबली मचा दी है। बीहड़ में दो डकैतों गिरोह का खौफ-चंबल के बीहड़ में दो दशक के बाद इन दिनों दो शातिर डकैत गिरोह का खौफ देखा जा रहा है। राजस्थान में एक लाख का ईनामी डकैत केशव गुर्जर और मध्यप्रदेश के मुरैना का 70 हजार का ईनामी डकैत गुड्डा गुर्जर की गैंग की धमक बीहड़ में सुनाई दे रही है। मुरैना के चांचौल गांव का रहने वाला कुख्यात डकैत गुड्डा गुर्जर का खौफ मुरैना से लेकर शिवपुरी तक इन दिनों फैला हुआ है। गुड्डा गुर्जर के बढ़ते खौफ को इससे समझा जा सकता है कि सरकार गुड्डा गुर्जर पर एक लाख का ईनाम रखने की तैयारी कर ली है।

डकैत गुड्डा गुर्जर पर 3 दर्जन से अधिक मामले- मुरैना जिले के चांचौल गांव में रहने वाला गुड्डा गुर्जर पर 3 दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। डकैत गुड्डा गुर्जर पर मुरैना के पहाड़गढ़, ग्वालियर, शिवपुरी और धौलपुर में मामले दर्ज है। गुड्डा गुर्जर पर हत्या का एक, हत्या के प्रयास के तीन मामले दर्ज है। डकैत गुड्डा गुर्जर उस वक्त पहली बार चर्चा में आया था जब उसने 2017 में मुरैना के बनमोर के पहाड़ी गांव के जखौदा गांव में जितेंद्र सिंह गुर्जर और उसके भाई बंटी गुर्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोहरे हत्याकांड में डकैत गुड्डा गर्जर तो फरार हो गया लेकिन गिरोह के चार अन्य सदस्य पकड़े गए और उन्हें उमक्रैद की सजा हुई। डकैत गुड्डा गुर्जर के गिरोह में 10-12 डकैत है। खास बात यह है कि गिरोह के सभी सदस्य कभी एक साथ नहीं रहते है। गिरोह का सबसे खतरनाक और सक्रिय सदस्य भोला गुर्जर ही गिरोह के सरगना गुड्डा गुर्जर के साथ रहता है। मुरैना से शिवपुरी तक गुड्डा गुर्जर का खौफ- डकैत गुड्डा गुर्जर के खौफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने शिवपुरी जिले के डोंमरी गांव और उसके आसपास के पत्थर खदान के मालिकों के सीने पर बंदूक अड़ाकर 10 लाख रुपए के टैरर टैक्स की वसूली की थी। डकैत गुड्डा गुर्जर इस वक्त ग्वालियर-चंबल में सबसे अधिक ईनामी राशि वाला डकैत है।

वही डकैत गुड्डा गुर्जर ने ग्वालियर के चिनोर में व्यापरियों से 25-25 लाख के टैरर टैक्स की मांग की है। डकैत ने व्यापारियों को डाक के माध्यम से पत्र भेजकर टैरर टैक्स की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। इसके साथ ही डकैग गुड्डा गुर्जर ने मुरैना के चांचौल गांव को खाली करने का फरमान सुनाया है। डकैत ग्रामीणों से भी कर रहे वसूली-मुरैना के जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित मरा गांव के ग्रामीण डकैतों के खौफ से खौफजदा है। गांव के लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले गांव में डकैत गुड्डा की गैंग आई थी और लोगों से मारपीट करने के साथ उनसे पैसों की वसूली की। वहीं गिरोह ने हर परिवार से एक-एक हजार वसूलने के बाद चली गई। इस घटना के बाद पूरा गांव डरा और सहमा है।



### गुर्जर गैंग से सरकार परेशान शिकंजा कसने की तैयारी

ग्रामीणों का कहना है कि वो रात भर अपने बच्चों की सुरक्षा करने के लिए जागते रहते हैं साथ ही उनको डर है कि कहीं यह डकैतों की गैंग उनके परिवारों पर हमला न कर दे। हालांकि पुलिस ने गांव की सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया है लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों डकैतों की गैंग हर बार अलग-अलग गांव को निशाना बनाती है अब यह नहीं पता कि इस गैंग की अगले टारगेट पर कौन सा गांव है।

डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग से सरकार परेशान?- चुनावी साल में चंबल में एक नहीं दो-दो डकैत गिरोह की सक्रियता ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। भाजपा चंबल के बीहड़ से डकैतों के सफाए को पिछले कई चुनाव से चुनावी मुद्दा बनाते हुए इसका सियासी माइलेज लेने से नहीं चूकी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आला अफसरों को चंबल के बीहड़ को डकैत मुक्त करने की दो टूक चेतावनी दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डकैत गुड्डा गुर्जर की वजह से प्रदेश की छवि खराब हो रही है। इसके बाद अब पुलिस ने डकैत गिरोह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डकैत गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए पुलिस बीहड़ों की खाक छान रही है। मुरैना पुलिस ने डकैत गुड्डा गुर्जर के परिवार पर शिकंजा कसते हुए डकैत गुड्डा गुर्जर के बड़े भाई पप्पू गुर्जर, भतीजी प्रीती गुर्जर को गिरोह की मदद के आरोप में पकड़ा है। बहरहाल इस समय चंबल की दोनों सक्रिय डकैतों की गैंग ने मुरैना जिले की पुलिस की नाक में दम कर दिया है। हालात यह है कि मुरैना पुलिस ने कई बार इन डकैतों की गैंग और इनके मुखिया को पकड़ने की कोशिश की लेकिन हर बार यह पुलिस को चकमा दे जाते है। बताया जा रहा है कि पुलिस का मुखबिर तंत्र फेल होने के कारण डकैत गिरोह लगातार चंबल के बीहड़ों में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं अगर पुलिस का खुफिया तंत्र मजबूत और प्लानिंग के तहत काम किया जाए तो शायद चंबल से इन दोनों डकैतों का खात्मा किया जा सकता है।